दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शुक्रवार 28 जून 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 517

## संक्षिप्त खबरें ।

### नाकाम सीएम को देश का बिजली मंत्री बना दिया, मल्लिकार्जुन खरगे का पीएम पर हमला

**लोक तंत्र की आवाज**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को हरियाणा कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की. इस बैठक में खरगे ने हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की. इस दौरान कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी कटाक्ष करते हुए हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के 10 साल के शासन को किसानों और युवाओं के साथ विश्वासघात बताया।

हरियाणा कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक का वीडियो अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर करते हुए खरगे ने लिखा कि 10 साल के भाजपा शासन ने हरियाणा के विकास को रोक दिया है. सैकड़ों भर्ती परीक्षाओं में धांधली हुई है, किसानों पर घोर अत्याचार हुए हैं. उन पर लाठियां बरसाई गई हैं, दलितों, पिछड़ों पर अत्याचार हुए हैं, महिलाओं पर अत्याचार हुए हैं. उन्होंने आगे लिखा कि हरियाणा में अपराध दर में बढ़ोतरी हुई है।

**9 साल के नाकाम उट को देश का बिजली मंत्री बना दिया:** देश की सबसे पुरानी पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के इस 10 साल के कुशासन के कारण हरियाणा विकास के रास्ते से भटक गया है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि हरियाणा में कोई नया इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बना, बिजली के क्षेत्र में एक यूनिट भी बिजली नहीं जोड़ी गई. और अब मोदी जी ने 9 साल के नाकाम मुख्यमंत्री को देश का बिजली मंत्री बना दिया है। इतना ही नहीं कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे लिखा कि अग्निपथ योजना के जरिए हरियाणा के वीर देशभक्त जवानों के भविष्य के साथ छेड़छाड़ की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में ही किसानों की एमएसपी डेढ़ गुना बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन आज तक पूरा नहीं किया गया. उन्होंने कहा कि हरियाणा में 'बेटी बचाओ' योजना भी शुरू की गई, लेकिन हमारे ओलंपिक चैंपियन को अपने सम्मान के लिए सड़कों पर बैठना पड़ा. इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण और क्या हो सकता है। हरियाणा दौरे पर आए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सांसदों और हर कांग्रेस कार्यकर्ता को चुनाव में कड़ी मेहनत करने के लिए बधाई दी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए बजट में बड़े ऐलान के संकेत, कहा-भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनेगा

**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी केंद्रीय बजट एक भविष्यदर्शी दस्तावेज होगा। बजट में सभी सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाए जाने का प्रावधान किया जाएगा। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद के संयुक्त अधिवेशन को अपने पहले संबोधन में नए सांसदों को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जनता के प्रतिनिधि भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के माध्यम के रूप में कार्य करेंगे।

**नई सरकार अपने कार्यकाल का पहला बजट पेश करेगी:** महामहिम राष्ट्रपति ने कहा कि आगामी सत्र में नई सरकार अपने कार्यकाल का पहला बजट पेश करेगी। यह बजट सरकार की दूरगामी पॉलिसी और भविष्य की दूरदर्शिता का प्रभावशाली डॉक्यूमेंट होगा। सरकार की तरफ से इस बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसले देखने को मिलेंगे और कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। राष्ट्रपति ने



कहा कि आज भारत कई क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अगर डिजिटल भुगतान के मामले में भारत दुनिया में अच्छा प्रदर्शन करता है, तो हमें गर्व होना चाहिए।

**भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था:** भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर राष्ट्रपति ने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के दम पर भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन चुका है। 10 वर्षों में भारत 11वें स्थान से उठकर 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। और यह तब संभव हुआ है जब कोविड-19 महामारी और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष जारी है, जिसका असर दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। यह पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय हित में किए गए सुधारों और निर्णयों के कारण संभव हुआ है। आज भारत वैश्विक विकास में 15% का योगदान देता है। मेरी सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है।

### बजट में सरकार से लोगों को ढेरों उम्मीदें

सरकार इस बार केंद्रीय बजट में कुछ कैटेगरी के व्यक्तियों के लिए इनकम टैक्स दरों को कम करने का ऐलान कर सकती है। जानकारों का कहना है कि नए इनकम टैक्स स्लैब का ऐलान हो सकता है। इंडिविजुअल टैक्स में कटौती से अर्थव्यवस्था में खपत को बढ़ावा मिल सकता है और मध्यम वर्ग के लिए बचत बढ़ सकती है। चर्चा यह भी है कि जिन व्यक्तियों की आय सालाना 15 लाख रुपये से अधिक है, को इनकम टैक्स में राहत मिल सकती है। सरकार 10 लाख रुपये सालाना आय के लिए इनकम टैक्स स्लैब को कम करने पर भी विचार कर सकती है।

## अब संसद में सेंगोल पर छिड़ी रार, सपा ने उठाई संविधान रखने की मांग



**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के विशेष सत्र में तमाम मुद्दों के साथ-सथा सेंगोल भी चर्चा में बना हुआ है. आज गुरुवार को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए संसद पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत सेंगोल से किया गया. राष्ट्रपति मुर्मु जैसे ही संसद भवन के द्वार पर पहुंचीं तो उनका स्वागत के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मौजूद थे।

अब संसद में विपक्षी सांसदों के बीच यह सेंगोल भी एक मुद्दा बन गया है. दरअसल, समाजवादी पार्टी ने संसद भवन में सेंगोल को हटाकर उसके स्थान पर संविधान की प्रति स्थापित करने की मांग की है. बीजेपी ने भी सपा पर पलटवार करते हुए उन पर भारतीय संस्कृति का अनादर करने की आरोप लगाया है। समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी ने संसद से सेंगोल को हटाने की मांग करते हुए कहा कि सेंगोल के स्थान पर संविधान की प्रति स्थापित करनी चाहिए क्योंकि, संविधान लोकतंत्र का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि सेंगोल का अर्थ है राजदंड यानी राजा का डंडा. आरके चौधरी ने कहा कि देश संविधान से चलता है राजा के डंडे से नहीं. उन्होंने कहा कि संविधान को बचाने के लिए वे सेंगोल को हटाने की मांग करते हैं। उत्तर प्रदेश के मोहनलालगंज से सपा सांसद आरके चौधरी ने इस बारे में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र भी लिखा, जिसमें उन्होंने मांग की कि 'सेंगोल' को संविधान की प्रति से बदला जाना चाहिए।

मीडिया से बात करते हुए आरके चौधरी ने कहा कि संविधान को अपनाने से देश में लोकतंत्र की शुरुआत हुई और संविधान इसका प्रतीक है. उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के बगल में 'सेंगोल' स्थापित किया था. उन्होंने कहा कि सेंगोल तमिल शब्द है जिसका अर्थ राजदंड होता है. राजदंड का अर्थ राजा की छड़ी भी होता है. आरके चौधरी ने कहा, ₹राजाओं के युग के बाद हम आजाद हो गए हैं. अब, हर पुरुष और महिला जो एक योग्य मतदाता है, इस देश को चलाने के लिए सरकार चुनता है.

## राम मंदिर की छत से टपक रहा पानी', पूजास्थल पर जलजमाव से मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास नाराज

**लोक तंत्र की आवाज**

**अयोध्या।** अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की छत से पहली बारिश में ही पानी टपकने लगा। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने इस पर सख्त नाराजगी जाहिर की है। राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने पुष्टि की कि शनिवार आधी रात को हुई पहली बारिश में गर्भगृह में मंदिर की छत से तेजी से पानी टपक रहा था। सुबह जब पुजारी भगवान की पूजा करने वहां गए तो उन्होंने देखा कि फर्श पर पानी भरा हुआ है, जिसे काफी मशक्कत के बाद मंदिर परिसर से निकाला गया। मंदिर से पानी निकालने की कोई



व्यवस्था नहीं की गई थी।

**मुख्य पुजारी ने उठाया सवाल:** उन्होंने बताया कि मंदिर में रामलला के विग्रह के ठीक सामने पुजारी के बैठने की जगह और वीआईपी दर्शन के लिए आने वाले लोगों के स्थान पर छत से बारिश का पानी तेजी से टपकने लगा। बारिश के पानी को निकालने के लिए मंदिर के पदाधिकारियों को काफी मशक्कत करनी



पड़ी। दास ने संवाददाताओं से कहा, "बहुत आश्चर्य की बात है कि पूरे देश के ऐसे-ऐसे इंजीनियर यहां आकर राम मंदिर बना रहे हैं। पिछली 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो गई लेकिन यह किसी को ज्ञान नहीं रहा कि पानी बरसेगा तो छत टपकेगी।

**मंदिर निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप:** मुख्य पुजारी ने कहा कि जो विश्व प्रसिद्ध मंदिर बन रहा हो उसके अंदर छत टपके, यह आश्चर्य की बात है। ऐसा क्यों हुआ? इतने बड़े इंजीनियरों के रहते ऐसी घटना हो रही है, जो बहुत गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। छत से पानी टपकने की घटना की सूचना शीर्ष अधिकारियों को दिए जाने के बाद मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र मंदिर पहुंचे और छतों की मरम्मत तथा "वाटर प्रूफिंग" के निर्देश दिए। हालांकि, जब मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई तो कोई भी मंदिर की छत से बारिश के पानी के रिसाव पर प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार नहीं हुआ।

## जज साहब, तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू होने से रोकिए.. सुप्रीम कोर्ट में क्यों हुई यह मांग?

**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू किया जाना है. मगर उससे पहले ही इस पर रोक लगाने की मांग उठ गई है. तीन नए आपराधिक कानून लागू होने से तीन दिन पहले मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. सुप्रीम कोर्ट में इसे लेकर एक जनहित याचिका दायर की गई है. जनहित याचिका में तीनों कानूनों के लागू करने पर रोक लगाने की मांग की गई है. याचिका में यह मांग की गई है कि तीनों आपराधिक कानूनों को लागू करने से पहले एक एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया जाए. इस कमेटी से पहले इसका



विस्तृत अध्ययन कराया जाए।

याचिका में तब तक के लिए ही तीनों कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक की मांग की गई है. यहां बताना जरूरी है कि 1 जुलाई से देश में तीनों नए आपराधिक कानून लागू होने हैं. उससे ठीक तीन दिन पहले अंजलि पटेल और छाया मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर यह मांग कर दी है. बता दें कि कांग्रेस भी कुछ ऐसा ही मांग करती आई है. कांग्रेस का कहना है कि तीन नए आपराधिक कानूनों का क्रियान्वयन टाला जाना चाहिए ताकि इन तीनों कानूनों की गृह मामलों से संबंधित संसद की पुनर्गठित स्थायी समिति द्वारा गहन समीक्षा की जा सके। बता दें कि संसद ने पिछले साल शीतकालीन सत्र में इन विधेयकों पर चर्चा की थी और इन्हें पारित किया था. लोकसभा के कुल 37 सदस्यों और राज्यसभा के 40 सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया था. पिछले साल पारित ये नए कानून ब्रिटिश काल के क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे।

### नए क्रिमिनल कानूनों में क्या है?

'जीरो' प्राथमिकी, पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से समन और सभी जघन्य अपराधों के अपराध दृश्यों की अनिवार्य वीडियोग्राफी तीन नए आपराधिक कानूनों की प्रमुख बातें हैं, जो एक जुलाई से लागू होंगे. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसका उद्देश्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और प्रभावी न्याय प्रणाली सुनिश्चित करना है।

## अगर नीतीश कुमार नहीं होते तो भाजपा शून्य पर आउट हो जाती

**लोक तंत्र की आवाज**

**पटना।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद केंद्र में भले ही पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बन गई हो, लेकिन बिहार एनडीए में सबकुछ सामान्य नजर नहीं आ रहा है. काराकाट सीट से चुनाव हारने के बाद रालोमो सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा अब महागठबंधन के करीब बताए जा रहे हैं. वहीं जेडीयू और बीजेपी में भी बयानबाजी जारी है. दोनों दलों के नेता एक-दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ रहे हैं. इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी MLC संजय पासवान ने बड़ा बयान दिया है. संजय पासवान ने इस जीत का पूरा क्रेडिट मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिया है. उन्होंने कहा कि अगर एनडीए के साथ सीएम नीतीश कुमार नहीं होते तो बिहार में बीजेपी शून्य पर आउट हो जाती।

### ● भाजपा नेता के बयान के सियासी मायने

संजय पासवान ने कहा कि हमें कहने में गुरेज है लेकिन यह सच्चाई है कि अगर नीतीश कुमार जी बीजेपी के साथ नहीं होते तो इस बार के लोकसभा चुनाव में बिहार में बीजेपी शून्य पर आउट हो जाती. जेडीयू नेता ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में बिहार में धार्मिक ध्रुवीकरण नहीं हुआ है. संजय पासवान के मुताबिक, इस बार तेजस्वी यादव की ताकत बढ़ी है. उन्होंने कहा कि इस बार निश्चित तौर पर जातियों का जुटान हुआ है और बिहार में एक तरफ तेजस्वी यादव और एक ओर नीतीश कुमार जी की



ताकत बढ़ी है।

लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद केंद्र में भले ही पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बन गई हो, लेकिन बिहार एनडीए में सबकुछ सामान्य नजर नहीं आ रहा है। काराकाट सीट से चुनाव हारने के बाद रालोमो सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा अब महागठबंधन के करीब बताए जा रहे हैं. वहीं जेडीयू और बीजेपी में भी बयानबाजी जारी है. दोनों दलों के नेता एक-दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ रहे हैं. इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी एमएलसी संजय पासवान ने बड़ा बयान दिया है. संजय पासवान ने इस जीत का पूरा क्रेडिट मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिया है. उन्होंने कहा कि अगर एनडीए के साथ सीएम नीतीश कुमार नहीं होते तो बिहार में बीजेपी शून्य पर आउट हो जाती।

संजय पासवान ने कहा कि हमें कहने में गुरेज है लेकिन यह सच्चाई है कि अगर नीतीश कुमार जी बीजेपी के साथ नहीं होते तो इस बार के लोकसभा चुनाव में बिहार में बीजेपी शून्य पर आउट हो जाती. जेडीयू नेता ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में बिहार में धार्मिक ध्रुवीकरण नहीं हुआ है. संजय पासवान के मुताबिक, इस बार तेजस्वी यादव की ताकत बढ़ी है. दरअसल, इस लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी के पास सत्ता की चाभी है। अगर दोनों एनडीए से अलग हो जाएं, तो मोदी सरकार के लिए दिक्कत खड़ी हो जाएगी। नीतीश कुमार की पलटी मारने वाली आदत के कारण उनको साधे रखना बीजेपी की सबसे बड़ी चुनौती है।

## यूक्रेन के साथ जंग में चीन ने पहुंचाई रूस को मदद, अमेरिकी राजदूत बोले 'की है बड़ी गलती'

**लोक तंत्र की आवाज**

**शंघाई।** अमेरिका और रूस के रिश्तों में तनाव बना हुआ है। अमेरिका और उसके सहयोगी यूरोपीय देश यूक्रेन की हर तरह से मदद कर रहे हैं जिसे लेकर रूस चेतावनी भी दे चुका है। इस बीच बीजिंग में अमेरिकी राजदूत निकोलस बर्न्स ने कहा कि यूक्रेन पर हमले में चीन द्वारा रूस को मिसाइल तथा अन्य हथियारों के रूप में तकनीकी मदद देना 'एक बड़ी गलती'' है। चीन के वित्तीय केंद्र शंघाई में दिए गए भाषण में बर्न्स ने यह भी कहा कि रूस का हमला तीसरे साल में प्रवेश कर गया है और यह यूरोप में ''अस्तित्व का संकट'' बन गया है।

**चीन निष्पक्ष नहीं है:** अमेरिकी



राजदूत बर्न्स ने कहा, ''हमारा मानना है कि इस भयानक युद्ध के लिए रूस रक्षा औद्योगिक आधार को सुदृढ़ और मजबूत करने के लिए हजारों की संख्या में चीनी कंपनियों को रूस को इतने सारे घटक, प्रौद्योगिकी घटक, माइक्रोप्रोसेसर (और) नाइट्रोसेल्यूलोज भेजने की अनुमति देना एक बड़ी गलती है।'' उन्होंने कहा कि चीन निष्पक्ष नहीं है, बल्कि इस युद्ध में उसने प्रभावी रूप से रूस का पक्ष लिया है।

**चीन ने नहीं दी प्रतिक्रिया:** निकोलस बर्न्स ने कहा कि यह निर्णय चीन के लंबे समय से संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर बल देने के सिद्धांत का खंडन करता है। चीन रूस को प्रत्यक्ष सैन्य सहायता प्रदान नहीं करने की बात पर जोर देता है, लेकिन पूरे संघर्ष के दौरान उसने मजबूत व्यापारिक संबंध बनाए रखे हैं। साथ ही रूसी नेता व्लादीमिर पुतिन और चीनी नेता शी जिनपिंग के बीच मुलाकात भी होती रहती हैं। बर्न्स की टिप्पणी पर चीन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## चंद्रशेखर रावण से लेकर पप्पू यादव तक, इन निर्दलीय सांसदों की नेटवर्थ है इतनी

**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** अठारहवीं लोकसभा चुनाव के रिजल्ट 4 जून को आ चुका है। अब जीते हुए सांसदों (डिब्रूगढ़ जेल अमृतपाल सिंह और बारामूला से अब्दुल राशिद को छोड़) ने शपथ भी ले ली हैं। इसी के साथ संसद का मानसून सत्र भी शुरू हो चुका है। इस बार की संसद में ऐसे निर्दलीय उम्मीदवारों के नाम है, जो जनता में काफी लोकप्रिय है। इनमें नगीना सीट से जीते चंद्रशेखर रावण से लेकर पूर्णिया सीट से जीते राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव भी यादव



भी शामिल है।

**पप्पू यादव नेट वर्थ है करोड़ों में:** पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने शानदारी चुनावी जीत दर्ज की। उनके पास 1 करोड़ 62 लाख 66 हजार 42 रुपए है। वहीं, उनकी पत्नी के पास 7 करोड़ 78 लाख रुपए की मालकिन है। पप्पू यादव के नाम पर 7 लाख 77 हजार रुपए की इनोवा कार भी है। वहीं उनके पास 204 ग्राम की सोने के गहने हैं।

**चंद्रशेखर आजाद रावण की पत्नी के पास 400 ग्राम सोना:** चंद्रशेखर आजाद रावण उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से निर्दलीय चुनाव जीते हैं। उनके पास 18 हजार रुपए कैश और उनके बैंक खाते में 1 लाख 93 रुपए हैं। वहीं उनकी पत्नी के खाते में 15 हजार कैश और बैंक अकाउंट में 4 लाख 30 हजार रुपए जमा हैं। चंद्रशेखर के पास 50 ग्राम सोना और उनकी पत्नी के पास 400 ग्राम सोने ज्वेलरी है। जम्मू कश्मीर की बारामूला सीट से जीते इंजीनियर राशिद उर्फ शेख अब्दुल राशिद की नेटवर्थ 1 लाख 55 हजार रुपए है। वहीं, इनके बैंक खाते में सिर्फ 1424 रुपए है। अमृतपाल सिंह खडूर साहिब से निर्दलीय चुनाव जीते हैं। वहीं उनके खाते में 1000 रुपए है। अमृतपाल सिंह की पत्नी के पास 18 लाख 37 हजार रुपए की चल संपत्ति है। इसके अलावा 14 लाख रुपए के ज्वेलरी है।

## नीट मामले में सीबीआई के हाथ लगी बड़ी कामयाबी, पटना से दो लोग हुए गिरफ्तार

**लोक तंत्र की आवाज**

**पटना।** नीट मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम ने पटना में गिरफ्तारी की है। दरअसल सीबीआई की टीम ने पटना से 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम मनीष प्रकाश और आशुतोष कुमार है। आशुतोष छात्रों के लिए सेफ हाऊस की व्यवस्था कर रहा था और मनीष प्रकाश वहां अभ्यर्थियों को लर्न प्ले स्कूल ले जाता था। जानकारी के मुताबिक मनीष प्रकाश छात्रों को अपनी गाड़ी में लाने और ले जाने का काम करता था। वहीं आशुतोष




के घर में छात्रों को रुकवाने की व्यवस्था की जाती थी। बता दें कि अबतक नीट परीक्षा मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम ने पहली गिरफ्तारी की है। दोनों को अब सीबीआई ने कोर्ट में पेश कर दिया है।

### नीट यूजी परीक्षा नहीं हुई रद्द

बता दें कि फिलहाल के लिए नीट यूजी परीक्षा को रद्द नहीं किया गया है। बीते दिनों केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में बदलाव की संभावना है। साथ ही नीट यूजी परीक्षा को फिलहाल के लिए रद्द नहीं किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों और छात्रों को आश्वस्त किया कि किसी भई छात्र के साथ गलत नहीं होने दिया जाएगा, किसी भी छात्र के भविष्य के साथ केंद्र सरकार खिलवाड़ नहीं करने वाली है। बता दें कि इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद नीट पीजी परीक्षा को रद्द कर दिया गया था।

### छात्रों का फूटा गुस्सा

दरअसल नीट पीजी परीक्षा को खास कारणों की वजह से रद्द करना पड़ा। बता दें कि यह परीक्षा 23 जून रविवार को होनी थी। लेकिन 22 जून को ही इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया। इस परीक्षा की नई तारीखों का ऐलान करना बाकी है। इस बीच नीट पीजी परीक्षा देने के लिए रायगढ़ पहुंचें छात्रों ने जब इंडिया टीवी से बात की तो उन्होंने सरकार पर सवाल खड़े कर दिए। छात्रों ने कहा कि सरकार की तरफ से बड़ी लापरवाही हुई है। सरकार ने एहतियात के तौर पर अगर परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया है तो यह अच्छी बात है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वारिसलीगंज बाजार में दिखा कहीं बरसात कहीं धूप का नजारा

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** मानसून के आगमन की प्रतीक्षा में किसानों की आंखे पथरा रही है। मौसम पूर्वानुमान रोज फेल हो रहे हैं। इस बीच बुधवार की दोपहर वारिसलीगंज बाजार में वर्षा का दो रंग देखने को मिला।अर्थात बाजार के उत्तरी हिस्से उत्तर बाजार, देवी स्थान आदि में करीब 5 से 8 मिनट तक तेज वर्षा हुआ। उत्तर बाजार,देवी स्थान के निवासी सह युवा नेता चंदन बाबु बताते हैं कि पूरब दिशा से करीब ढाई बजे दिन में वर्षा आई और पशिचम की तरफ भागते चली गई। काफी कम समय में गली में पानी दौड़ने लगी थी। जबकि बाजार के ही थाना चौक, चंदन सिंह चौक सहित दक्षिण दिशा में कमलिया मिल, उत्तर बाजार,गोपालपुर, मकनपुर आदि स्थानों पर भीषण गर्मी बनी रही। वर्षा का एक बूंद भी धरा पर नहीं पड़ी। क्षेत्र के किसान प्रकृति के इस प्रकार की लीला देख अचरज में हैं। की आद्रा नक्षत्र भी चार पांच दिन गुजर चुका है। और इंद्रदे० अभी तक किसानों से नाराज चल रहे हैं। खेती किसानी का कार्य वर्षाभाव के चलते अवरुद्ध है। किसानों के खेतों की फारनी (धान रोपनी पूर्व जुताई) नहीं हो सकी है। जिससे इसबार धान रोपनी के बाद फसल में खर पतबार की अधिकता होगी। क्षेत्र के दर्जनों गांव के किसान आषाढ़ (जुलाई के अंतिम सप्ताह) से धान की रोपनी शुरू करते हैं। लेकिन वर्षाभाव के चलते किसान अभी तक खेतो की तैयारी नहीं कर पाए हैं।

### चेक पोस्ट से 17 शराबी गिरफ्तार

**रजौली (नवादा)।** बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित चितरकोली पंचायत अंतर्गत समेकित जांच चौकी पर उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर उत्पाद एसआई पिंटू कुमार द्वारा वाहन जांच के दौरान विभिन बसों से 17 शराबी को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया है।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार कि रात्रि से लेकर गुरुवार कि अहले सुबह तक उत्पाद विभाग की टीम रजौली चेक-पोस्ट पर झारखंड की ओर से आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघन जांच कर रही थी।इसी बीच विभिन बसों को जांच के लिए रोका गया।जिसमें 17 शराबी को नशे के हालत में पाया गया।उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।जांच के दौरान उत्पाद विभाग के एसआई सनी कुमार के साथ कई अधिकारी मौजूद थे।

### 50 लीटर शराब के साथ दो बाईक जप्त, दो व्यक्ति गिरफ्तार



**मेसकौर (नवादा)।** मेसकौर प्रखंड के सीतामढ़ी थाना अंतर्गत बृहस्पतिवार को 50 लीटर देसी शराब के साथ दो मोटरसाइकिल क़ो जप्त किया गया है तथा दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। सीतामढ़ी थाना अध्यक्ष रश्मि कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी किया गया जिसका पहचान धीरज कुमार पिता स्व. विजय तांती ग्राम बीजू बीघा थाना मेसकौर का निवासी है। वही दूसरा गुड्डू चौधरी पिता अनिल चौधरी ग्राम अकरी थाना नरहट जिला नवादा का निवासी है। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेज दिया गया है तथा मोटरसाइकिल को थाने में सुरक्षित जगह रखा गया है।

# रजौली : विकास बनने लगा विनाश का कारण : कटते पेड़ और कागज पर वृक्षारोपण से नवादा में बढ़ा गर्मी का पारा

**लोक तंत्र की आवाज़**

#### एक जिले के भूभाग का 35 प्रतिशत भाग में पेड़-पौधे होने चाहिए



**रजौली(नवादा)।** इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी का दौर जारी है। विकास के नाम पर हजारों पेड़ काट दिए गए हैंऔर कागजों पर हो रहे वृक्षारोपण से इस वर्ष इतनी भीषण गर्मी का एहसास लोगों को हुआ है इससे पहले इतनी भीषण गर्मी का एहसास कभी नही हुआ है।

जानकार बताते हैं कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिये एक जिले के भूभाग का 35 प्रतिशत भाग में पेड़-पौधे होने चाहिए लेकिन नवादा जिले में पेड़-पौधे को सिर्फ कागजों पर लगाकर अपने कर्तव्य इतिश्री कर लिया गया है।जिले में लगातार हो रहे तापमान में बढ़ोत्तरी से जाहिर है कि विकास अब विनाश का कारण बनता जा रहा है।

**वन विभाग और मनरेगा योजना के तहत प्रतिवर्ष लाखों पौधे लगाने का भी कोई असर नही :** आश्चर्य तो यह है कि प्रत्येक वर्ष वन विभाग और मनरेगा योजना के तहत लाखो पेड़ लगाया जाता है जिसमे लगभग करोड़ो रूपया का खर्च आता है।लेकिन इसका लाभ नजर नही आता है।

**लगाने से ज्यादा काट लिए गए पेड़ ,कार्रवाई शून्य :** वन विभाग अधिकतर पेड़ कागजो पर लगाकर अपने कर्तव्य से इतिश्री कर लेता है, लेकिन पेड़ काटने वालों पर भी कार्यवाई से भागती है।क्योंकि एक पेड़ काटने के बदले 10 पेड़ लगाने का कानून बना है। जबकि रजौली से बख्तियारपुर फोरलेन सड़क बनाने वाली कंपनी के द्वारा सड़क के किनारे लगभग हजारों विशाल पेड़ को काट दिया गया है।और वृक्षारोपण के नाम पर पुराने कटे और सूखे लकड़ियों को जमीन में गाड़ कर खानापूर्ति किया गया है।वही कई लोगों ने बताया कि विकास के नाम पर हरे पेड़ो की कटाई से बढ़ते तापमान के कारण जीना मुश्किल हो जायेगा।जिसका असर मनुष्य,पशु-पक्षी और कृषि पर भी पड़ना तय है।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को किया जब्त

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है,लेकिन पुलिस को देखकर चालक ट्रैक्टर को बीच सड़क पर खड़ी कर फरार हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि दिव्या गश्ती कर रही पुलिस ने वारिसलीगंज- नवादा पथ पर थाना क्षेत्र के बाघीबरडीहा रेलवे फाटक के पास से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना लाया, जहां जब्त ट्रैक्टर के कागजात के आधार पर वाहन मालिक और चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस गाड़ी पर नजर पड़ते ही चालक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को सड़क पर खड़ा कर फरार हो गया।

## नवादा में 28 वर्षीय युवक ने फांसी लगा किया आत्महत्या , जांच में जुटी पुलिस की टीम



**लोक तंत्र की आवाज़**

**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा में एक 28 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है । घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव क़ो कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया .वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है .घटना के बाद परिवारजनों में कोहराम मच गया है। बता दें कि यह घटना नवादा जिले के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के नकसेना गांव में हुई है ,जहां 28 वर्षीय एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक की पहचान 28 वर्षीय उदय चौधरी के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली कि नकसेना गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया है। मृतक के ससुर ने अपने दामाद क़ो उनके मां और भाई पर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं .उन्होंने बताया कि मेरे दामाद उदय चौधरी के साथ दो दिन पूर्व उसके मां और भाई का लड़ाई हुआ था। जिसको लेकर मेरी बेटी क़ो भी भगा दिया। दामाद ने आत्महत्या नहीं बल्कि उसके मां और भाई ने मिलकर हत्या कर दिया है और साक्ष्य छुपाने के लिए फांसी के फंदे से लटका दिया है। फिलहाल आत्महत्या या हत्या के कारणों का सही जानकारी पुलिस क़ो नहीं मिल सका है। पुलिस परिवारजनों से पूछताछ कर रही है .वहीं मृतक के परिवार वालों ने कहा कि उदय ने क्यों आत्महत्या किया समझ नहीं आया.वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

## वारिसलीगंज : मारपीट कर रुपये छीनने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कुटरी ग्रामीण मनोज कुमार का पुत्र शुभम कुमार ने मारपीट करने तथा रुपये छीनने की प्राथमिकी थाने में दर्ज करा न्याय की गुहार लगायी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 23 जून 2024 की शाम लगभग 5.30 बजे गांव स्थित महिए खंधा में जेसीबी मशीन से शुभम मिट्टी काट कर ट्रैक्टर पर लोड करा रहा था। इस दौरान 10 की संख्या में हरवे-हथियार से लैस होकर वहां पहुच मारपीट करने लगे। इस दौरान उक्त सभी लोगों ने ट्रैक्टर पर काम कर रहे मजदूर नालंदा जिला अन्तर्गत कतरीसराय थाना क्षेत्र के शिवगंज गांव निवासी जगदीश यादव का पुत्र रविन्द्र यादव के उपर लोहे के रॉड से प्रहार कर जख्मी कर दिया तथा उसके पॉकेट में रहे दो हजार रुपये निकाल लिये। पीड़ित शुभम ने दर्ज प्राथमिकी में यह भी जिक्र किया है कि उक्त सभी लोगों ने कहा कि अगर तुमको यहां पर खेती करना है, तो पूर्व का मुकदमा को उठाना होगा। उन्होंने कतरीसराय थाना क्षेत्र के लोहराजपुर ग्रामीण सौदी महतो का पुत्र रंजीत महतो,स्व चमारी महतो का पुत्र सुबोध महतो व चंदन कुमार, अरविन्द महतो का पुत्र गौतम कुमार, स्व लक्ष्मी महतो का पुत्र बब्लू महतो तथा गनौरी महतो का पुत्र गोरे महतो सहित 10 लोगों पर मारपीट करने और गले में रहे चांदी का लॉकेट छीनने का आरोप लगाया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी संख्या-227/24 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## सूर्य की किरणों के निकलते ही शरीर का झुलसना हो जाता शुरू

**लोक तंत्र की आवाज़**



**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों गर्मी से आम जनजीवन बेहाल है।धूप की कड़ी तपिश लोगों को परेशान कर रही है।सूर्य की किरणों के निकलते ही शरीर का झुलसना शुरू हो जा रहा है।गुरुवार को भी मौसम काफी गर्म रहा।जिसके चलते जन-जीवन पर असर पड़ने लगा है। दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है।धूप की तपिश के बीच धीरे-धीरे बढ़ रही उमस भरी गर्मी लोगों को पिछले साल की याद ताजा कराने लगी है।गत साल भी जून के महीने में भीषण गर्मी पड़ी थी।लू की वजह से कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।अब एक बार फिर जून के महीने में पड़ रही गर्मी से लोग सिहर जा रहे हैं।गुरुवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।गर्मी से बचने के लिए तमाम प्रकार के जुगाड़ लगाए जा रहे हैं।लोग कूलर,एसी, पंखा का सहारा ले रहे हैं।इस बीच बिजली की आंख मिचौनी भी लोगों की परेशानी को बढ़ा रही है।गुरुवार को कई देर तक बिजली गुल रही। जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।उमस भरी गर्मी के कारण लोग पसीने से तर-बतर हो रहे हैं।इधर भीषण गर्मी में स्वास्थ्य महकमे पहले से ही अलर्ट पर है।लू के मरीजों के लिए अलग से वार्ड बनाए गए हैं।वार्ड में एयर कंडीशन और कूलर की व्यवस्था की गई है। पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट उपलब्ध करा दिए गए हैं।ताकि किसी को परेशानी नहीं उठानी पड़े।

## नगर निगम में गत वर्ष की तुलना में प्रदूषण स्तर में 30% की कमी आई है जो बिहार में प्रथम स्थान

**लोक तंत्र की आवाज़**



**गया।** सचिव, वन , पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम एन केप के तहत वायु गुणवत्ता अनुश्रवण समिति की बैठक दिनांक 25 जून को आहूत की गई है। इस बैठक में नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा के द्वारा बतलाया गया कि गया नगर निगम में गत वर्ष की तुलना में प्रदूषण स्तर में 30% की कमी आई है जो बिहार में प्रथम स्थान है। जबकि पटना नगर निगम में केवल 8% एवं मुजफ्फरपुर नगर निगम में केवल चार प्रतिशत की कमी आई है। प्रदूषण स्तर में कमी आने का मुख्य कारण कचरा संग्रहण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ,निगम के द्वारा सीएनजी वाहनों का उपयोग के साथ-साथ वॉटर स्प्रिंकलर के द्वारा लगातार मुख्य सड़कों पर पानी का छिड़काव है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। निर्माण एवं विध्वंस प्रबंधन प्रसंस्करण संयंत्र लगाने हेतु निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। निर्माण एवं विध्वंस प्रसंस्करण से प्रदूषण स्तर में और भी कमी आने की संभावना है। वन विभाग एवं नगर निगम के द्वारा गया नगर निगम में आगामी मानसून के समय व्यापक वृक्षारोपण का कार्य कराया जाएगा साथ ही साथ खुले में निर्माण एवं विध्वंस सामग्री को रखने पर ₹5000 दंडाधिरोपित किया जाएगा । इसके अतिरिक्त कचरा जलाए जाने की घटना पर भी दंड अधिरोपित किया जाएगा । कचरा जलाए जाने की घटना को रोकने हेतु शीघ्र ही ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण भी कराया जाएगा । बिना ढके निर्माण कार्य करने पर भी ₹5000 दंडाधिरोपित किया जाएगा । नगर आयुक्त के द्वारा बतलाया गया कि गया नगर की सभी सड़कों के किनारे पेवर ब्लॉक एल्ल्ि३ङ्ग एल्ल्ि स्त्रि५ील्ल३ का कार्य कराया जाएगा। इस बैठक में सदस्य सचिव ,बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ,नगर आयुक्त पटना नगर निगम एवं नगर आयुक्त मुजफ्फरपुर नगर निगम भी उपस्थित थे ।

## नवादा विधि कॉलेज को बदनाम करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की गयी

**लोकतंत्र की आवाज़**




**गया।** रमेश कुमार नाम के पत्रकार के द्वारा जो मेरे ऊपर आरोप लगाया गया है वह पूरी तरह बेबुनियाद और मनगढ़ंत है। उनके खिलाफ मैंने नवादा में 21 जून 2024 को ही थाना में आवेदन भी दे चुका हूं। जिसके चलते वे झूठा ऑडियो बनाकर मेरी छवि धूमिल कर रहे हैं। दरअसल वे हमेशा मुझसे पैसा का डिमांड करते हैं और नही देने पर मेरे कॉलेज के खिलाफ न्यूज़ प्रकाशित करने की धमकी देते रहे हैं। कुछ दिनों पूर्व उन्होंने ऐसा किया भी है। मेरे नवादा विधि महाविद्यालय के बारे में उन्होंने एकतरफा न्यूज़ प्रकाशित किया है। कॉलेज में अनियमितता की झूठी कहानी बनाकर और बिना कॉलेज प्रबंधन का वक्तव्य लिए ही उन्होंने खबर प्रकाशित कर दी। ऐसा करना पत्रकारिता के मापदंडों के भी विरुद्ध है। लेकिन उनसे सैद्धांतिक पत्रकारिता की उम्मीद भी नही की जा सकती है। सभी लोग जानते हैं कि पूर्व में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों से भयादोहन करते समय बोधगया में लोगों ने उनकी पिटाई भी की थी। दरसल वे पत्रकारिता के आड़ में भयादोहन और वसूली का काम करते हैं। मैं उनके खिलाफ नवादा पुलिस को लिखित शिकायत की है। मैं वरीय अधिकारियों से मांग करता हूं कि निष्पक्ष जांच कर कथित पत्रकार रमेश कुमार के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जाय।

## वारिसलीगंज : किसान जागरण के पुरोधा स्वामी सहजानंद सरस्वती की कर्मभूमि रही है नवादा के कई गांव : रत्नाकर

**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के देवा गांव में 1889 के महाशिवरात्रि के दिन जन्मे दंडी संन्यासी स्वामी सहजानंद सरस्वती किसान जागरण के पुरोधा थे। 18 वर्ष के आयु में गृह त्याग करने के बाद भगवान की खोज में मठ मंदिर एवं तीर्थस्थलों में भ्रमण करने के बाद भगवान का दर्शन नहीं हुआ। क्योंकि वह किसान भगवान को खोज रहे थे। खेतों में हल चलाते कुदाल चलाते, फसलों की बुआई करते गर्मी, बरसात, ठंडक का सामना करते हुए किसानों का दर्शन हुआ। वे अन्नदाता है विडंबना है कि अन्न का उपज का बड़ा हिस्सा जमींदार हड़प लेते थे, और कठिन परिश्रम करने के बाद भी किसानों को कुछ नहीं मिलता था। शोषण अन्याय के चक्की में पिसते किसान प्रतिकार भी नहीं कर पाते थे और सब कुछ भाग्य और भगवान पर छोड़ देते थे। यह स्थिति बहुत ही दुखद था तो स्वामी सहजानंद सरस्वती ने निश्चय कर लिया कि किसान ही हमारे भगवान हैं। इस भगवान को जगा कर प्रतिकार की क्षमता भरकर जुल्मी-जमींदार और अंग्रेजी राज को समाप्त करने के लिए आंदोलन करेंगे। बिहार में 1929 में स्वामी सहजानंद सरस्वती के नेतृत्व में बिहार प्रदेश किसान सभा का गठन हुआ। सभा गठन की बैठक सोनपुर मेले के समय हुआ। इसमें बिहार के हस्तियों ने भाग लिया। बिहार प्रदेश किसान सभा के गठन के बाद खासकर



1939 के आसपास आते आते किसान सत्याग्रह के लिए किसानों को तैयार किया गया। इस सत्याग्रह में किसानों के साथ स्वामी सहजानंद सरस्वती, कार्यानंद शर्मा, यदुनंदन शर्मा साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन, नागार्जुन, रामवृक्ष बेनीपुरी आदि ने भी हल जोतने का काम किया। नवादा जिले में किसान सत्याग्रह में सबसे बड़ा नाम काशीचक प्रखंड के रेवरा गांव का है। जहां पुरुषों के साथ नारियों ने भी जिस जमीन को जमींदारों ने नीलाम कर दिया था उसमें हल चलाकर अपना अधिकार प्राप्त करने के लिए सत्याग्रह किया। इस सत्याग्रह में आसपास के कई गांवों के लोगों की भागीदारी हुई खासकर पूर्व विधायक स्व राम किशन सिंह, मकनपुर निवासी स्व नुनु सिंह और अपसढ़ के स्व ज्वाला प्रसाद सिंह की भागीदारी भी सत्याग्रह में हुआ। अंत में स्वामी सहजानंद सरस्वती के द्वारा चलाए जा रहे किसान आंदोलन से परेशान जमींदारो ने हार स्वीकार कर किसानों की नीलाम जमीन को मुक्त कर दिया। स्वामी सहजानंद सरस्वती दिल, दिमाग, और हाथ में संतुलन के पैरोकार थे। अर्थात उनके साहित्य में दिल की करुणा, दिमाग की तर्क शीलता और हाथ की कर्म निष्ठा सभी का संतुलन मिलता है। इस संतुलन के मूल की स्थिति है जन्मजात विद्रोही आत्मा जो कहीं स्थिर नहीं रहने दी थी। वे सन्यासी थे मगर रूढ़िवादी नहीं। किसान थे मगर भाग्यवादी नहीं। विद्वान थे मगर मात्र प्रवचन वादी नहीं। लेखक थे मगर उनका लेखन स्वत सुखाय कि नहीं लोक हिताय, बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय उनके मंत्र थे। अंत में 26 जून को उन्होंने राज्य के मुजफ्फरपुर में अपना नश्वर शरीर का त्याग कर ब्रह्मलीन हो गए।

## नवादा में रास्ता रोककर चार लोगों के साथ किया गया मारपीट, सभी जख्मी सदर अस्पताल में भर्ती

**लोक तंत्र की आवाज़**



**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा राह चलते चार लोगों के साथ मारपीट की घटना का अंजाम दिया गया है ,जिसमें सभी लोग जख्मी हो गए है .सभी क़ो इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सकुलाचक गांव में हुई है ,जहां रास्ते में राह चलते छेककर चार लोगों के साथ मारपीट की गई. सभी जख्मी क़ो इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. घायलों की पहचान मोती मांझी, विनेशर मांझी, शिवम कुमार एवं शिवा कुमार के रूप में किया गया है।

बताया जा रहा है कि बीती रात्रि जिले सकुलाचक गांव के लोगों का सवैया गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था . उसी विवाद क़ो लेकर सवैया गांव के कुछ लोगों ने रास्ते में छेककर सकुला चक गांव के 4 लोगों के साथ मारपीट की गई है. फिलहाल घायलों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है. वहीं स्थानीय थाने में किसी पक्ष द्वारा कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है .घटना के बाद दोनों गांव के लोगों में तनाव बना है ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर अज्ञात महिला की उपचार के दौरान मौत सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिली थी



रिपोर्ट आसमीन सलमानी

नगीना राष्ट्रीय राज्य मार्ग 74 पर घायल अवस्था में सड़क पर बेहोशी की हालत में मिली 75 वर्षीया एक अज्ञात वृद्ध महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने महिला के शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन महिला के बारे में कुछ पता नहीं लग सका। बुद्धवार की दोपहर 12 बजे करीब धामपुर मार्ग पर गोयल पब्लिक स्कूल के पास सड़क पर करीब 75 वर्षीया एक वृद्ध महिला घायल अवस्था में बेहोश अवस्था में मिली महिला के सिर में चोट लगी थी। संभवत अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला किसी वाहन के टकराने से घायल हुई होगी महिला के पास एक थैला था। महिला को उपचार के लिए सीएचसी नगीना में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला की शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। महिला के पास से भी कोई ऐसा कागजात व आधार आईडी नहीं मिली, जिससे उसकी शिनाख्त हो पाती पुलिस ने महिला का शव मोर्चरी बिजनौर के लिए भेज दिया ।

### बिजनौर पुलिस क्षेत्र अधिकारी नजीबाबाद ने नांगल थाने का त्रिमासिक निरीक्षण किया



**नजीबाबाद ।** पुलिस क्षेत्र अधिकारी ने सभी दस्तावेज दुरुस्त पाए। बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह थाने का त्रिमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ नजीबाबाद ने अपराध रजिस्टर, ऑडर रजिस्टर, सुरक्षा समिति रजिस्टर, हवालात रजिस्टर, नकबजनी, सक्रिय अपराधी, जांच पर्ची आदि रजिस्टरों का निरीक्षण किया। सीओ ने सभी दस्तावेजों को दुरुस्त पाया और सभी मौजूद हथियारों को देखा और अपने सामने सामने सभी हथियारों की गिनती कराई। जिसके बाद सभी हथियार साफ सुधरे और तेल लगे पाए गए। इसके साथ हीं सीओ ने महिला शौचालयों, मैस,आरक्षियों के आवास, थाने में खड़े लावारिस और मुकदमे से संबंधित वाहनों का निरीक्षण किया, सभी दुरुस्त पाये गये और अच्छी साफ सफाई भी पाई गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के चौकीदारों ने उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें टार्च, छाता और लाल दुपट्टा भी दिया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष अशोक कुमार, दरोगा गौरव कुमार, देवदत्त गौड़, धनपाल सिंह, सोनू सिंह, मोहित सैनी, राजीव कुमार, बहोरन, ऋषि अत्री, प्रवीन देशवाल आदि आरक्षी मौजूद रहे।

### अखिलेश का तंज और डपिंल की मुस्कुराहट देख गदगद हुआ सोशल मीडिया



रत्ना

**लखनऊ ।** अखिलेश यादव ओम बरिला को लोकसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई दे रहे थे। अखिलेश कहते हैं– हमें उम्मीद है किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। उम्मीद है सदन में किसी की आवाज दबाई नहीं जाएगी। हम लोग हर न्याय संगत फैसले के साथ रहेंगे। निष्कासन जैसी कार्रवाई दोबारा न हो। इस दौरान वह कुछ ऐसा बोलते है कि पीछे बैठीं डपिंल यादव मुस्कुरा लोकसभा चुनाव 2024 में अखिलेश के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन कयिा है। अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डपिंल यादव दोनों ने ही चुनाव में जीत दर्ज की है। अखिलेश यादव कन्नौज से सांसद बने हैं, तो वहीं डपिंल यादव मैनपुरी सीट से चुनी गई हैं। दोनों पत–पत्नी एक साथ सदन पहुंचे हैं।

# सभी ब्लैकस्पॉट पर जल्द लग जाए टेबल टॉप व साइन बोर्डः जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि चिन्हित ब्लैकस्पॉट पर सभी वह कार्य हो जाए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आए। सभी ब्लैक स्पॉट पर टेबल टॉप एवं साइन बोर्ड अनिवार्य रूप से लगवा दिया जाए। उन्होंने हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग, मोबाइल चलाते समय वाहन चलाना, गलत साईड में गाड़ी चलाने पर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने की दिशा में कार्यवाही पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने पूर्व में हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की। वर्ष 2022-23 में चिन्हित ब्लैकस्पॉट पर क्या कार्य हुए, इसकी विस्तार से जानकारी ली। कहा कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में साइन बोर्ड, डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर जल्द से जल्द लगवाकर अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक व बीएसए के माध्यम से सभी विद्यालयों में परिवहन यान समिति की बैठक करा लिया जाए। छात्राओं को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। रोड सेफ्टी पॉलिसी 4ई (इंजिनियरिंग, इनक्रोचमेंट, एजुकेशन, इमरजेंसी केयर) के अन्तर्गत इमरजेंसी केयर से सम्बन्धित विन्दुओं पर गंभीरता से सूचना देने का निर्देश सीएमओ को दिया गया। बैठक में एएसपी दुर्गाप्रसाद तिवारी, एआरटीओ अरूण कुमार राय सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

**बिना फिटनेस के नहीं चलना चाहिए कोई वाहनः** जिलाधिकारी ने विशेष जोर देकर कहा कि विद्यालय वाहनों की फिटनेस की जांच कर ली जाए। बिना फिटनेस के कोई भी वाहन नहीं चलना चाहिए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक करा ली जाए। विद्यालय वाहन के चालकों का चरित्र व लाइसेंस की भी जांच करा ली जाए। ये सब कार्यवाही दस दिन के अंदर हो जाए।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये निर्देश



### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सलाहकार समिति एवं बैंकर्स समिति की बैठक

**बलिया।** वित्तीय वर्ष में किये गए कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति एवं बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बैंक एवं शासन की योजनाओ की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में ऋण जमानुपात, जिले में काम कर रहे प्रत्येक बैंक शाखाओं एवं बैंक एटीएम, बैंक मित्रों के कार्य, माटीकला,मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एनआरएलएम, मुद्रा योजना, माइक्रो लोन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि के द्वारा प्राप्त लक्ष्य की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। उन्होंने ने कहा कि जिन बैंकों के सीडी रेशियों 40% से कम है, वे सभी बैंक के अधिकारी कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य को प्राप्त करें। साथ ही विभिन्न बैंकों में लंबित आवेदनों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आम आदमी को लोन प्राप्त करने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उन्होंने लोगों को आसानी से लोन मिल सके इसके लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिया।वितरण में यदि किसी बैंक/शाखा प्रबंधक ।इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज,सीआरओ त्रिभुवन, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी और बैंकर्स मौजूद रहे।

## बिजनौर नकली कीटनाशक का मामला तूल पकड़ा किसान ने दी आत्महत्या की चेतावनी



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट वकार अहमद

**श्याऊ।** नकली कीट नाशक दवाई बेचने का आरोप लगाते हुए किसान ने जांच के लिए पहुंचे अधिकारियों के सामने ही आत्महत्या की चेतावनी दी। जिससे अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम दत्तियाना निवासी किसान सौरभ कुमार त्यागी पुत्र रजनीश त्यागी ने 20 मई को अपने गन्ने के खेत में डालने के लिए कीटनाशक दवाई खरीदी थी। किसान ने वह कीटनाशक दवाई अपने खेत में डाल दी थी। दावा किया गया था कि दवाई डालने के बाद तीन महीने तक गन्ने के खेत में कोई रोग नहीं लगता है। लेकिन दवाई नकली निकली और उसके गन्ने के खेत में कीड़ा लग जाने से लगभग 27 बीघा फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। किसान का कहना था कि यह कीटनाशक दवाई पूरी तरह से नकली थी। इसकी शिकायत किसान ने मुख्यमंत्री के एप पर करने सहित कृषि विभाग के अधिकारियों से भी की थी। किसान सौरभ कुमार त्यागी ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने कीटनाशक दवाई खरीदी थी, तो उसका कोई भी बिल नहीं दिया गया था। उसके द्वारा बार-बार बिल मांगने पर भी उन्होंने बिल नहीं दिया था। किसान ने बताया कि लगभग सात लाख रुपए का नुकसान उसे हुआ है ।जिला कृषि रक्षा अधिकारी मनोज रावत व सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव जितेंद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ जाकर जांच की। कृषि विभाग की टीम पीड़ित किसान के खेत पर पहुंची है। अधिकारियों ने दवाई की क्यूआर कोड से जांच की। किसान सौरभ कुमार त्यागी, योगेंद्र कुमार उर्फ भोले, निखिल त्यागी, नरेश ठाकुर आदि ने अधिकारियों के सामने जमकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि किसान की जो फसल नष्ट हुई है, उसका मुआवजा दिलावाया जाए और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।किसान सौरभ त्यागी ने अधिकारियों के सामने जमकर हंगामा करते हुए हाथ में जहर दिखाते हुए कहा कि अगर उसे मुआवजा नहीं मिला, तो वह उनके सामने ही आत्महत्या कर लेगा। जिससे अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। अधिकारियों ने किसानों को बामुश्किल समझाया।

## जनपद न्यायाधीश द्वारा जेल अस्पताल, पाकशाला व किशोर बैरक सहित समस्त बैरकों का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, हरीश कुमार एवं अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट प्रथम गार्गी शर्मा द्वारा गुरुवार को जिला कारागार बलिया का औचक निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा जेल अस्पताल, पाकशाला व किशोर बैरक सहित समस्त बैरकों का निरीक्षण कर, बंदियों से वार्ता किये। वार्तालाप के दौरान बंदियों की छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु प्रभारी अधीक्षक /जेलर को निर्देशित किया गया। प्रभारी जेलर, जिला कारागार बलिया को यह भी निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों के पास अपने मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नही है, उनसे प्रार्थना पत्र लेकर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया को प्राप्त करवाना सुनिश्चित करें, जिससे उनके मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित किया जा सके। इसके अतिरिक्त जेल में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया तथा सभी बंदियों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। इस दौरान राजेन्द्र सिंह प्रभारी अधीक्षक/जेलर, श्रीमती रीना उपकारापाल, व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## प्रदीप चौधरी सहित आठ अन्य को झालू के सपा नेता रागिब शहजादा के साथ ठगी के मामले में हुई कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

जालू हल्दौर पुलिस ने ठगी के बहुचर्चित मामले में प्रदीप चौधरी सहित आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार झालू के मौहल्ला पीरजादगान निवासी युवा सपा नेता व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन के भाई रागिव हुसैन शहजादा पुत्र इदरीस अहमद ने 12 मार्च 2024 को हल्दौर धाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्तगण राजेन्द्र पुत्र जय सिंह निवासी मौहल्ला काजीपाड़ा, बिजनौर एवं प्रदीप चौधरी पुत्र सोमपाल सिंह निवासी ग्राम फूलसंदा (नहटौर) व एक अन्य अज्ञात ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी की। मोटी रकम कमाने के उद्देश्य से नहटौर स्थित 90 बीघा आम के बाग में से 15 बीघा आम का बाग एक करोड़ दस लाख रुपए की कीमत में बेचना तय किया। साथ ही बयाने के तौर पर पचास हजार रुपए नकद ले लिए। एक करोड़ पच्चीस लाख रुपए नकद 406 आईपीपी में पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में धारा 467,468, 471 व 120 बी की वृद्धि की गई। विवेचना के दौरान सालिम मकसूद निवासी थाना बहादराबाद, जनपद हरिद्वार, हरदीप पुत्र गुरूचरण निवासी बड़ी वाला, थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर, सुशील पुत्र सुखवीर सिंह निवासी ग्राम चोरावाला, थाना ककरौली, जनपद मुजफ्फरनगर, करण पुत्र हरदीप निवासी ग्राम बड़ीवाला थाना पुरकाजी, नीरज कुमार पुत्र रामदास निवासी ग्राम बधीवाला थाना पुरकाजी एवं कपिल रावत पुत्र सलेखचन्द्र निवासी ग्राम चानचक शेरपुर थाना पुरकाजी के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने इस मामले में पूरी जांच पड़ताल करने के बाद अभियुक्त प्रदीप चौधरी, राजेन्द्र, हरदीप, सुशील, सालिग, करण, नीरज व कपिल रावत को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक श्रीपाल सिंह आदि शामिल थे। वह 29 लाख रुपए चैक से लेने के उपरांत ही रागिब हुसैन शहजादा व उसके साथियों को भूमि का बैनामा नहीं किया गया।

## नूरपुर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान के पति कोऑर्डिनेटर रिशु को 50 हजार की रिश्वत के आरोप में रंगेहाथ गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

जिले के एक मिड़े-डे मिल कोर्डिनेटर राशू को 50 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस की टीम ने गिरफ्तार कर बरेली ले गई। उधर ब्लाक प्रमुख ने बताया कि उनके पति को झूठे रिश्वत मालले में फंसाया गया है। शिकायत कर्ता की फर्म ब्लैक लिस्ट हो चुकी। शिकायतकर्ता फर्म को फिर से बहाल करने के लिए दबाव बना रहा था। जबकि फर्म को जिला स्तर से ब्लैक लिस्ट किया गया था। शिकायत कर्ता ने विजिलेंस से भी दूसरे मामले की शिकायत की थी। नूरपुर में जिस समय विजिलेंस की टीम खंड विकास कार्यालय के नजदीक इधर उधर घूम रही थी तो काफी चर्चा का विषय बना हुआ था। कुछ ही समय बाद ब्लॉक प्रमुख के कार्यालय की तरफ बढ़े। देखते ही देखते विजिलेंस की टीम रासु को अपने साथ लेकर गाड़ी में बैठाने लगे। जहां पता चला कि 50 हजार की रिश्वत लेते हुए डीसी को पकड़ा गया है। ये मामला नूरपुर में आग की तरह फैल गया। उपरोक्त मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर गंगवार ने बताया कि विजिलेंस टीम ने इसकी पुष्टि की है। उधर भाजपा कार्यकर्ताओं में भी हड़कंप मचा हुआ है। उधर बताया जा रहा है कि डीसी राजनीति का शिकार हो गए। डीसी के करीबियों ने आरोप लगाया कि कुछ नेताओं ने उन्हे झूठे रिश्वत कांड में फंसा दिया है। उधर ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने बताया कि शिकायत कर्ता की फर्म ब्लैक लिस्ट हो चुकी है। ये सीडीसी स्तर से कार्रवाई की गई थी। उनके पति को झूठे रिश्वत मामले में फंसाया गया है। जबकि उनके पति राशु ने रिश्वत तक नहीं ली। 50 हजार रुपये मेज पर रखे थे। शिकायतकर्ता ने विजिलेंस से भी किसी इंटरलाकिंग मालमे में रिश्वत देने की शिकायत की थी।



- शिकायत कर्ता की ब्लैक लिस्ट हो गई थी फर्म नोट देने के एवज में ली रिश्वत

## जिलाधिकारी ने ग्रामीण पेयजल आपूर्ति के लिए बनाए जा रहे इनटेक वेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए माल्देपुर में बन रहे इंटेक वेल और कटरिया में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों के पूरा होने की समयावधि सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी ली। कार्यदाई संस्था एल&टी द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कटारिया के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में आम का पौध लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।जिलाधिकारी ने इंटेक वेल निरीक्षण के दौरान नदी की कटान एवं बाढ़ से प्रभावित होने के बारे में पूछा तो सहायक अभियंता ने बताया कि इसकी क्षमता 186 मिलियन लीटर प्रतिदिन की है। इस इंटेक वेल को हाई फ्लड लेवल से 3.50 मीटर ऊपर डिजाइन किया गया है, जिससे यह बाढ़ से प्रभावित नहीं होगा। जिलाधिकारी ने गंगा नदी की कटान की स्थिति को देखते हुए समुचित और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए ताकि आमजन मानस को कोई क्षति न हो। इसी प्रकार उन्होंने कटारिया में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए मानक एवं गुणवत्ता के साथ तय समय में कार्य पूर्ण कराएं। दोनों परियोजनाओं के निर्माण कार्यों के पूर्ण होने की समय सीमा जनवरी 2025 तक है। इस निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी राजेश गुप्ता, जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता मुकीम अहमद सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# बिजनौर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे करने वालों के विरुद्ध करें कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

**बिजनौर ।** जिलाधिकारी अंकित कुमार आवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी को अपने-अपने तहसील में भू माफियाओं को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने बाले भू माफियाओं की प्रवृत्ति पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे भू माफियाओं को चिन्हित करें जो सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किए हुए हैं, उन पर तत्काल उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी को यह भी निर्देश दिये कि भूमि के बड़े कब्जों को चिन्हित कर कार्यवाही करें साथ ही उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देश दिये कि भूमि पर अवैध खनन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित खनन टास्क फोर्स की बैठक में जिले में अवैध खनन एवं परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के संबंध में सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अंतरजनपदीय स्तर पर अवैध रूप से खनन कर परिवहन करने वाले वाहनों पर समुचित रूप से नियंत्रण स्थापित करने के लिए गुजरने वाले संभावित मार्गों पर चैकिंग करें। उन्होंने निर्देश दिये कि चैकिंग के दौरान अवैध खनन परिवान पाए जाने पर वाहनों का चालान कर उनके विरुद्ध उचित कार्यवाही भी अमान में लाएं। उन्हेंनि गलत नम्बर प्लेट लगाकर अवैध खनन करने वाले वाहनों पर भी उचित कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वि/ अरविंद कुमार सिंह सहित सभी उपजिलाधिकारी, अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। अवैध अतिक्रमण व अवैध कब्जों के संबंध में ब्लॉक स्तर व तहसील दिवस के अवसर पर संबंधित अधिकारियों को बुलाकर बैठक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कमजोर और मजलूम के साथ- साथ सरकारी भू-संपत्ति की रक्षा करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने निर्देश दिये कि जांच कर नदियों के किनारे अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा को तत्काल कब्जामुक्त कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह, सभी उपजिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



## "हेलेन केलर दिवस" के अवसर पर जारूकता कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** सर्व सेवा संस्थान, नवरतनपुर द्वारा ''हेलेन केलर दिवस'' के अवसर पर जारूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ममता प्रजापति द्वारा बताया गया कि हेलेन केलर बधिरांध होने के बावजूद समुचे विश्व के दिव्यांगजनों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत के रूप में उभर कर सामने आयीं। हेलेन केलर का जीवन चुनौतियों भरा रहा मगर उन चुनौतियों को उन्होंने स्वीकार किया और पूरे विश्व में प्रथम स्नातक महिला के रूप में अपना नाम दर्ज कराया। इसके अलावा हेलन केलर एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्त्ता, लेखक सक्रिय राजनीतिज्ञ एवं लेक्चरर रही है। इस जारूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों एवं लोगों को हेलेन केलर के जीवन के बारे में अवगत कराना जिससे दिव्यांगजन प्रेरित हो सके साथ ही हमारे समाज में दिव्यांगजनों के प्रति एक साकारात्मक विचार धारा विकसित हो सकें और समाज के मुख्यधारा में लाया जा सके। इस अवसर पर कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जय राम प्रजापति ने बताया कि हेलन केलर उन महान महिलाओं में से थी जिन्होंने अपने कार्यों और सिद्धांत के बल पर दुनिया में एक अनूठी मिसाल कायम करी। हेलन केलर के जीवन में आने वाली मुश्किलों ने उनके हिम्मत और मेहनत के आगे घुटने टेक दिए। जिस प्रकार की परिस्थितियों के बारे में हम सोचकर कर परेशान हो जाते हैं उन परिस्थितियों में हेलन केलर ने अपना जीवन जिया और हिम्मत की एक मिसाल खड़ी की।



## संक्षिप्त खबरें ।

### बेगमगंज : चांदशहर सड़क से दिन दहाड़े अज्ञात चोरों ने बेखौफ होकर बाइक चोरी की वारदात को दिया अंजाम




उधवा राधानगर थाना क्षेत्र में कुछ महीने अपराधिक घटनाओं में ब्रेक लगने के बाद चोरों का मनोबल फिर एक बार बढ़ता दिख रहा है। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के बेगमगंज– चांदशहर सड़क से सुबह दिन दहाड़े अज्ञात चोर ने बेखौफ होकर बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए हैं। थाना क्षेत्र के उत्तर बेगमगंज निवासी राजू सरकार ने बताया कि सुबह लगभग 11 बजे अपने हीरो कंपनी के मोटरसाइकिल एचडी डीलक्स गाड़ी संख्या खल्त18 ' 9873 सड़क किनारे खड़ी कर अपना पटसन का खेत देखने गया था। जैसे खेद देखकर गाड़ी के पास पहुंचा तो वहा बाइक नही है। इस वारदात से क्षेत्र के लोग फिर एक बार भयभीत दिख रहे हैं। घटनाओं पर गौर करें तो विगत कुछ महीनों से अपराध पर पूर्ण से ब्रेक लगा हुआ था। लेकिन फिर अपराधिक घटनाएं शुरू हो गई है।

### डीटीओ ने जाँच अभियान में 30 हजार का वसूला जुर्माना, 5 वाहन जब्त।



मामलोत सेख

बरहड़वा रांगाः–गुरुवार को साहिबगज जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णुदेव कश्यप ने रांगा थाना के समीप औचक वाहन जाँच अभियान चलाया, जिस दौरान उन्होंने दो पहिया, चार पहिया व अन्य वाहन चालकों से वाहन चलाने में लापरवाही सीट बेल्ट हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर गहन जांच अभियान चलाया इस दौरान दस्तावेजों के अभाव व लापरवाही को लेकर विभिन्न वाहन चालकों से लगभग ?30000 रुपये जुर्माना वसूल किया एवं पांच वाहनों को जप्त कर रांगा थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।मौके पर साहिबगंज डीटीओ कर्मी व रांगा थाना

### दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के तीन डिफाल्टर गिरफ्तार, 313 पर वारंट।

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक कि पीरपैंती शाखा द्वारा पीरपैंती थाना के सहयोग से डिफाल्टर ऋणियों पर गिरफ्तारी एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जानबूझकर ऋण चुकता नहीं करने वालों पर सभी वारंटी ऋणियों पर सभी संभव कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में वृहस्पतिवार को पुलिस बल के साथ मिलकर रामनगर, गोविंदपुर, पीरपैंती, मंजरोही, शेरमारी बाजार आदि गांवों में सघन छापेमारी अभियान शुरू किया। डीओसीसी इंचार्ज श्री कुणाल कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस छापेमारी अभियान में पीरपैंती शाखा प्रबंधक अमर उजाला, किशलय कुमार, सियाराम राय व अन्य शामिल थे। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंकों द्वारा दायर किए गए नीलाम पत्रों का संज्ञान लेते हुए, नीलाम पत्र कार्यालय द्वारा डिफाल्टर ऋणियों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट एवं कुर्की जब्ती जारी कर दिया गया है। जिनपर पुलिस द्वारा सघन छापेमारी जारी है। शाखा प्रबंधक ने बताया की आगामी 13 जुलाई को लोक अदालत के मद्देनजर वारंटियो की गिरफ्तारी का अभियान तेज कर दिया गया है। उन्होंने बताया की इससे बचने के लिए, बकायेदार 12 जुलाई या इससे पहले खुद शाखा आकर समझौता कर विशेष छूट का लाभ उठा सकते हैं। उनके अनुसार भविष्य में होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए लोक अदालत या इससे पूर्व समझौता करना आवश्यक है। इसके बाद बकायेदारों पर कानूनी कार्रवाई तेज कर दी जाएगी। उनके द्वारा बताया गया की ग्रामीण बैंक पीरपैंती द्वारा पूर्व में 630 वाद दायर किए गए हैं जिनमे से 313 वादों में गिरफ्तार वारंट एवं कुर्की जब्ती निर्गत हो चुका है।

# मुंगेर : ऋण लेकर रोजगार करके आर्थिक रूप से सबल बने : डीएमदर्जनों बेरोजगारों को रोजगार के लिए करोड़ो रूपये का किया ऋण वितरित

**कुल 44 लाभुकों के बीच 2 करोड़ 9 लाख रुपए की राशि का चेक वितरित किया गया**




**लोकतंत्र की आवाज**

**मुंगेर।** जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं संयुक्त सचिव उद्योग विभाग, बिहार, पटना की उपस्थिति में संग्राहालय सभागार, मुंगेर में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभुकों के ऋणों की स्वीकृति–वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के कुल 44 लाभुकों के बीच 2 करोड़ 9 लाख रुपए की राशि का चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।इस अवसर पर जहां पीएमईजीपी क/कक योजना के अंतर्गत 24 लाभुकों को कुल 119.32 लाख रू० का ऋण स्वीकृति एवं 05 लाभुकों को कुल 30.74 लाख रू० का ऋण वितरण किया गया, वहीं पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत 11 लाभुकों को कुल 68.19 लाख रू० का ऋण स्वीकृति तथा एमएमयूवाई योजना के अंतर्गत तृतीय किश्त के रूप में 05 लाभुकों को कुल 10 लाख रूपए के ऋणों की स्वीकृति एवं वितरण किया गया।प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत कुल दों लाभुकों को 02 लाख रूपये ऋण स्वीकृत किया गया है। चारो योजनाओं में कुल 37 लाभुकों को 189.51 लाख रूपए के ऋणों की स्वीकृति एवं कुल 10 लाभुकों को 40.74 लाख रुपए का वितरण विशेष कैम्प / शिविर में किया गया। ऋण प्राप्त करने वाले लाभुकों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित इन योजनाओं के माध्यम से आप लोगों को जो ऋण उपलब्ध कराया गया है उसका शत प्रतिशत लाभ उठाएं और जिस भी उद्योग की शुरुआत करने जा रहे हैं उसमें आगे बढ़ते हुए स्वयं आर्थिक रूप से सबल बनते हुए अपने आस पास के लोगों को भी इसकी जानकारी दें ताकि वे भी इन योजनाओं का लाभ उठा सबल बन सकें। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कुछ योजनाओं की तीसरी किश्त भी आज कुछ लाभुकों को उपलब्ध कराया गया है, जो यह स्पष्ट करता है कि लाभुक इस योजना से लाभान्वित हो अपने रोजगार को अधिक बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने आम जन से अपील करते हुए कहा के वे भी यदि किसी तरह के रोजगार की योजना बना रहे हैं तो उद्योग विभाग की साइट पर जाकर सारी जानकारी प्राप्त कर ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं। जांच की प्रक्रिया पूर्ण होते ही उन्हें उनके रोजगार के लिए सरकार द्वारा ऋण उपलब्ध करा दिया जाएगा, जिससे वे अपना स्वयं का रोजगार कर खुद आर्थिक रूप से सबल बना सकते हैं। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, मुंगेर सहित सभी बैंको के प्रतिनिधियों, उद्योग विभाग के पदाधिकारियों एवं योजना के अंतर्गत लाभान्वित युवक–युवतियों ने भाग लिया।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आकांक्षी कार्यक्रम की समीक्षा की गई




**लोकतंत्र की आवाज**

**मामलोत सेख**

**साहिबगंज।** ठकउ कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उएड नीति आयोग की अध्यक्षता में अगले तीन महीने में targYetdesaturation के तहत आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम तथा आकांक्षी जिला कार्यक्रम में कुल 6–6 इंडिकेटर्स को saturate करने का लक्ष्य तय किया गया है । आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत स्वास्थ विभाग द्वारा प्रखण्ड अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं का अठउ regYistration प्रथम तिमाही में रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करना है। तथा सभी 30 वर्ष से बड़े प्रखण्ड निवासियों का मधुमेह तथा रक्तचाप जांच सुनिश्चित करना है ।इसके अतिरिक्त सभी गर्भवती महिलाओं को आंगनवाड़ी से ससमय पोषाहार वितरण सुनिश्चित करना है । कृषि विभाग द्वारा लक्ष्य के अनुरूप सत प्रतिशत किसानों का 'बनवा कर वितरण करना है। खरछढर द्वारा सभी योग्य महिला समूहों को शत प्रतिशत फा उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया गया।इस हेतु एक संपूर्णता अभियान की लॉन्चिंग प्रखंड तथा जिला स्तर पर अगले महीने से को जाएगी । इस संबंध में उपायुक्त हेमंत सती द्वारा सभी संबंधित विभागों को आवश्यक करवाई करने तथा सभी क्षेत्रीय कर्मियों को मिशन मोड में काम करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव तथा नीति आयोग के प्रखण्ड फेलो मनीष कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

## युवा नेता कुणाल किशोर ने पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात की



**लोकतंत्र की आवाज**

**जगदीशपुर/भोजपुर, जगदीशपुर।** के युवा राजद नेता सह स्थानीय विधायक राम विशुन सिंह लोहिया के पुत्र किशोर कुणाल उर्फ राजू यादव ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। किशोर कुणाल ने बताया कि पार्टी के एक कार्यकर्ता होने के नाते गरीबों की मसीहा लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी से उनके पटना स्थित आवास पर मुलाकात कर आशीर्वाद मिलना मेरे लिए सुखद पल है। आगे किशोर कुणाल ने कहा कि बिहार का बागडोर 2025 के विधानसभा चुनाव में युवाओं के हाथ में होगा और बिहार के युवाओं के आवाज हमारे नेता तेजस्वी प्रसाद यादव मुख्यमंत्री बनकर बिहार को आगे ले जाने के काम करेंगे। जिस तरह से 17 माह के अल्प कार्यकाल में उन्होंने डिप्टी सीएम रहकर जो काम किया वह ऐतिहासिक कार्य हुआ। रोजगार और नौकरी के लिए भटक रहे लाखों युवाओं को नौकरी मिला। आज तेजस्वी प्रसाद का काम का ही देन है कि सत्ता पक्ष रोजगार का बात कर रहा है। आगे श्री कुणाल ने कहा कि बिना भेदभाव के पिछले 9 वर्षों में जगदीशपुर विधानसभा में जो काम हुआ है। वह ऐतिहासिक कार्य हुआ है। पंचायत में सामुदायिक भवन का निर्माण हो सड़क का निर्माण हो हर क्षेत्र में काम हुआ है। आगे भी जनता की समस्याओं का निष्पादन और विकास का कार्य जारी रहेगा।

## बस और कार के टक्कर में आधा दर्जन यात्री हुए घायल, एक आरा रेफर आरा मोहनियां नेशनल हाइवे 319 पर एचपी पेट्रोल पंप के समीप हुई घटना



**लोकतंत्र की आवाज**

**जगदीशपुर/भोजपुर ।** आरा–मोहनियां नेशनल हाइवे– 319 पर धनगाई थाना क्षेत्र के एचपी पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार सुबह एक यात्री बस और हुंडई क्रेटा कार आपस में टकरा गई। बताया जाता है कि बस के चालक ने सड़क क्रॉस करने के लिए बगैर इंडिकेटर दिए अचानक ही बस मोड़ दिया। जिससे पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार बस से टकरा गई। जिसके बाद बस चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर ही पलट गई। बस पलटने से बगल से गुजर रहा साइकिल सवार बीए का छात्र 20 वर्षीय राहुल कुमार बस के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में कार का अगला हिस्सा और बस का अगला व पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में चालक सहित बस में सवार लगभग आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही जगदीशपुर व धनगाई थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल भिजवाया। जानकारी के मुताबिक घायलों में राहुल कुमार पिता मुन्ना प्रसाद तुरहा जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव के वार्ड संख्या 11 निवासी सहित अजीत सिंह उम्र 55 वर्ष पिता स्व. श्रीराम सिंह व राजेन्द्र सिंह उम्र 60 वर्ष पिता स्व. सूर्यनाथ सिंह दोनों जगदीशपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बहुआरा निवासी शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल 20 वर्षीय बीए के छात्र राहुल कुमार को डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जिसके बाद स्थिति गंभीर देख परिजन उसका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित डॉ. विकास सिंह के क्लीनिक में उसका इलाज करवा रहे हैं। वहीं अन्य घायलों का परिजनों ने अलग अलग जगहों पर इलाज कराया। घटना के बाद धनगाई थाने की पुलिस बस को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त कार जगदीशपुर थाने की निगरानी में रखी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो आरा से मलियाबाग चलने वाली मनीष छोटू यात्री बस का चालक नया टोला सर्विस रोड से न जाकर ओवरब्रिज के ऊपर से ही उतर रहा था। उसके बाद चालक एचपी पेट्रोल पंप के समीप स्थित डिवाइडर से सर्विस रोड की ओर जाने के लिए क्रॉस करने के लिए अचानक ही बस को मोड़ दिया। तब बस के अचानक मुड़ने से आरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कार बस में पीछे से टकरा गई। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर ही पलट गई। बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। वहीं कार में सवार तीन की संख्या में रहे लोग कार का एयरबैग खुलने से बाल बाल बच गए। पुलिस की मानें तो कार में सवार पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारी सवार थे जो ऑफिसियल कार्य के लिए पटना से बनारस जा रहे थे।घटना के बाद एनएचएआई के सहयोग से पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को क्रेन के मदद से सड़क से उठवाया। वहीं घटना में बस का चालक फरार बताया जाता है।उधर घायल यात्रियों के लोकल रहने के कारण सैकड़ों महिला पुरुष की भीड़ अस्पताल में जुट गई। जिससे लगभग एक घंटे तक पूरे अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे करवा आवागमन बहाल कराया।

## 20 सूत्री कार्यालय बरहरवा में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर 20 सूत्री अध्यक्ष ने बारी बरी से लोगों की समस्या सुनी और लोगों का समस्याओं का समाधान की बात कही है

**लोकतंत्र की आवाज**



**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** प्रखंड कार्यालय स्थित 20सूत्री कार्यालय में 20सूत्री अध्यक्ष के पास समस्या लेकर पहुंचे ग्रामीण एवं नगरवासीगण।सबसे पहले आगलोई के एजहार आलम द्वारा नए आवास के लिए नये आवेदन दिया गया साथ ही इस्लामपुर के एक व्यक्ति द्वारा जमीनी ऑनलाइन की प्रक्रिया धीमी होने की शिकायत अशोक कुमार दास को की ।इस पर 20सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने संबंधित पदाधिकारी से वार्तालाप कर जल्द निबटारा करने को कहा। साथ ही कल्याण विभाग के पदाधिकारी कैलाश वर्मा से शैं द्वारा गाड़ी लोन एवं मद उन्नति का पहिया साइकिल वितरण 23/24 की विस्तृत रूप से जानकारी ली। जिसमें सरकारी स्कूल के कक्षा 08 के सभी बच्चियों को साइकिल मिलने की बात कही। वही दूसरी ओर नगरवासियों ने अध्यक्ष महोदय को शिकायत करते हुए कहा कि बरहरवा नगर के साथ बिजली के मामले में सौतेला व्यवहार किया जा रहा है कभी भी बिजली सही से नही मिलता बिजली नही रहने पर अगर पावर हाउस फोन किया जाता है तो मनमाने तरीके का जवाब मिलता है।20सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने बारी बारी से सभी संबंधित पदाधिकारीयों से फोन के माध्यम से वार्तालाप कर सभी समस्याओं की सुध ली।वही बिजली समस्या पर संबंधित पदाधिकारी ने अपनी सफाई में कहा कि हमलोगों को ऊपर से ही बिजली कम मिल रहा है जितना बिजली हमलोगों को मिलता है उसी को मैनेज कर चलाना पड़ता है। मौके पर साहेबगंज जिला को–कॉर्डिनेटर निताय सरकार, जिला महासचिव मिठुन मंडल, प्रखंड अध्यक्ष सह 20सूत्री सदस्य रंजीत टुड्डू, प्रखंड उपाध्यक्ष सह सोसल मीडिया प्रभारी अनंत लाल भगत, बीस सूत्री सदस्य तपेश्वर साह, दौरान चौधरी, प्रखण्ड सचिव लाडला, गुलजार, सनौवर आलम, मो सरफराज, मो इमरान खान, राजकुमार, चंदन घोष, समीर शेख, दिनमोहम्मद, रैसुल इस्लाम, मो आफताब, विनोद यादव सहित दर्जनों कार्यकर्तागण एवं ग्रामीणगण उपस्थित थे।

## साहिबगंज समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज**




**मामलोत सेख**

**साहिबगंज ।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े जिला में संचालित सम्पूर्ण कार्यों की गहन समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, आधारभूत संरचना, टीकाकरण, मानव संसाधन, टीबी अस्पताल निर्माण, अस्पताल में साफ सफाई, वित्तीय वर्ष में प्राप्त आवंटन के विरुद्ध खर्च, डीएमएफटी एवं विशेष केंद्रीय सहायता मद का सदुपयोग कर मेडिकल इक्विमेंट खरीदारी समेत अन्य की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सदर अस्पताल के कायाकल्प के बिन्दुओं पर चर्चा की। उन्होंने अस्पताल प्रबंधक से पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी लिया। पूर्व में दिए निर्देशों में मुख्यतः सदर अस्पताल के चारो ओर सौंदर्यीकरण, ऑपरेशन थियेटर एवं वार्ड में तय मानकों के आधार पर अच्छे लाइट, साइनेज बोर्ड, पार्किंग, नर्सिंग स्टेशन, पेयजल, ड्रेस कोड, बेडशीट चादर, ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम समेत अन्य की जानकारी लिया। उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिए और ससमय कार्यों पूर्ण करने को कहा । सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को अपने प्रखण्ड के अधीन एचएससी वार एचएमआईएस डाटा का मूल्यांकन कर गेप एनेलाइसेस कर योजनाओं का निर्माण कर लक्ष्य की प्राप्ति करने का निर्देश दिया गया।

लंबे समय से अनुपस्थित चिकित्सकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निदेश दिया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल में मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करें। जिला अभियंता को निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य पूर्ण हुए एचएससीको अविलम्ब स्वास्थ्य विभाग को हस्तगत कराये। उपायुक्त ने वेक्टर बोर्न डिजीज के तहत कितने स्थानों पर डेंगू के सैंपल कलेक्शन हुआ है समेत अन्य की जानकारी ली गई। कितने डेंगू/मलेरिया के मरीज की भी जानकारी ली । संबंधित चिकित्सक को उपायुक्त ने टेस्टिंग किट के माध्यम से सदर अस्पताल साहेबगंज में तेज बुखार वाले मरीज की मलेरिया, डेंगू जांच के निर्देश दिए ।

बैठक में पोषण ट्रैकर में हो रही एंट्री की भी जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से ली गई। उपायुक्त ने कुल गर्भवती महिलाओं की पोषण ट्रैकर एप्प पर एंट्री करने का निर्देश दिया। जिससे उन्हें पोषण संबंधित योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। साथ ही उपायुक्त के द्वारा बैठक में मुख्य रूप से सिलक सेल एनीमिया की शत– प्रतिशत जाँच, डेंगू कालाजार मलेरिया बीमारी से बचाव हेतु जन –जागरूकता, ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड बनाने, व्यस्क इउँ सर्वे, ठदअर सर्टिफिकेशन, विश्व जनसंख्या दिवस आदि विभिन्न कार्यक्रमो की चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए !बैठक में मुख्य रूप से सिविल डॉ अरविंद कुमार, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आलोक चंद्र श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रंजन कुमार, डब्ल्यूएचओ, सीडीपीओ, डीपीएम, डॉड्ड सत्ती बाबू डाबडा आदि सभी विभाग के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण और स्वास्थ्य कर्मीगण उपस्थित थे।

## मुंगेर में नवादा के ट्रक चालक को मारी गोली बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में दिया वारदात को अंजाम

**लोकतंत्र की आवाज**



**मुंगेर।** बाइक सवार बदमाशों ने लूट की नीयत से ट्रक चालक को गोली मार दी। गोली चालक के सीने में लगी है। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चालक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल चालक बिजेंद्र यादव नवादा जिले के रजौली का रहने वाला है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस पहुंची। पुलिस जख्मी चालक से पूछताछ की।

क्या है पूरा मामला दरअसल, ट्रक चालक गैस सिलेंडर लेकर आरा से मुंगेर स्थित भागवत गैस एजेंसी पहुंचा था। सिलेंडर डिलीवरी करने के बाद खाली सिलेंडर लदे ट्रक को लेकर चालक आरा जा रहा था। इस बीच बुधवार की देर शाम लगभग आठ बजे बाइक सवार बदमाशों ने पहले ट्रक को रुकवाया और चालक पर गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने पहले चालक को इलाज के लिए सदस्य अस्पताल लाया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी राजीव कुमार तिवारी भी पहुंचे।

कहते हैं थानाध्यक्ष ध्रुव कुमार न कासिम बाजार थाना प्रभारी ध्रुव कुमार ने बताया कि चालक को गोली लगी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस बदमाशों की भी खोजबीन में जुट गई है। हर एंगल से मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया की गोली चालक के शरीर में फंसी हुई है। बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल से चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस को जख्मी हालत में चालक ने बताया कि एक बाइक पर तीन बदमाश सवार थे। तीनों ने ट्रक को रुकवाया और गोली चला दी।

## संजू के पति और सास से ली गयी सहमति, मुँगेर सदर अस्पताल की अच्छी पहल

**लोकतंत्र की आवाज**



**मुंगेर ।** दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष के अंतराल के लिए मैंने लगवाया है प्रसव पश्चात कॉपर टी। यह बात सदर अस्पताल, मुंगेर में सुरक्षित संस्थागत प्रसव के बाद परिवार नियोजन के अस्थाई साधन के रूप में कॉपर टी लगवाने वाली शुतुरखाना के रहने वाले सोनू कुमार की 23 वर्षीय पत्नी संजू कुमारी ने बताई। उन्होंने बताया कि मेरे पति सोनू कुमार टोटो ड्राइवर का काम कर घर चलाते हैं। मेरी पहले से ही दो साल की एक बेटी है। बुधवार की सुबह लगभग साढ़े तीन बजे मैंने पुनः एक और लड़की को जन्म दिया है। पहली बेटी के जन्म के समय ही यहां कि आशा गंगोत्री देवी ने बच्चों में अंतर रखने के लिए परिवार नियोजन का अस्थाई साधन अपनाने कि सलाह दी थी लेकिन इस पर ध्यान नहीं दे पाने के कारण मैं पुनः दो साल में मां बन गई हूं। बुधवार को दूसरी बेटी के जन्म के बाद सदर अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर और नर्स सहित अन्य अधिकारियों ने प्रसव पश्चात कॉपर टी लगवाने कि सलाह दी। उनलोगों ने बताया कि आप जब कभी भी कॉपर टी को निकलवा सकती हैं। इससे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होता है। कॉपर टी लगवाने के बाद मुझे किसी तरह की कोई परेशानी महसूस नहीं हो रही है। संजू कुमारी कि सास सीता देवी ने बताया कि पहले कॉपर टी के बारे में सही तरीके से जानकारी नहीं होने के कारण आज मेरी बहू दो साल के अंदर दुबारा मां बन गई है। बुधवार को डेलीवरी के बाद जब मुझे बताया गया कि दो बच्चों में अंतर रखने के लिए सबसे सुरक्षित और कारगर तरीका प्रसव पश्चात कॉपर टी लगवाना है और इसको कभी भी निकलवाया जा सकता है तो मैंने तुरंत कॉपर टी लगवाने की इजाजत दे दी। संजू कुमारी के पति और टोटो ड्राइवर का काम करने वाले सोनू कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में मेरी पत्नी को परिवार नियोजन के अस्थाई साधन के रूप में कॉपर टी लगवाने से पहले मेरी और मेरी मां की पूरी सहमति ली गई थी। इसके बाद ही कॉपर टी लगवाया गया।

परिवार नियोजन का कारगर और सुरक्षित साधन है कॉपर टी : सिविल सर्जन सिविल सर्जन डॉक्टर विनोद कुमार सिन्हा ने बताया कि मातृ और शिशु मृत्यु को कम से कमतर करने और बच्चों में तीन साल का अंतर रखने के लिए परिवार नियोजन के अस्थाई साधन के रूप में कॉपर टी ( आईयूसीडी ) सबसे कारगर और सुरक्षित है। इसको लेकर किसी तरह कि भ्रांति पर ध्यान देने कि आवश्यकता नहीं है। यह दो प्रकार का होता है सीयूटी 375; इसे लगवाने के बाद महिलाएं कम से कम पांच वर्षों के लिए गर्भ धारण से मुक्त रह सकती हैं। इसी तरह सीयूटी 380; इसे लगवाने के बाद महिलाएं 10 वर्षों तक गर्भधारण से मुक्त रह सकती हैं। कॉपर टी लगवाने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि महिलाएं जब भी गर्भ धारण करना चाहें या किसी अन्य कारण से कॉपर टी को बाहर निकलवाना चाहती हैं तो कभी भी इसे बाहर निकलवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि हमलोग संस्थागत प्रसव के बाद सभी लाभार्थी को परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधन अपनाने के लिए जागरूक करते हैं ताकि जनसंख्या स्थिरीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहूलियत हो। इस दौरान लाभार्थी या उनके साथ मौजूद परिवार के सदस्यों की पूर्ण सहमति के बाद ही बंध्याकरण या कॉपर टी लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि लेबर रूम में कार्यरत डॉक्टर, जीएनएम, फैमिली प्लानिंग काउंसलर सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा नियमित रूप से लाभार्थी को परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधन को अपनाने के लिए जागरूक किया जाता है। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधियों के द्वारा लगातार स्वास्थ्य कर्मियों का उन्मुखीकरण और सहयोग किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत, दूसरी गंभीर, स्कूल से लौट रही थी दोनों

ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चंपारणः जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है. दोनों बच्चियां स्कूल से घर लौटते समय इस हादसे का शिकार हुईं. घायल बच्ची का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. प्रशासन ने बारिश के इस मौसम में लोगों को सावधानी बरतने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है. मिली जानकारी के अनुसार पिपरा थाना क्षेत्र के सरियतपुर स्थित खानटोला प्राथमिक विद्यालय में छुट्टी हो जाने के बाद सभी बच्चे बच्चियां घर जा रहे थे. मौसम भी खराब था. काले बादल छाए हुए थे और बिजली कड़क रही थी. सरियतपुर के रहने वाले ललन साह की 9 वर्षीय पुत्री सुरुचि कुमारी अपने एक साथी रोशनी कुमारी के साथ घर लौट रही थी. उसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में दोनों बच्चियां आने से झुलस गईं. इलाज के दौरान सुरुची की मौत हो गई, जबकि रोशनी का इलाज चल रहा है। रोशनी कुमारी सरियत पुर के रहने वाले अपने फूफा नंदकिशोर साह के यहां रहती है. मृतका के चाचा विनोद कुमार ने बताया कि भाई के बेटी सुरुची वर्ग तीन की छात्रा थी. वह स्कूल से घर लौटने के दौरान आसमानी बिजली की चपटे में आ गई. उन्होंने स्कूल पर आरोप लगाते हुए कहा कि मौसम जब खराब था तो विद्यालय में छुट्टी नहीं करनी चाहिए. घटना की जानकारी मिलने के बाद पिपरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार दल बल के साथ पहुंचे. शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 8 अभियुक्त गिरफ्तार,दो लोहे का मतदान पेटी बरामद, 4.2 लीटर देशी शराब,01 मोटरसाईकिल जब्त

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

वाहन जांच के दौरान 66,000 रूपये का लगाया गया जुर्माना। पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, विधि–व्यवस्था संधारण एवं पूर्ण शराबबंदी प्रभावी हेतु संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच किया गया ।बगहा। बगहा पुलिस जिला में बुधवार को विगत 24 घंटा में 08 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।कुल–06 वारंट का निष्पादन किया गया है,जिसमें जमानतीय 03 अजमानतीय 03 है।उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज़ जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि बगहा थाना,चौतरवा थाना,पटखौली थाना द्वारा वारंट एवं अन्य कांड मामले में 08 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही दो लोहे का मतदान पेटी बरामद किया गया। वही भितहाँ थाना द्वारा 4.2 लीटर देशी शराब,01 मोटरसाईकिल जब्त किया गया।इस संबंध में भितहाँ थाना द्वारा काण्ड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जाँच किया गया ।जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा–20,000, धनहाँ थाना द्वारा–14,000, रामनगर थाना द्वारा–12,000, बगहा थाना द्वारा–11,000, चौतरवा थाना द्वारा–3,000 इस प्रकार कुल 60,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।बगहा पुलिस जिला में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए बुधवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, विधि–व्यवस्था संधारण एवं पूर्ण शराबबंदी प्रभावी हेतु संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच किया गया ।

### केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे हैं लोकप्रिय नेता : शशि प्रताप तिवारी पप्पू

क्षितिज राज

दिल्ली आवास पर हुई मुलाकात,क्षेत्र के विकास पर हुआ चर्चा––––ठकराहाँ । बिहार के चम्पारण के लाल व राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दूबे को केंद्रीय राज्य मंत्री पद का शपथ लिए 10 दिनों से ज्यादा हो चुका है,उसके बावजूद भी लगातार विभिन्न प्रदेशों से लोग आकर मुलाकात कर रहे हैं। मानव धर्म को प्रधान मानने वाले लोकप्रियता के प्रभावशाली मोदी सरकार के मंत्री सतीश चंद्र दूबे भी लगातार विभिन्न धर्म स्थानों पर जाकर मंत्री बनने के बाद जन कल्याण की कामना कर रहे हैं। ठकराहाँ क्षेत्र संख्या 11 से उप विजेता रहे पूर्व जिला पार्षद प्रत्याशी शशिप्रताप उर्फ पप्पू तिवारी ने मंगलवार की देर शाम दिल्ली आवास पर मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास पर चर्चा किए। मुलाकात के बाद शशि प्रताप तिवारी ने मंत्री सतीश चंद्र दूबे को जन प्रिय नेता बताते हुए विकास पुरुष बताया। युवा नेता शशि प्रताप ने बताया कि बिहार का ठकराहाँ प्रखंड 2014 से पूर्व बिजली,बाढ़,सड़क इत्यादि तमाम समस्याओं से जूझता था। 2014 में भाजपा के टिकट से सतीश चंद्र दूबे के सांसद बनने के बाद बिहार का ठकराहाँ प्रखंड अस्तित्व में आया।

# विकास कार्यों गुणवत्ता सुनिश्चित होने की स्थानीय नगर पार्षद उठाए जिम्मेदारी:गरिमा देवी सिकारिया

लोकतंत्र की आवाज

## योजनाओं में गुणवत्ता पर बार बार सवाल उठता रहा है



**क्षितिज राज**

विभिन्न वार्डों में सड़क, नाला आदि निर्माण कार्य की 1.34 करोड़ लागत वाली 18 विकास योजनाओं का महापौर ने बांटे कार्यादेश, नगर निगम के अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर विभिन्न वार्डों के पार्षद और अभियंता रहे उपस्थित,बेतिया। नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के लिए स्वीकृत कुल 1.34 करोड़ से भी अधिक की लागत वाली 18 विकास योजनाओं का कार्यादेश महापौर द्वारा वितरित किया गया। नगर निगम के अपने कार्यालय कक्ष में संपन्न कार्यक्रम में महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि कुल करोड़ों की खर्च से पूरा होने वाली विकास योजनाओं में गुणवत्ता पर बार बार सवाल उठता रहा है। आज के मौके पर मैं अपील करना चाहूंगी कि नगर निगम प्रशासन से पूरा होने वाले विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित होने की जिम्मेदारी स्थानीय माननीय नगर पार्षद उठाए। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड– दो में 932700 की लागत से हजारी टोला में मदरसा के बगल से लेकर पानी टंकी तक नाला निर्माण एवं सिकारिया गार्डेन के पास पुलिया निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार वार्ड 1 में नेयाज के घर से साह मोहम्मद के घर होते हुए नूर होदा मिस्त्री के घर तक एवं नेयाज के घर से एनामुल हक के जमीन तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य पर अधियत्तम 889400 खर्च को स्वीकृति दी गई है। वार्ड–4 में सुरेश पटेल के घर से डिपो गेट तक पीसीसी रोड निर्माण कार्य को 946900 से, वार्ड 3 में बढ़ई टोला भोला स्वीट्स से श्री हनुमान जी मंदिर होते हुए रुपेश शर्मा के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य पर अधिकतम 816700 खर्च को स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार वार्ड 5 में तारकेश्वर तिवारी के घर से माधो महतो के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य पर 644800 और वार्ड 6 में लतीफ मिया के घर से प्रमोद प्रसाद के घर तक एवं सुरेश महतो के घर से चन्दन ठाकुर के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य पर 944300 तथा वार्ड 8 में अनील सिंह के घर से पप्पु सोनी के घर तक नाला निर्माण कार्य पर 996200 तक खर्च को स्वीकृति दी गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह भी बताया कि वार्ड 8 में ही बलीराम जी के घर से जगदीश जी के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य पर 997800 और वार्ड 9 में संजय राम घर से भरत राम के घर तक नाला निर्माण एवं राकेश जायसवाल से सुग्रीव साह के घर तक नाला निर्माण एवं दुर्गा सर्राफ के घर से श्री राजेश साह के तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य को 400400 की लागत से स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार वार्ड 9 में कमलेश तमोली के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य पर 169400, वार्ड 6 में रहमुलाह कुरैशी के घर से मोहम्मद यूनुस के घर होते हुए चुन्नु जी के घर तक सड़क निर्माण कार्य एवं स्टैनली जी के घर से चुन्नु जी के घर तक नाला निर्माण कार्य पर 891400 खर्च को स्वीकृति देते हुए कार्यादेश जारी किया गया है। वही वार्ड 12 में मंटू सर्राफ के घर से सुदामा सर्राफ के घर तक नाला निर्माण कार्य पर 343100, वार्ड 15 में जय भारत टेंट हाउस से विधिन माई स्थान होते हुए अफताबुद्धीन के घर तक एवं नुरैन खान के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य पर 831100 तथा वार्ड 12 में संजय गुप्ता के घर से शिवशंकर जी के घर तक नाला निर्माण कार्य पर 837500 के खर्च का कार्यादेश जारी किया गया है। वार्ड –19 में स्व. गफ्फार अंसारी के घर से नुरुल होदा अवारी के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण एवं नुरुल होदा हवारी के घर से दिनानाथ साह के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण वार्ड 21 गणेश चौक पर किशोरी साह के घर से कृष्णा पटेल के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य पर 678800 लागत के साथ वार्ड –21 में बसवरिया शिव शंकर कुशवाहा के घर से रौशन साह के घर तक नाला निर्माण कार्य पर 744000 खर्च से बनवाने का कार्यादेश जारी किया गया है।

## सीएम ने वाल्मीकि नगर में 106 करोड़ रुपये की लागत से किया अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का फीता काट कर उदघाटन



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पश्चिमी चम्पारण जिला के बगहा अनुमंडल अंतर्गत वाल्मिकी नगर में गुरुवार को 106 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर और अतिथि परिषद का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उनके साथ भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कन्वेंशन सेंटर परिसर में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर सीएम ने कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण किया और इसके विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। कहा कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। कन्वेंशन सेंटर क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन, कार्यशालाओं और अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल होगा। यह परियोजना क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।सीएम नीतीश कुमार तकरीबन 30 मिनट तक वाल्मीकि नगर में रहे। इस दौरान उन्होंने कन्वेंशन सेंटर के विभिन्न ब्लॉक का निरीक्षण किया। हालांकि, निरीक्षक और उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बारिश भी हुई। लेकिन, छाता के अंदर रह कर ही सभी कार्यक्रम पूरे किए गए। गौरतलब हो कि लगातार सीएम नीतीश कुमार वाल्मीकि नगर के विकास की बात करते रहते हैं। वहीं, पर्यटन के क्षेत्र में सीएम ने यहां काफी हद तक विकास किया है। तेजी से विकास के लिए वाल्मीकि नगर में नए–नए काम किया जा रहे हैं। इसी का एक पार्ट कन्वेंशन सेंटर भी है। फिलहाल, पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कन्वेंशन सेंटर की बड़ी भूमिका हो सकती है। इस अवसर पर वाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार, विधायक रिंकू सिंह, राम सिंह बिहार विधान परिषद सदस्य भिष्म साहनी समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सम्मानित हुए जयनगर मे रोटी बैंक चौतरवा के संस्थापक



लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

**बगहा।** एक छोटे से चौतरवा नामक गांव से निकल कर रोटी बैंक चौतरवा पहुंचा मिथिला के पावन धरती पर मधुबनी जिला के जयनगर रोटी बैंक के 6 वर्ष (2200 दिन) सम्पूर्ण होने के उपलक्ष में पूरे देश के तमाम सेवादार वहा पहुंचे जिसमे एक रोटी बैंक चौतरवा संस्था भी समिलित हुआ मैंने देखा पूरे देश से आए तमाम सेवादार जिला, प्रखंड से उपस्थित हुए थे किंतु चौतरवा जैसे एक छोटे से गांव का टीम भी वहां समिलित हुआ और सम्मानित हुआ यह देख कर मुझे अपार खुशी का अनुभव हुआ खुशी इस बात की थी चलिए एक छोटे से गांव में, संस्था सेवा करती है और हमारे कार्यों को देखकर जयनगर में जहा पूरे भारतवर्ष की टीम उपलब्ध थी वहा सम्मानित होने का शौभाग्य प्राप्त हुआ इसका पूरा श्रेय हमारे सहयोगी संस्था से जुड़े तमाम मित्र, बड़े भाई , छोटे भाई , गुरुजनों और तमाम साथियों को मिलता है क्योंकि आप सभी के सहयोग से ही ये कार्य होता है जरुरतमंद लोगो तक भोजन पहुंच पाता है तो इसके पूरे हकदार आप सभी है मैं आप सभी को सादर प्रणाम करता हूं एवं ये पुरस्कार आप सभी को समर्पित करता हूं वही रोटी बैंक चौतरवा के संस्थापक विक्की गुप्ता ने कहा आप सभी अपना सहयोग ऐसे ही सदैव बनाए रखे ताकि हमलोग आजीवन निस्वार्थ सेवा करते है और रोटी बैंक चौतरवा एवं अपने क्षेत्र का नाम पूरी दुनियां में पहुंचाए!!

# कुशीनगर :स्काउट–गाइड प्रशिक्षण से मिलती है अनुशासन की सीखः डा विनय कुमार सिंह

लोकतंत्र की आवाज




**क्षितिज राज**

**तमकुहीराज/कुशीनगर।** वागीश्वरी रामबासी पीजी कॉलेज गुरवलिया कुशीनगर में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर एवं डीएलएड प्रथम सेमेस्टर का पांच दिवसीय स्काउट–गाइड शिविर का समापन बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हो गया। मुख्य अतिथि दीनदयाल गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान के प्रोफेसर एवं रेंजर रोवर्स के कॉर्डिनेटर डॉ विनय कुमार सिंह ने कहा कि छात्र के सर्वांगीण विकास में स्काउट शिविर सहायक होते हैं एवं विद्यार्थी को अनुशासन का पाठ सीखते हैं और उनमे राष्ट्र भावना भी विकसित होती है। संकटकाल में स्काउट व गाइड अनेक मोर्चों पर देश व देशवासियों की सेवा करते हैं।शिविर के दौरान प्रार्थना सभा, ध्वज गीत, नियम, प्रतिज्ञा टोली विधि, स्काउट गाइड का संक्षिप्त इतिहास, प्राथमिक सहायता, गठबंधन, स्काउट गाइड वर्गीकरण, यूनिट लीडर प्रशिक्षण, ध्वज शिष्टाचार, कैंप फायर, टेंट निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर शिविरार्थी छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रथम दिन विद्यार्थियों को स्काउट गाइड प्रार्थना, सिंहनाद आदि की जानकारी दी गयी। द्वितीय दिन विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी प्रदान की गई। तृतीय दिन विद्यार्थियों को हाइकिंग पर ले जाया गया और चतुर्थ दिन सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन हुआ।अंतिम दिन तंबू निर्माण एवं कैंप के दौरान भोजन बनाने के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ शक्ति प्रकाश पाठक ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में अपने जीवन को सुखमय और आनंदमय बनाने का दायित्व हमारी सोच पर निर्भर करता है। स्काउट–गाइड प्रशिक्षिण से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। जिला प्रशिक्षक एमडीआइ खान, डायरेक्टर श्री आदित्य विशाल , प्राचार्य डॉ प्रमोद तिवारी, बीएड विभागाध्यक्ष श्री विनीत मणि त्रिपाठी, डीएलएड विभागाध्यक्ष श्री अभिषेक त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के समस्त अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# मोतिहारी एवं सीतामढ़ी जिले को जोड़ने वाली फुलवरिया घाट पर बना डायवर्सन पानी के तेज बहाव के कारण हुआ क्षतिग्रस्त

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण ।** नेपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण बिहार से होकर गुजरने वाली कई नदियां उफान पर हैं. ऐसे में एक बार फिर से लोगों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है. भारत नेपाल सीमा से सटे बैरगनिया प्रखंड से पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण को जोड़ने वाली फुलवरिया नदी भी उफान पर है. ऐसे में इस पर बना डायवर्सन टूट गया है जिसके कारण आवागमन बंद हो गया है. वहीं आरसीसी पुल पर बना डायवर्सन भी बह गया है।सीतामढ़ी पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण को जोड़ने वाली फुलवरिया घाट के डायवर्सन के टूट जाने से जहां आवागमन बंद हो गया है, वहीं लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।अब लोगों को मुजफ्फरपुर के रास्ते पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जाना होगा। हालांकि सरकार ने नदी पर पुल बनाने को लेकर 4 वर्ष पूर्व ही निविदा निकला था। निविदा में सफल ठेकेदार के द्वारा अब तक पुल का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण लोगों को डायवर्सन के सहारे ही सीतामढ़ी से पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जाना पड़ता था. हालांकि फुलवरिया घाट से पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जाने पर करीब 30 से 40 किलोमीटर दूरी कम हो जाती है। पड़ोसी देश नेपाल और सीतामढ़ी जिले में दो दिन से हो रही लगातार बारिश के कारण पानी के दबाव से डायवर्सन के टूट जाने से लोगों को अब दूसरे मार्ग से पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जाना पड़ेगा. इसको लेकर लोगों में आक्रोश भी है. इधर भारत नेपाल की सीमा सोनबरसा के जिम नदी पर बने आरसीसी पुल का डायवर्सन टूट गया जिससे डेढ़ दर्जन गांव का सीधा संपर्क टूट गया है. पानी के तेज–बहन के कारण डायवर्सन पानी में बह गया. अब लोगों को दूसरे रास्ते से 5 से 6 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर अपने घर जाना पड़ रहा है।

# केसरिया प्रखंड का अंचल कार्यालय इन दिनों बना दलालों का अड्डा

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी/केसरिया।** स्थानीय प्रखंड का अंचल कार्यालय इन दिनों सुर्खियों में है। जहा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का प्रांगण इन दिनों कथित दलालों का अड्डा बन गया है। वहीं अंचल कार्यालय में पदस्थापित कर्मी और वहां अपने कार्य के लिए पहुंचने वाले ग्रामीण अपने कार्य की वजह से परेशान हो या नहीं हो, लेकिन दलालों के कारण इन दिनों लोगों को खूब परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि अंचल कार्यालय में जमीन संबंधित किसी भी तरह के कार्य के लिए आप पहुंचीयेगा तो आपको आरटीपिएस काउंटर से लेकर हर जगह पर एक या दो दलाल इस तरह हावी रहते है। जैसे आपके चेहरा को देखकर ही वो यह समझ लेते हैं कि आप किसलिए परेशान है। अधिकारी के पास समस्या के समाधान में भले की विलंब हो या नियम पूर्वक कार्य करने की बात हो, लेकिन दलालों के पास आपके समस्या का समाधान सहज ही उपलब्ध होता है। यदि मुंहमांगी रकम मिल जाये तो दलालों की बांछे ही खिल जाए। बताया जाता है कि प्रखंड क्षेत्र के अशिक्षित ग्रामीण जमीन का दाखिल– खारिज कराने के लिए प्रतिदिन कार्यालय आते हैं, जहां दलाल एवं पदाधिकारियों के कुछ निजी व चहेते कर्मियों की मीली भगत से गरीब जनता से जमकर अवैध रकम की वसूली करते हैं। इतना ही नहीं जमीन के दास्तावेजों को ऑनलाइन करवाने के नाम पर दलाला किस्म के व्यक्ति अंचल के राजस्व कर्मियों से मीली भगत कर धड़ल्ले से अवैध रकम की उगाही कर रहे हैं। आखिर इन सभी दलालो को इतनी हिम्मत आती कहां से है कि अंचल कार्यालय में लगान निर्धारण, म्यूटेशन, परिमार्जन सहित अन्य कार्यों में दलाल इस तरह हावी हैं कि ग्रामीणों को मूर्ख बनाकर लाखों का वारा न्यारा किया जा रहा है। और विभागीय पदाधिकारियों की इसकी भनक तक नहीं है, जबकि सभी कार्य विभागीय टेबल से ही होकर गुजरता है। इस संदर्भ में सीओ ने मीडिया के माध्यम से स्थानीय लोगों और ग्रामीणों से अपील किया है कि अंचल कार्यालय में अगर किसी कार्य के लिए आएं तो दलालों के चक्कर में न पड़कर सीधे कार्यालय में मिलें और नियमानुसार अपना कार्य करवाएं, दलालों के चक्कर में पड़ने से नुकसान हो सकता है फायदा नहीं। गौरतलब हो कि ऐसी स्थिति में प्रशासन को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। प्रखंड परिसर में अचानक छापेमारी कर ऐसे दलालों को गिरफ्तार कर सलाखों के अंदर भेजना अति आवश्यक है, तभी लोग दलालों के चक्कर से मुक्त हो सकते हैं।

# सभागार में वाल्मीकि के इतिहास से रुबरू हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीएम ने वाल्मीकि के प्रतिमा पर किया पुष्प अर्पित

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

मुख्यमंत्री ने सभागार का किया लोकापर्ण। सीएम ने वाल्मीकि के प्रतिमा पर किया पुष्प अर्पित। मुख्यमंत्री ने सात चंपा के पौधों का किया पौधारोपण। झमाझम बारिश के बावजूद अधिकारियों और कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह। लाउंज डायनिंग हॉल लिफ्ट आदि का किया निरीक्षण,मुख्यमंत्री।सुबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 27 जून दिन गुरूवार को अपने निर्धारित समय पर हैलीकैप्टर से वाल्मीकि नगर के हवाई अड्डा पर लैंड किए। वाल्मीकि नगर में लगातार हो रही मूसलधार बारिश के बावजूद जदयू कार्यकर्ताओं का जोश परवान पर रहा। नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे से हवाई अड्डा गुंजायमान हो उठा।तत्पश्चात मुख्यमंत्री का काफिला अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर पहुंचा। जहां मुख्यमंत्री ने अतिथि गृह एक का निरीक्षण किया। सभागार का किया लोकार्पण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ड्रीम प्रोजेक्ट कंवेंशन सेंटर के शिलापट्ट का अनावरण कर बहुप्रतीक्षित जरूरत को पूरा किया। वाल्मीकि प्रतिमा पर किया पुष्प अर्पित तत्पश्चात मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भवन निर्माण मंत्री विजय चौधरी महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प और माल्यार्पण कर नमन किया। बता दें कि वाल्मीकि सभागार को तकनीकी दृष्टिकोण से सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। चम्पा के पौधे का किया पौधारोपण पर्यावरण सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विजय चौधरी ने सात चम्पा के पौधौं का पौधारोपण वाल्मीकि प्रतिमा के समीप करते हुए पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। सभागार में वाल्मीकि इतिहास से रुबरु हुए सीएम



लगभग 500 क्षमता वाले सभागार में चलचित्र के माध्यम से बड़े पर्दे पर वाल्मीकिनगर के इतिहास और अंतरराष्ट्रीय कंवेंशन सेंटर के निर्माण और सभागार में उपलब्ध सुविधाओं से सीएम अवगत हुए। अधिकारियों, कर्मियों और संवेदक को दिया प्रशस्ति पत्रमुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर निर्माण में बेहतर योगदान देने वाले अधिकारियों, कर्मियों और संवेदक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी डॉ अनुपमा सिंह,संवेदक रंजीत सिंह समेत अन्य को सम्मानित किया गया। लाउंज, डायनिंग हॉल, लिफ्ट आदि का किया निरीक्षण मुख्यमंत्री ने निर्धारित कार्यक्रम के अंत में कंवेंशन सेंटर में निर्मित लाउंज, डायनिंग हॉल आदि का निरीक्षण कर संतुष्ट दिखे। फायार एग्जिट से बाहर निकले सीएम निरीक्षण के उपरांत सीएम फायर एग्जिट मार्ग से कंवेंशन सेंटर से निकल कर हवाई अड्डा के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में है शुमार कन्वेंशन सेंटर बताते चलें की वाल्मीकिनगर में गंडक बाराज कंट्रोल रूम के सामने 25 एकड़ भूमि में लगभग 120 करोड़ की लागत से बने अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में चार अतिथि गृह, डॉरमेट्री सभागार का निर्माण किया गया है। जिसमें एसी , डीलक्स नॉन डीलक्स और सामान्य कमरों का निर्माण किया गया है लगभग 102 कमरों वाले डॉरमेट्री में पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। स्वचालित लिफ्ट का निर्माण किया गया है। अतिथि गृह में आधुनिक लाउंज और हॉल का निर्माण किया गया है।आधुनिक संसाधनों से निर्मित सभागार में बैठने की क्षमता 500 की है। जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑडियो वीडियो चलचित्र से आने वाले अतिथि और पर्यटक परिचित होंगे। कन्वेंशन सेंटर का विशाल गार्डन खूबसूरती में लगाता चार चांद बता दे की कन्वेंशन सेंटर का विशाल गार्डन जहां खूबसूरत फूलों से सुसज्जित है वही गार्डन की हरियाली देखने वालों का मन मोह लेती है। रंग–बिरंगे फूलों से गार्डन अपनी अलग खूबसूरती प्रदर्शित करता है।

विद्युत वैकल्पिक ऊर्जा की व्यवस्था कन्वेंशन सेंटर में विद्युत व्यवस्था बाधित होने की स्थिति में विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने के लिए सोलर सिस्टम का सहारा लिया गया है। विकास पुरुष हैं नीतीश कुमार वाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने बताया कि नीतीश कुमार विकास के पर्याय हैं, इसलिए उन्हें विकास पुरुष के नाम से भी जाना जाता है। पर्यटन के दृष्टि से उत्तर बिहार में वाल्मीकि नगर का एक अलग स्थान होने के बावजूद यह पूर्व में उपेक्षित खुद को महसूस करता रहा है। किंतु मुख्यमंत्री जी ने वाल्मीकि नगर का सर्वांगीण विकास कर वाल्मीकि नगर को एक नई पहचान पूरे विश्व को दी है। आज विकसित वाल्मीकि नगर के कारण भारी संख्या में पर्यटकों के वाल्मीकि नगर आने से वाल्मीकि नगर विकास के मार्ग पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री उड़न खटोले से पहुंचे वाल्मीकिनगर। झमाझम बारिश के बावजूद अधिकारियों और कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह। सूबे के मुखिया नीतीश कुमार गुरुवार को उड़ान खटोले से तकरीबन 11.20 बजे पूर्वाह्न एक दिवसीय दौरे पर वाल्मीकिनगर पहुंचे।इस दौरान झमाझम बारिश के बीच दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वागत में खड़े दिखे।स्वागत के लिए मौके पर स्थानीय विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह,सांसद सुनील कुमार, एमएलसी भीष्म साहनी,विधायक प्रतिनिधि उमेश श्रीवास्तव,प्रदीप पांडेय,महेश्वर काजी,पिंटू गुप्ता,पलक भारती,पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष शिवरानी देवी,प्रेम शीला गुप्ता,नेहा शेट्टी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस मौके पर सरकार के सचिव कुमार रवि,चैतन्य कुमार, जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय,पुलिस अधीक्षक सुसांत कुमार सरोज,उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एसडीएम डॉक्टर अनुपमा सिंह,बगहा डीएसपी कुमार देवेंद्र, एडीएम राजीव कुमार सिंह,रविंद्र सिंह, सीएस श्रीकांत दुबे, डीएसएलआर अंजिलिका कृति, भवन निर्माण कार्यपालक अभियंता रमेश पड़ती,वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष विजय प्रसाद राय सहित अन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### उद्घाटन : पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य पूरा, विधायक ने किया उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार, गायघाट। कटरा प्रखंड के बरैठा में नवनिर्मित पीसीसी सड़क का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री राम सूरत राय ने किया।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत पंचायत सरकार भवन के समीप से गजेंद्र महतो के घर के समीप सोलिंग एवं पीसीसी रोड का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।इस पीसीसी सड़क का निर्माण 9 लाख 90 हजार 184 रुपए की लागत से पूरा हुआ है। इस सड़क के निर्माण होने से गांव के लोगों को मुख्य सड़क तक पहुंचने में सुविधा होगी। साथ ही गांव के छोड़ से दूसरे छोड़ तक आवागमन में भी आमलोगों के लिए यह सहायक साबित होगा। उद्घाटन के मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी जर्जर मुख्य सड़कों के निर्माण कार्य जारी है। कई जर्जर सड़कों के जीर्णोद्धार के लिए विभाग से अनुशंसा किया जा चुका है। सुविधाजनक आवागमन के लिए सड़कों की स्थिति दुरूस्त किया जा रहा है। इस मौके पर साथ मे मंडल अध्यक्ष शिशिर झा , अशोक मुखिया, नन्द किशोर , बबलू, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सिरदला- महिला स्वावलंबी विकास समिति की वार्षिक आमसभा आयोजित की गई



लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला। सिरदला प्रखंड के श्री राम हाल सिरदला में जागरण स्वयं सिद्धा महिला स्वावलंबी विकास समिति की वार्षिक आमसभा महिला समूह के द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रखंड समन्वय शोभा कुमारी के द्वारा किया गया। वार्षिक आमसभा में प्रखंड के 15 पंचायत के सभी समूहों के सभी महिला सदस्य उपस्थित होकर खर्च और बचत के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। समूहों के महिलाओं को बैंक बचत खाता, क्रेडिट लिंकेज लोन, बैंक वापसी, ग्राम संगठन का बैंक खाता, समूहों के जीविका द्वारा आम आदमी बीमा योजना आदि की जानकारी आमसभा में विस्तार पूर्वक दिया गया। महिला विकास निगम बिहार, पटना, एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पटना के निर्देश पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर समूह के सभी महिलाएं उपस्थित थी।

### खरीफ फसल महाफसल प्रतिक्षण कार्यक्रम आयोजित




लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। प्रखंड स्तरीय खरीफ महा अभियान का आयोजन ई किसान भवन में किया गया। इस दौरान विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि व अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। बिहार कृषि विश्वविद्यालय से आए वैज्ञानिकों डा दीपक कुमार,वैज्ञानिक संदीप कुमार रौशन चौधरी, अजय कुमार निराला ने सस्य,पौधा संरक्षण एवं आधुनिक फसलों की विस्तार पूर्वक रखरखाव की जानकारी दी। वही बीडीओ अभिमन्यु कुमार,अनुमंडल कृषि पदाधिकारी नीतीश कुमार, भाजपा सहकारिता जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, किसान मोर्चा जिला प्रवक्ता शत्रुघ्न मिश्रा, पैक्स अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रफुल्ल,गोपाल कृष्ण सिंह, रंजीत साह,सरपंच ज्योति देवी, श्वेदा खातून,मुखिया प्रतिनिधि महादेव मंडल, गौरव कुमार,कुंदन कुमार यादव सहित अन्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे। सबौर कृषि कॉलेज आए हुए वैज्ञानिकों ने मोटे अनाज के उत्पादन पर किसानों को विशेष सलाह दी। वहीं पर पशुपालन का भी सुझाव दिया गया। 28 पंचायत से किसानो की जिस अनुपात में उपस्थित होना चाहिए उसे अनुपात में किसान नहीं थे। वैसे बहुत सारे किसान शामिल हुए थे। किसानों ने फसल के गुणवत्ता, किटरक्षण का उपयोग ,फसलों की सुरक्षा और सिंचाई की व्यवस्था बारीकी से जाना और समझा। वहीं कृषि पदाधिकारी ने अपना मोबाइल नंबर जारी करके कहा कि किसानों को किसी प्रकार के असुविधा होने पर उसे सीधा वार्तालाप करें उन्हें उचित सुझाव दिया जाएगा।

### तीन नशेड़ी को भेजा जेल



लोकतंत्र की आवाज
दिलिपकुमार ठाकुर। शिवाजीनगर/समस्तीपुर। हथौड़ी थानाक्षेत्र से हथौड़ी पुलिस द्वारा तीन नशेड़ी को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया। जिसमे मधुरापुर निवासी 52 वर्षीय राजेश कुमार सिंह वही पुनमा धरमपुर निवासी शिव कुमार एवम उत्कर्ष कुमार तीनो थाना हथौड़ी जिला समस्तीपुर को गिरफतार कर न्यायीक हिरासत में भेजा गया की पुष्टि एसएचओ मोनू राय ने की है।

# समथु फार्मर्स द्वारा किया गया सभा का आयोजन बीज उत्पादक किसानों को जिला कृषि अधिकारी ने दिया प्रशस्ति पत्र

लोकतंत्र की आवाज



**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** समथु फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के प्रांगण में एक विशाल सभा का आयोजन समथु फार्मर्स प्रोड्यूसर के सीईओ अमरदीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समस्तीपुर के जिला कृषि पदाधिकारी दिनकर प्रसाद सिंह, पूसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ राजेश कुमार एवं हेमचन्द्र चौधरी एवं डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण ने भी शिरकत की। समथु फार्मर्स प्रोड्यूसर के सीईओ के द्वारा सभी किसानों को उपस्थित हुए समस्त गणमान्य व्यक्तियों से परिचय कराया। साथ ही उनके द्वारा विगत एक वर्षों का लेखा-जोखा एवं कंपनी किस तरह प्रगति पर अग्रसर है पूर्ण रूप से चर्चा की।

कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ राजेश कुमार के द्वारा समथु फार्मर्स के उपस्थित हुए समस्त किसान भाईयों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी जो गेहूँ की बीज का रिकॉर्ड उत्पादन कर एवं उक्त बीज की जो पैकेजिंग की इसके लिए आप सभी को बधाई। आगे डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपको यदि ऋण लेने में दिक्कत आ रही हो तो आप सभी समथु फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से ले सकते हैं, चुंकि आपका एफपीओ काफी तेजी से प्रगति कर रहा है, सरकार द्वारा जो भी सुविधा दी जा रही है। किसानों को उन सभी सुविधाओं के बारे में बारी-बारी से बतलाया। अन्त में जिला कृषि पदाधिकारी दिनकर प्रसाद सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी किसानों की जितनी प्रशंसा की जाय वह कम है। क्योंकि बिहार सरकार के द्वारा बीज उत्पादन के लिए हमेशा किसानों को सजग एवं सुविधा प्रदान कर रही है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि आपके कंपनी के सीईओ अमरदीप कुमार को मैंने कहा कि आप कृषि यंत्र हब बनायें जो सरकार की योजना है, जिससे यहाँ के किसानों को खेती करने में कोई असुविधा नहीं होगी। साथ ही उन्होंने जैविक खेती करने पर जोर दिया।

समथू फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के सदस्य डॉ फूलेन्द्र भगत के द्वारा भी अपनी बातों को रखते हुए कहा गया कि मैं आग्रह करता हूँ कि समथू फार्मर्स प्रोड्यूसर के बैनर तले मिट्टी जाँच केन्द्र खोला जाय जिससे यहाँ के किसानों को मिट्टी जांच में सहजता हो सके एवं उसके अनुसार ही खाद एवं बीज का प्रयोग कर सके। समथू फार्मर्स प्रोड्यूसर के सक्रिय सदस्य डॉ॰ एमपी चौरसिया के द्वारा सभी किसानों से आग्रह किया कि जो सदस्य समथू फार्मर्स प्रोड्यूसर के सदस्य हो चुके हैं वो लोग अन्य किसानों को सदस्य बनने के लिए प्रेरित करें। साथ ही उन्होंने घोषणा कि कि मैं 1500 आम का पेड़ इसी परिक्षेत्र में सड़क किनारे लगवाने जा रहा हूँ।

आप सभी से आग्रह है कि आप सभी उन पेड़ों से प्यार करेंगे नुकसान न पहुँचे इस पर ध्यान देंगे। 21 ऐसे किसान जिन्होंने गेहूँ, मूंग, सरसो, मसूर उत्पादन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया उनको जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समथू फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के अन्य प्रमुख सदस्य मनोहर कुमार, कमल किशोर सिंह, गणेश कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## प्रधान शिक्षक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर डीएम ने की समीक्षा



लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** जिला पदाधिकारी योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बीपीएससी द्वारा आयोजित शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षक लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन के तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। यह परीक्षा 29 जून 2024 (शनिवार) को जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर एकल पाली में 12 बजे मध्यान से 2:30 बजे अपराह्न तक आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा में कुल 6288 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इस परीक्षा से संबद्ध सभी उम्मीदवार अपना ई एडमिट कार्ड आयोग के वेबसाइट www.bpsc-bih- nic-in A±FUF onlinebpsc- bihar-gov-in से डाउनलोड कर सकते हैं और वैसे एडमिट कार्ड परीक्षा में बैठने के लिए मान्य हैं।

परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटे पूर्व अभ्यर्थियों का प्रवेश शुरू हो जाएगा। प्रवेश द्वार पर ही अभ्यर्थियों के ई एडमिट कार्ड पर छपे क्यू आर/बार कोड की स्कैनिंग कराते हुए फोटो एवम पहचान पत्र के साथ मिलान किया जायेगा और उसके उपरांत ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटा पहले अर्थात 11:00 पूर्वाह्न के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने नही दिया जायेगा। परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों की निगरानी रखने हेतु समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06274- 227327 है।

जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी जोनल दंडाधिकारिओं, स्टेटिक दंडाधिकारिओं एवम सभी केंद्र अधीक्षकों को पूरी तत्परता एवम मुस्तैदी के साथ परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी, उप विकास आयुक्त संदीप शेखर प्रियदर्शी,विशेष कार्य पदाधिकारी महमूद आलम,अपर समाहर्ता आपदा राजेश कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, एएसपी संजय कुमार पांडेय एवम अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी थे तथा केंद्रधीक्षक और वीसी के माध्यम से संबंधित दंडाधिकारी जुड़े हुए थे।

## मुजफ्फरपुरपत्रकार हत्याकांड मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**
**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने पत्रकार शिव शंकर झा की हत्या मामले में दो आरोपियों अवध किशोर सिंह और रजनीश साह को गिरफ्तार किया है। हत्याकांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर मामले की जांच की गई। पुलिस को अवध किशोर सिंह और रजनीश साह पर शक था। दोनों उसी गांव के रहने वाले हैं।

**पैसा लेकर एफआईआर से नहीं हटवाया नाम:** मृतक पत्रकार थे इसके अलावा शराब मामले में तीन बार सकरा, मुशहरी और मनियारी थाने से जेल जा चुके थे। अभी तक के अनुसंधान में यह बात सामने आई है कि इनके द्वारा थाने में अगर एफआईआर दर्ज होता, तो नाम हटाने के लिए पैसा लेते थे। इसी क्रम में मुशहरी थाने में एक 33/24 केस दर्ज हुआ था, जिसमें वहीं के एक शराब कारोबारी चुन्नू ठाकुर के बेटे का नाम आया था। नाम हटाने के लिए 50 हजार रुपए मांगे थे, लेकिन नाम हटा नहीं था। इस वजह से विवाद चल रहा था। तीन दिन पहले चुन्नू ठाकुर और अभय ठाकुर उनके घर गली गलौज किया था। इस विवाद को लेकर हत्या की गई है।

## गया: मंत्री द्वारा गया शहर को बरसात के पहले स्वच्छता के लिए नगर आयुक्त को दिए निर्देश

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री नीतीन निवन की अध्यक्षता में आगामी बरसात को देखते हुए नाला सफाई की समीक्षा बैठक आहूत की गई है।इस बैठक में गया नगर निगम की नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा के द्वारा बताया गया कि गया नगर निगम की सभी नालियों की सफाई कर ली गई है एवं द्वितीय चरण की नालियों की सफाई प्रगति पर है। नाला सफाई का पर्यवेक्षण उपनगर आयुक्त, नोडल पदाधिकारी सफाई , उप नोडल पदाधिकारी सफाई ,सहायक लोक स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक एवं जोनल प्रभारी के द्वारा लगातार किया जा रहा है।

जल जमाव से संबंधित शिकायत के निराकरण हेतु गया नगर निगम में एक कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसका नंबर 08409461488 है जो बरसात के दिनों में 24 × 7 कार्यरत रहेगा। इसके साथ ही साथ स्वच्छ गया ऐप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज की जा सकती है जिसका लिंक https://play.google.com/store/apps/details?id=com.gmc.grievances.app है। शिकायतों के निराकरण की निगरानी सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, नोडल पदाधिकारी सफाई एवं उपनगर आयुक्त के द्वारा किया जाएगा। मुख्य स्वच्छता निरीक्षक एवं सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी को वर्षा से पूर्व नाले से निकल गए गाद का उठाओ करने का निर्देश दिया गया है । सभी कनीय अभियंता को नाला के टूटे हुए स्लैब की मरम्मती हेतु आदेश दिया गया है एवं सभी वार्ड पार्षदों से अपने-अपने वार्डों में नाला के टूटे हुए स्लैब की सूची मांगी गई है जिसको तत्काल बदलने हेतु आदेश निर्गत है। गया नगर निगम में जल जमाव की स्थिति से निपटने हेतु उचित मात्रा में पंप उपलब्ध है आवश्यकता पड़ने पर जल निकासी का कार्य कराया जाएगा।

वर्षा उपरांत नालियों में एंटी लार्वा एवं जल जमाव वाले स्थान पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। जल जमाव को देखते हुए नगर निगम क्षेत्र के दो मिसिंग लिंक मोती पहलवान नाल एवं रंग बहादुर रोड नाला को जोड़ने का कार्य कराया गया है। प्रोफेसर कॉलोनी ,नूतन नगर एवं बारी रोड में तीन कल्वर्ट का निर्माण का कार्य पूर्ण होने वाला है जिससे उक्त सड़क पर जल जमाव की समस्या से निजात मिलने की संभावना है। गया नगर के लो लेरिग एरिया गुरुद्वारा रोड ,समाहरणालय एवं दुर्गा बारी आदि स्थलों के जल जमाव का लगातार पर्यवेक्षक एवं अनुश्रवण किया जा रहा है एवं ड्रेनेज सिस्टम को ऑब्स्ट्रक्शन फ्री बनाया जा रहा है। जल जमाव की स्थिति से निपटने के लिए Quick response team का गठन किया गया है जो वर्षा के दौरान एवं वर्षा के उपरांत जल जमाव वाले क्षेत्रों में 24×7कार्यरत रहेगी।

## समस्तीपुर सदर अस्पताल में 80 लाख रुपए की लागत से बना ऑक्सीजन प्लांट 15 माह से बंद

लोकतंत्र की आवाज




**समस्तीपुर।** सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. गिरीश कुमार ने पीएसए ऑक्सीजन प्लांट को चालू कराने के लिए लगातार विभाग के साथ पत्राचार किया है। फिर भी ऑक्सीजन प्लांट अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। डीजी जनरेटर सेट स्थापित होने के बावजूद ऑक्सीजन प्लांट के सुचारू रूप से न चलने पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को समस्या के संबंध में पत्र द्वारा जानकारी दी थी। अपने पत्र में, डॉ. गिरीश कुमार ने बताया कि प्लांट का एयर ड्रायर, पीएसए जेनरेशन मशीन और ड्रेन मशीन ठीक से चल रहे हैं, लेकिन एयर कंप्रेसर मशीन लोड न उठा पाने के कारण काम नहीं कर रही है।

उन्होंने एयर कंप्रेसर मशीन की जांच की मांग स्वास्थ्य विभाग से की थी। प्लांट के लिए 250 केवीए का डीजी जनरेटर सेट लगाया गया था। फिर भी ऑक्सीजन प्लांट चालू नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि डीजी जनरेटर सेट के इंस्टॉलेशन के बाद प्लांट का कंप्रेसर मशीन लोड नहीं उठा पा रहा है और प्योरिटी मशीन का सेंसर भी ठीक से काम नहीं कर रहा है। सेंसर के ठीक होने या उसके बदलने के बाद ही ऑक्सीजन की शुद्धता सही हो सकेगी। इस संदर्भ में प्लांट के तकनीशियन ऑपरेटर, रोहित कुमार ने बताया कि अगर सेंसर बदलने के बाद भी शुद्धता सही नहीं होती है, तो ऑक्सीजन जेनरेशन मशीन के चार टैंकों में मॉलेक्युलर सीव डालना पड़ेगा, जिससे टैक्स सहित 23 लाख 60 हजार रुपये का खर्च आएगा। कोरोना काल के दौरान जरूरतमंद मरीजों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के लिए पीएम केयर्स फंड से 2021 में लगभग 80 लाख रुपये की लागत से 500 लीटर प्रतिदिन ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता वाला पीएसए ऑक्सीजन प्लांट सदर अस्पताल में स्थापित किया गया था। लेकिन कंपनी से रखरखाव का कॉन्ट्रैक्ट समाप्त होने के कारण अप्रैल 2023 से पीएसए ऑक्सीजन प्लांट में ऑक्सीजन का उत्पादन पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है। इस कारण सदर अस्पताल के ओटी, इमरजेंसी वार्ड, सर्जिकल और मेडिकल वार्ड में लगभग 15 महीनों से ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ऑक्सीजन की कमी के कारण सदर अस्पताल को बाजार से ऑक्सीजन सिलेंडरों की खरीद करनी पड़ रही है और छोटी जरूरतों के लिए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर पर निर्भर रहना पड़ रहा है। पीएसए (प्रेशर स्विंग एबसॉर्प्शन) तकनीक पर बने इस प्लांट का जीवनकाल 10 साल होता है, लेकिन पिछले 15 महीनों से यह खराब होकर बंद पड़ा हुआ है। इसके उपयोग न होने के कारण जल्द ही इसके कबाड़ में तब्दील हो जाने की आशंका है।

डीएस, सदर अस्पताल समस्तीपुर डॉ. गिरीश कुमार ने कहां की ऑक्सीजन प्लांट के लिए लगाया गया। डीजी जनरेटर सेट से एयर कंप्रेसर मशीन लोड नहीं ले पा रही है।इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग को पत्र द्वारा सूचित किया गया है।

## ओम बिरला जी को 18वीं लोकसभा का पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर मारवाड़ी समाज में हर्ष



**लोकतंत्र की आवाज**
**मुन्ना ठाकुर, फारबिसगंज /अररिया।** मारवाड़ी समाज के गौरव माननीय सांसद ओम बिडला जी को 18वीं लोकसभा का पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर मारवाड़ी समाज में हर्ष व्याप्त है। बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की फारबिसगंज इकाई के अध्यक्ष बछराज राखेचा,उपाध्यक्ष विनोद सरावगी एवं मांगीलाल गोलछा, शाखा सचिव सुभाष अग्रवाल, प्रमंडलीय सचिव अजातशत्रु अग्रवाल के साथ मूलचंद गोलछा, मोतीलाल शर्मा ,पूनम पांडीया, श्याम सुंदर महेश्वरी ,पप्पू लड्डा, इं0 आयुष अग्रवाल ,हरीश गोयल ,निशांत गोयल, सावरमल अग्रवाल, विनोद सेठिया, निर्मल सेठिया, अरविंद गोयल आलोक दुगड ,पिन्टु गोयल, हरीश अग्रवाल, जेपी लड्डा आदी ने उन्हे बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

## मोतिहारी: बंजरिया जिला सदस्य सुरेश यादव की हत्या पर उनकी आत्मा की शांति के लिए जिला परिषद सभागार में मौन एवं शोक सभा का आयोजन किया गया

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**
**मोतिहारी।** जिला परिषद् अध्यक्ष श्रीमती ममता राय के अध्यक्षता में जिला परिषद् क्षेत्र संख्या 23(बंजरिया )के सदस्य सुरेश यादव को अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या करने पर उनके आत्मा के शांति के लिए जिला परिषद् सभागार में मौन एवं शोक सभा आयोजित किया गया। मा० अध्यक्ष ने कहा कि सुरेश यादव बहुत ही मिलनसार व्यक्ति थें, यह बहुत ही निंदनीय घटना हैं।

हम सरकार से इसकी उइकजांच और जिला प्रशासन से अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी के साथ फांसी की सजा का मांग करतें हैं और साथ ही सरकार से परिवार को 2 सरकारी नौकरी एवं मुआवजा के तौर पर 1 करोड़ रूपया का आर्थिक सहायता की भी मांग करतें हैं और परिवार को अविलंब पुलिस सुरक्षा दिया जाय।

जिला प्रशासन अपराधियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करें, नहीं तो मजबुरन सड़कों पर धरना प्रदर्शन करना किया जायेगा। इस मौके पर जिला परिषद् उपाध्यक्ष गीता देवी, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पु राय, अखिलेश्वर प्रसाद यादव उर्फ भाई जी, उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी समीर सौरभ, जिला परिषद् सदस्य आकाश गुप्ता, कृष्णा दास, किरण कुशवाहा, आभा देवी, परमानंद पटेल, साबिर हुसैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

# संपूर्ण वैश्य समाज एक को हो : डॉक्टर विवेकानन्द

लोकतंत्र की आवाज



**अथमल गोला।** इसके लिए आथमलगोला प्रखंड के रामनगर दियारा में संपूर्ण वैश्य समाज का बैठक संपन्न हुई इस बैठक में हमारे समाज पर हुई अत्याचारों के बारे में चर्चा की गई हमारे समाज एक हो हमारे विचारधारा एक हो हमारे समाज में विकास कैसे होनी चाहिए हमारे समाज में शिक्षा प्रकाश डाला गया हमारे समाज पर अत्याचार बंद हो या कई सारे मुद्दों पर चर्चा हुई और हर बात पर प्रकाश डालते हुए सभी बात को रखा गया हमारी सरकार तक यह मांग पहुंचनी चाहिए इसके लिए हम लोगों को एक जुट होने की अति आवश्यक है इसी सब बातों को लेकर आज हम लोगों पूर्व काल से हमारे समाज में टोटल 52 जातियां हैं उन सभी को एक छत के नीचे एक संगठित होकर अपने समाज को सुधार में लाने की जरूरत है

संपूर्ण वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष रवि रंजन गुप्ता जी उन्होंने दिन-रात एक कर हमारे समाज के हित के ही बारे में सोचते रहते हैं कहीं भी किसी भी प्रकाश के दुर्घटना हो उनको सिर्फ एक कॉल कर दिया जाता है उसे जगह पर उन्होंने पहुंच कर अपनी समाज को एक जुट कर कर उनको न्याय दिलाने का काम किया करते हैं उन्हीं मार्गदर्शन पर हम सभी को चलने की अति आवश्यक आज हमारे प्रखंड में हमारे प्रखंड के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता जिन्होंने रामनगर के पंचायत बिहारी कुमार को मनोनीत किया गया और कई सारे पदाधिकारी गण उपस्थित रहे शंकर जायसवाल जी वेद प्रकाश जी बार मलाही से मंटू कुमार गुप्ता जी नरेश जी डॉक्टर विवेक का नंद जी गोविंद कुमार उपेंद्र शाह पवन शाह सुरेश शाह और कई हमारे समाज के लोगों को ऐकतरित होकर आज संकल्प लेने का काम किया है कि हम अपने संपूर्ण एवं समाज को 52 जातियों को एक कर कर आने वाले समय को सामना करेंगे आगे की रणनीति को तैयार करने के लिए अभी से ही हम लोग एकतरित होकर इस समाज को उन्नति तक पहुंचाने का काम करेंगे।

जिससे हमारे समाज में हमारे बहू बेटियों पर कोई अत्याचार ना हो इसके लिए मैं अपनी बातों को अपने समाज को अधिकारी दिलाने के लिए मैं अपने बड़े पदाधिकारी से सहयोग लेने का काम करेंगे और हमारा हक और अधिकार के लिए अब हम लोगों ने चुप नहीं बैठेंगे क्योंकि सबसे ज्यादा अत्याचार हमारे समाज पर ही किया जाता है हम अपने समाज को हक अधिकार और मान और सम्मान दिलाने के लिए ऊंची से ऊंची ऊंचाइयों तक चढ़कर इस अधिकार को पाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं सरकार को हमारी बात सुनाई पड़ेगी और हमारी बात माननी पड़ेगी जय हिंद जय भारत जय संपूर्ण एवं समाज जिंदाबाद।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सड़क किनारे का सूखे पेड़ मोटर मिस्त्री पर गिरा घटना स्थल पर मौत

लोकतंत्र की आवाज

कल्याणपुर/समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में समस्तीपुर–दरभंगा मुख्य सड़क के रामपुरा हिंद मोटर गैरेज के समीप गुरुवार के लगभग 1:00 बजे दिनमें अचानक हल्की हवा के झोंके आने पर वाहन ठीक कर रहे मिस्ट्री के माथे पर गिरा। घटनास्थल पर युवक मिस्त्री की हो गई मौत। मृतक की पहचान लदौरा गांव के वार्ड पांच निवासी मोहम्मद सोहेल के 18 वर्षीय पुत्र मोहम्मद तौफिक उर्फ़ गनौर के रूप में की गई है। घटना के बाद लोगों में आक्रोश फूट पड़ा। नाराज लोगों ने मुख्य सड़क को दो घंटे तक जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, अंचल पदाधिकारी शशि रंजन कुमार, कल्याणपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और लोगों को काफी समझा बूझकर शव को कब्जे में लेते हुए समस्तीपुर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपया का चेक मृतक के परिजन को दिया। जाम को लेकर सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी करतार लगी रही। इतना ही नही कल्याणपुर चौक से पूसा जाने वाली सड़क दुर्गा मंदिर से गांव की ओर जाने वाली सड़क को भी लोगों ने जाम कर दिया। लोगों का कहना था कि बस स्टैंड पेट्रोल पंप आदि के समीप वन विभाग ध्यान नहीं देती कई बड़े पेड़ सुखे और जड़ से कमजोर है। बार–बार स्थानीय लोगों ने विभाग के पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया सूखे पेड़ बड़े हादसे को सबब दे रहा है किसी ने ध्यान नहीं दी। आज उसी का परिणाम मिस्त्री की मौत हो गई, इस मौत का जिम्मेवार वन विभाग है।

### सदर अस्पताल से ई–रिक्शा चुराते एक चोर गिरफ्तार, दो फरार

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। इन दोनों सदर अस्पताल बाइक चोर, डिक्की तोड़ कर चोरी कर– ने वाले चोर और ई–रिक्शा चोरी करने वाले चोर के लिए ऐशगाह बन गया है। जहां लागातार कोई न कोई वारदात वाक्या अवश्य हो रहा है। हालांकि सदर अस्पताल की सुरक्षा में नियुक्त सुरक्षा कर्मी भी तत्पर दिख रहे हैं। ऐसे में सदर अस्पताल परिसर से बुधवार को ई–रिक्शा चोरी करते एक चोर को लोगों ने खदेड़ कर पकड़ा। वही उनके दो साथी भागने में कामयाब रहे। लोगों की पकड़ में आए चोर की जमकर पिटाई कर दी गई। हालांकि बाद में सदर अस्पताल सुरक्षा कर्मी ने उसे अपने कब्जे में लिया। बाद में उसे सदर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। पीड़ित ई–रिक्शा चालक एवं सदर थाना क्षेत्र के कहरा कुटी निवासी मो मुज्जमिन के पुत्र मो शमशेर ने बताया कि वे प्रसव मरीज को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे थे। जिन्हें ई–रिक्शा से उतार कर वे उनसे पैसे लेने चले गए थे। लौटे तो देखा कि उनके ई–रिक्शा को एक युवक चोरी करने का प्रयास कर रहा है। वह युवक उसे खींच कर सुनसान इलाके की ओर ले जा रहा था। जिसके बाद उसने हो– हल्ला मचाया। लोगों की भीड़ झूमटी। चोर को खदेड़ कर पकड़ा गया। इसके बाद लोगों ने उसकी जमकर पिटाई भी कर दी थी। बाद में अस्पताल सुरक्षा कर्मी के जिम्मे उसे सुपुर्द कर दिया गया। जिसे बाद में सदर अस्पताल पहुंचे सदर थाना से पहुंची गशती टीम को सौंप दिया गया। पकड़ में आए चोर सदर थाना क्षेत्र के बटराहा, वार्ड नंबर 26 निवासी सोनू कुमार थे। जिन्हें सदर थाना पुलिस अपने साथ ले गई है।

### समस्तीपुर में वीर कुंवर सिंह के मूर्ति का अनावरण

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। अखियारपुर खजुरी चौक पर देश के प्रथम स्वत्रांता सेनानी अमूल धरोहर सच्चे सपूत बाबू वीर कुंवर सिंह की मूर्ति का अनावरण हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ आरएन सिंह एवं मुख्य अतिथि मंत्री विजय कुमार चौधरी के द्वारा किया गया। इस मूर्ति का निर्माण इस सभा के अध्यक्ष पूर्व प्रधानाध्यापक राम लगन सिंह ने अपने व्यक्तित्व और अपने सहयोगियों के सहयोग से सम्पन्न कराये। खजुरी चौक पर बाबू वीर कुंवर सिंह की मूर्ति की स्थापना कर राम लगन सिंह एक इतिहास रच दिए यह सिर्फ खजुरी चौक और वहां के वासियो के लिए ही नही बल्कि समस्तीपुर के साथ साथ बिहार के लिए गौरव की बात है। जबतक इस खजुरी चौक पर बाबू वीर कुंवर सिंह की मूर्ति रहेगी राम लगन सिंह का नाम रोशन रहेगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सम्मनित किए जाने वालो में उदघाटनकर्ता डॉ आरएन सिंह, मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक राजेश सिंह, एमएलसी तरूण कुमार चौधरी, विधायक वीरेंद्र पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह, पूर्व विधायक राणा गंगेश्वर सिंह, सवर्ण जिला अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, जगरनाथ कुमार आदि का नाम शामिल है।

### जलनल योजना का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

बनमा ईटहरी सहरसा संवाददाता। प्रखंड के सरबेला पंचायत के विभिन्न वार्डों में घर–घर जाकर हर घर नल जला योजना का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार, जई दीपक कुमार, कार्यपालक अभियंता मो. जुबेर, सहायक अभियंता सुनील कुमार गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान मुख्य पाइप से जल आपूर्ति की स्थिति, शुद्धता की स्थिति व नल में लगे टोटी का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कुछ लोग अभी भी आयरन युक्त पानी पीने के लिए विवश हैं। वार्ड संख्या पांच कुशमी गांव में ग्रामीणों ने बताया कि हर घर मे नलजल योजना का लाभ सही ढंग से मिल रहा हैं। वही कुछ वार्डों में संवेदक द्वारा कुछ परिवार में अभी भी नल नही लगाया गया है, जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बाबत अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि वार्ड संख्या पांच में सभी परिवार को जल की आपूर्ति की जा रही है। अब लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। संवेदक द्वारा समय–समय टंकी को साफ कराया जाएगा। ताकि लाभुकों को हरवक्त शुद्ध पेयजल मिल सके। वही उन्होंने कहा कोई शिकायत मिलता है तो उसे जल्द से जल्द दूर कर दिया जायेगा।

### एस एस बी के उप महानिरीक्षक राजेश टिक्कू ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा,जवानों को दिए बाढ़ से बचाव संबंधी निर्देश

लोक तंत्र की आवाज़

सिकटी । राजेश टिक्कू, उप–महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल पुर्णिया व महेंद्र प्रताप, कमांडेंट 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया ने अररिया के सैदाबाद, सिकटी, बरुदाह और अन्य इलाकों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दौरा किया । उप–महानिरीक्षक ने जवानों और ग्रामीणों से वार्तालाप कर उनका हाल जाना साथ ही, नुना नदी के जल स्तर बढ़ने के कारण सीमा स्तम्भ संख्या 159 का निरीक्षण किया जिसमे सीमा स्तम्भ संख्या 159 पानी में समाहित पाया गया ।इस दौरान उपमहानिरीक्षक ने जवानों को बाढ़ से बचाव संबंधी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए साथ ही, इस परिस्थिति में भी जवानों को देश की सीमा की सुरक्षा संबंधी प्रचालन गतिविधियों को सफल संचालन हेतु उत्साहवर्धन किया । इसी के क्रम में, उप–महानिरीक्षक ने सिकटी, सैदाबाद और बरुदाह में बाढ़ प्रभावित इलाको का भ्रमण कर स्थानीय लोगो का हाल जाना एवं बाढ़ से बचाव और गांवो में पानी जमा होने कारण फैलाने वाली बीमारियों से बचाव हेतु उन्हें आवश्यक निर्देश दिए एवं उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# पंडित जवाहरलाल नेहरूके बाद लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने वाले दूसरे नेता हैं नरेंद्र मोदी: पंडित अजय झा

लोक तंत्र की आवाज़



अररिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार देश की सत्ता संभालते ही देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर ली है। उन्हें वाराणसी की जनता ने लगातार तीसरी बार लोकसभा में पहुँचाया है। परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को बधाई एवम शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने बहुत ही कम उम्र में अपना घर छोड़ दिया था। स्टेशन पर चाय बेचने वाले से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक का सफर उनके लिए आसान नहीं था।

मोदी एक करिश्माई और प्रभावशाली नेता हैं जिन्होंने देश के राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। संघ के साथ कार्य करते हुए मोदी ने विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने देशभर में संघ की विचारधारा और कार्यों का प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने अनेक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन अपने अदम्य साहस और संकल्प से वे संघ में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने में सफल रहे।

उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ काम करना शुरू किया, जो भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास पर केंद्रित एक सामाजिक सांस्कृतिक संगठन है, जिसने उनमें निस्वार्थता, सामाजिक जिम्मेदारी, समर्पण और राष्ट्रवाद की भावना को जन्म दिया। नरेन्द्र मोदी ने आरएसएस के साथ अपने कार्यकाल में विभिन्न अवसरों पर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं, जिनमें 1974 का भ्रष्टाचार विरोधी,नवनिर्माण आंदोलन और 19 महीने (जून 1975 से जनवरी 1977) की कष्टदायक सेवा अवधि शामिल है, जब 'आपातकाल' के दौरान भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों का गला घोंटा गया था। मोदी ने लोकतंत्र की सच्ची भावना का मार्ग दिखाते हुए पूरे कालखंड में गुप्त अभियानों का मार्गदर्शन करके तथा तत्कालीन केंद्र सरकार के फासीवादी तरीकों के खिलाफ आध्यात्मिक लड़ाई लड़कर लोकतंत्र की बुनियादी बातों को जीवित रखा। 1987 में वे भाजपा में शामिल हो गए और मुख्यधारा की राजनीति में प्रवेश किया। महज एक साल के भीतर ही उन्हें भाजपा की गुजरात इकाई के महासचिव के पद पर पदोन्नत कर दिया गया।

इस समय तक वे पार्टी में एक बेहद कुशल संगठनकर्ता के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुके थे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को सही इरादे से तैयार करने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया जिसके बाद पार्टी को राजनीतिक लाभ मिलना शुरू हुआ और अप्रैल 1990 में केंद्र में गठबंधन सरकार बनी। हालांकि यह साझेदारी ज्यादा दिनों तक नहीं चली और कुछ ही महीनों में टूट गई, लेकिन भाजपा ने गुजरात पर पकड़ बना ली और 1995 में अपने दम पर दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में आई। तब से भाजपा गुजरात की निर्देशक है। 1998 में उन्हें भाजपा के महासचिव (संगठन) के रूप में पदोन्नत किया गया, इस पद पर वे अक्टूबर 2001 तक रहे, जब उन्हें गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात राज्य का नेतृत्व करने के लिए चुना गया, जो भारत के सबसे समृद्ध और प्रगतिशील राज्यों में से एक है।

## प्रति माह पोषक क्षेत्र के 8 से 10 संभावित मरीजों को करें चिह्नित



लोक तंत्र की आवाज

अररिया। जिले में टीबी उन्मूलन अभियान की सफलता में आशा कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। मरीजों को चिह्नित करने से लेकर अपने निगरानी में रोगी को दवा का पूरा कोर्स खिलाने पर सरकार द्वारा उन्हें निर्धारित प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाता है। टीबी रोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने व इसे लेकर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी आशा कर्मियों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को फारबिसगंज पीएचसी परिसर में किया गया। सीडीओ डॉ वाईपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला टीबी व एड्स समन्वयक दामोदर शर्मा, पीएचसी प्रभारी राजीव बसाक सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आशा कर्मियों को रोग के लक्षण, उपचार संबंधी जरूरी जानकारी साझा करते हुए रोग उन्मूलन को लेकर विभिन्न सरकारी प्रयासों के प्रति जागरूक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड अंतर्गत आठ पंचायत के की आशा फैसिलिटेटर व आशा कर्मियों के साथ–साथ सभी एसटीएस, एटीएलएस, डीपीएस सहित अन्य ने भाग लिया।

जिला टीबी व एड्स समन्वयक ने बताया कि सभी आशा कर्मियों को प्रत्येक माह संबंधित पोषक क्षेत्र से 08 से 10 संभावित टीबी मरीजों को चिह्नित करने का लक्ष्य दिया गया है। इसी तरह आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत सीएचओ को भी प्रति दिन ओपीडी में आने वाले संभावित मरीजों को चिह्नित कर उनका बलगम जांच सुनिश्चित कराते हुए इसकी अद्यतन रिपोर्टिंग सुनिश्चित कराने के लिये निर्देशित किया गया है। सीएचओ को इसके लिये विशेष रूप से प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षित भी किया जायेगा। प्रशिक्षण में शामिल कर्मियों को टीबी उन्मूलन अभियान की सफलता को लेकर संचालित निक्षय मित्र, निक्षय पोषण योजना व डीबीटी संबंधी अन्य योजना की जानकारी दी गयी। टीबी रोगियों के कंसेंट पेंडिंग में सुधार के साथ निक्षय मित्रों की संख्या बढ़ाने पर बैठक में विशेष जोर दिया गया। जिला टीबी व एड्स समन्वयक दामोदर शर्मा ने बताया कि जिले के सभी टीबी यूनिट को अपने स्तर से 04 टीबी चैंपियन को चिह्नित करते हुए इसकी सूची जिला टीबी यूनिट को उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया गया है। ताकि उन्हें खासतौर पर प्रशिक्षित करते हुए टीबी उन्मूलन अभियान में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करायी जा सके।

### चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। सदर थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बीते 31 मई स्थानीय हवाई अड्डा के निकट से चोरी गई बाइक के साथ तीन आरोपी को गिरफ्तार किया। जिन्हें जेल भेज दिया गया है। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि बीते 31 मई को नया बाजार निवासी अजय कुमार अपनी बाइक बीआर 19 एम 9537 के साथ स्थानीय हवाई अड्डा के निकट टहलने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनकी बाइक की चोरी हो गई थी। इस मामले में थाना सदर थाना कांड संख्या 550/24 दर्ज हुआ था ।इस दौरान सूचना मिली कि चोरी की बाइक के साथ कुछ युवक अस्पताल मोड़ के निकट दिखे हैं। जिसके बाद उन सभी आरोपी युवकों को हिरासत में लिया गया। जिनसे चोरी गए बाइक की बरामद की हुई है। गिरफ्त में लिए गए तीन अपराधी में खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पचरासी गांव निवासी अमित कुमार, सुपौल जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलापट्टी गांव निवासी आकर्षण कुमार वर्मा और जिले के महिषी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलहर गांव निवासी ध्रुव कुमार झा थे।

## बदमाशो ने सुप्ता अवस्था में युवक को मारी गोली पीएमसीएच में भर्ती हालत नाजुक, एफएसएल की टीम घटना स्थल पर पहुंच जांच शुरू की

लोकतंत्र की आवाज

खानपुर/समस्तीपुर। खानपुर थाना क्षेत्र के भोरेजयराम गांव में बीती रात अज्ञात बदमाशो ने उस वक्त एक युवक गोली मार दी जब वह अपने दरवाजे पर चारपाई पर सोया हुआ था। गोली मारने के बाद अपराधी भागने में सफल रहा।

घायल युवक की पहचान खानपुर थाना क्षेत्र के भोरेजयराम वार्ड संख्या 05 निवासी सुरेश झा के 18 वर्षीय पुत्र सुंदरम कुमार झा उर्फ राजा के रूप में हुई है। गोली लगने से घायल युवक को उसके परिजनों ने ईलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर में भर्ती कराया। जहां घायल युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। बताया जाता है कि बदमाशों ने सुंदरम के कनपट्टी में गोली मारी जो आरपार होकर तकिया में फंस गया। किसी ने घटना की जानकारी खानपुर थाना को दी, सूचना मिलते हीं खानपुर के थाना अध्यक्ष मो॰ फहीम, अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार अपने फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर, स्थानीय ग्रामीणों तथा घायल युवक के परिजनों से पूछताछ कर रही है।

घटना के संबंध में सूत्रों का बताना है घायल युवक भोरे जयरामपुर गांव स्थित अपने घर के दरवाजे पर सोया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने सुप्ता अवस्था में ही उक्त युवक के सिर में गोली मार दी और भाग निकला। गोली चलने की आवाज सुनकर घायल युवक के परिजन घर से बाहर निकले तो देखा कि दरवाजे पर सो रहा सुंदरम के सिर से खुन निकल रहा है। जिसके बाद घायल युवक के दरवाजे पर कोहराम मच गया। इधर पूछे जाने पर घायल युवक की बहन



पल्लवी कुमारी ने बताया कि मेरी भाभी की बहन है जिसका नाम पुतुल कुमारी है। जो हरियाणा गुड़गांव में अपने माता पिता के संग रहती है। उसने मेरे भाई से अपने साथ शादी करने का दबाव डाल रही थी जहां मेरा भाई सुंदरम ने लड़की के साथ शादी करने से साफ इंकार कर दिया था। तथा भाई का कहना था की तुम 22 वर्ष की हो और मैं 18 वर्ष का हूं। यह शादी मैं नही कर सकता। जिसके बाद लड़की ने मेरे भाई को जान से मरवा देने की धमकी दे रही थी, विगत कुछ दिन पूर्व उक्त लड़की बेगुसराय जिला के तेघरा बजलपुरा निवासी संदीप सौरभ उर्फ भुट्टा सिंह के साथ शादी कर ली। विगत 24 जून को घायल सुंदरम कुमार की बड़ी बहन को मोबाइल पर धमकी भरा फोन आया और कहा की एक तुम्हारा भाई पीते पीते मर जाएगा और दूसरे भाई को हम मार देंगे। पल्लवी ने बताया की उक्त लड़की अपने पति संदीप सौरभ कुमार उर्फ भुट्टा सिंह पिता ललन सिंह व अपने साथी अनुराग गौतम ग्राम गौराही जिला बेगूसराय के साथ मिलकर बुधवार की रात्रि में घटना को अंजाम दिया। इधर जानकारी मिलने पर सदर डीएसपी 2 विजय महतो घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से गहन पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि जो भी इस घटना में शामिल होगा उसे गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही घायल राजा पटना में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। फिलहाल थानाध्यक्ष मोहम्मद फहीम ने घटना का सफल उद्भेदन के लिए एसएफएल की टीम को सूचित किया है। मौके पर सदर डीएसपी विजय महतो ,खानपुर थानाध्यक्ष मोहम्मद फहीम,अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार व फोरेंसिक लैब की टीम उपस्थित रही।

## सहरसा नगर निगम कर्मियो को भुगतान नही मिलने रोष प्रदर्श व चर्चाएं क्षेत्रों में

लोकतंत्र की आवाज



सहरसा संवाददाता।नगर निगम के कार्यरत सफाई कर्मियों ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय गेट पर वेतन की मांग को. लेकर धरना प्रदर्शन किया। कर्मियों का कहना हैकि हमलोगों को महीनों से वेतन नहीं दिया जा रहाहै। जिससे भूखमरी की स्थिति बन आयी है।

इस बाबत नगर आयुक्त ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नगर निगम में कार्यरत सभी पदाधिकारी कार्यालय कर्मी दैनिक सफाई कर्मियों आदि का भुगतान माह अप्रैल 2024 तक का किया जा चुका है एवं किसी भी कर्मी का भुगतान तीन माह से लंबित नहीं है।नगर आयुक्त मुमुक्षु चौधरी ने बताया कि सफाई कार्यरत एजेन्सी जय माँ कुल देवी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा लि द्वारा जारी किये गये आम सुचना में उल्लेखित किया गया है कि नगर निगम सहरसा में सफाई एजेन्सी के द्वारा कार्यरत सफाईकर्मी अपना–अपना खाता सं, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ईपीएफयुएएन नंबर अविलंब नगर निगम सहरसा कार्यालय में जमा करें ताकि दैनिक पारिश्रमिक का भुगतान किया जा सके। नगर आयुक्त ने कहा कि सफाई कार्य एजेन्सी के तहत कार्यरत सफाईकर्मियों के भुगतान की जबाबदेही कार्यरत एजेन्सी का ही है। परन्तु वैसे मजदुरों के द्वारा नगर निगम को सूचना नही दिया गया है कि एजेन्सी के द्वारा कब तक एवं किन किन सफाईकर्मी का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि हड़ताल करने से पूर्व उनकी मांगो को पुरा कर सूचना देने का प्रर्याप्त समय कार्यालय को नहीं दिया गया।

## डरौड़ी में राम-जानकी मंदिर बनकर तैयार, प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी जोरों पर

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। मैथिली साहित्य के सुप्रसिद्ध रचनाकार कपिल देव ठाकुर उर्फ स्नेहलता की जन्मस्थली कल्याणपुर प्रखंड के विदेह नगर डरौड़ी में श्री राम – जानकी मंदिर बनकर तैयार हो चुका है, जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम व जगत जननी माता जानकी की प्रतिमा स्थापित की गई है।

इस बाबत लोक कला संस्कृति संस्थान के तत्वावधान में 4 जुलाई से पांच दिवसीय प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की सफलता को लेकर समस्त ग्रामवासियों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। लोक कला संस्कृति संस्थान से जुड़े व लोक गायक रामभरोस ठाकुर ने आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 4 जुलाई को कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, 6 जुलाई को भगवान का अधिवास संपन्न होगा। 7 जुलाई को प्राण – प्रतिष्ठा संपन्न कराया जाएगा, वहीं 8 जुलाई को 24 घंटे का अष्टयाम यज्ञ होगा। 9 जुलाई को पूर्णाहुति के साथ महोत्सव का समापन होगा।

इस महोत्सव के आयोजन को लेकर एक ओर जहां मंदिर के रंग–रोगन का काम अंतिम दौर में है, वहीं साज–सज्जा के साथ – साथ भव्य यज्ञशाला व विशाल पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर ग्रामीण कौशल किशोर ठाकुर, पुष्पांजय कुमार, संजय कुमार ठाकुर, अंशुमान कुमार राजा, कमलेश ठाकुर, जयप्रकाश ठाकुर, आनंद रंजन आदि अहम भूमिका निभा रहे हैं। विदित हो कि कपिल देव ठाकुर उर्फ स्नेहलता जी ने इस माटी से मैथिली भाषा में ऐसे पुष्प खिलाए हैं, जिसकी खुशबू आज भी आम जनमानस को हर्षित कर देती है। उन्होंने मैथिली साहित्य को नया आयाम देकर उसे युगांतरकारी बना दिया। उनकी रचनाएं रामाश्रयी रसिकों को अपनी और आकर्षित करती रही है।

स्नेह लता जी द्वारा लिखा हुआ वैदेही विवाह आज भी कीर्तन मंडलियों को कंठ देने का काम कर रही है। उन्होंने विनय पदावली, शिववाणी, चेतावनी, झूला–संकीर्तन, सीतावतरण प्रबन्धकाव्य, स्नेहशतक – दोहावली – कवित्त आदि रचनाओं के द्वारा महिलाओं को सुर देने का काम किया है। इनके द्वारा रचित वैदेही विवाह मिथिला के कीर्तन–भजन प्रमेयों को राम–सीता विवाह का सजीव चित्रण कराती है।

## अररिया राजद का जिलास्तरीय समीक्षा बैठक राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में 29 जून को: मनीष यादव

लोक तंत्र की आवाज



अररिया। अररिया लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बावजूद हार के कारणों एवं परिणाम पर मंथन करने के उद्देश्य से दिनांक 29.06.2024 ( शनिवार ) को दोपहर 2 बजे से राजद जिला कार्यालय, अररिया में समीक्षा बैठक आहूत की गई है जिसमें बिंदुवार एक एक पहलू पर चर्चा की जाएगी। जिला राजद के अध्यक्ष मनीष यादव ने अपने पत्रांक 80 दिनांक 26/06/2024 के जरिए इस बैठक में अररिया लोकसभा प्रत्याशी सह माननीय विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व प्रत्याशी, विशेष आमंत्रित सदस्य, सभी प्रदेश पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, जिला कमिटी के सभी पदाधिकारी, सभी प्रखंड व नगर के अध्यक्षगण को सादर सूचित किया है कि वे दिनांक 29 जून 2024 को अपरा' 2 बजे से राजद जिला कार्यालय, अररिया में लोकसभा चुनाव 2024 की समीक्षात्मक बैठक में आवें। उक्त बैठक में परिणाम पर मंथन किया जायेगा। साथ हीं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी एवं अन्य सांगठनिक विषयों पर पर चर्चा की जाएगी। बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है और सबों की उपस्थिति अनिवार्य है। सभी प्रखंड अध्यक्ष बूथ व पंचायतवार परिणाम की कॉपी लेकर आएंगे। सभी साथी अपने बूथ व पंचायत की डिटेल्स लेकर आएंगे ताकि हार के कारणों पर गंभीरतापूर्वक एवं निष्पक्ष चर्चा हो सके।

### मुजफ्फरपुर में पत्रकार शिव शंकर झा की हत्या पर पत्रकारो ने जताया शोक

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। समस्तीपुर प्रेस क्लब परिसर में गुरुवार को मुजफ्फरपुर में हुए पत्रकार शिव शंकर झा की हत्या मामले को लेकर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता आईजेए संगठन समस्तीपुर इकाई के जिला अध्यक्ष राजकुमार राय की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह बिहार में पत्रकारो की हत्या हो रही है इससे पत्रकारों में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है। सरकार को अविलंब पत्रकार की हत्यारे को गिरफ्तार करने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है। वही संगठन के समस्तीपुर जिला इकाई के उपाध्यक्ष ज्योति कुमार सिंह उर्फ बालाजी ने भी पत्रकार की हत्या पर बोलते हुए कहा कि अविलंब दोषियों पर कार्रवाई करने स्पेशल ट्रायल चलाकर अपराधियों को अविलंब पकड़ा जाय। मौके पर राज कुमार राय के अलावा मुकेश कुमार, नितेश कुमार, एमएन आजाद, अंकुर कुमार, सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, मृत्युंजय ठाकुर, केशव कुमार, प्रकाश कुमार सहित अन्य पत्रकार शामिल थे।

## जनसंख्या नियंत्रण संबंधी उपायों की मजबूती के लिये चलेगा विशेष अभियान

लोक तंत्र की आवाज

अररिया। जनसंख्या नियंत्रण संबंधी उपायों को प्रोत्साहित करने व जनसंख्या स्थिरता संबंधी उपायों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में 27 जून से 31 जुलाई तक विशेष अभियान संचालित किया जायेगा। दो चरणों में संचालित इस अभियान के क्रम में 27 जून से 10 जुलाई तक दंपति संपर्क पखवाड़ा संचालित किया जायेगा। इसमें परिवार नियोजन संबंधी विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक दंपतियों को चिह्नित किया जायेगा। वहीं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जिले में विशेष जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आयोजित करते हुए इच्छुक योग्य दंपतियों को सहजता पूर्वक परिवार नियोजन संबंधी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा। इस दौरान 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का



आयोजन करते हुए लोगों को परिवार नियोजन के महत्व व इसकी उपयोगिता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष मुहिम संचालित की जायेगी।

**लाभार्थियों को सरकार देती है प्रोत्साहन राशि :** जिला सामुदायिक समन्वयक सौरव कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण को बढ़ावा देने के लिये परिवार नियोजन संबंधी साधनों को अपनाने पर लाभार्थियों को प्रोत्साहित किये जाने का प्रावधान है। इसके लिये पुरूष नसबंदी के लिये लाभार्थी को तीन हजार रुपये, महिला बंध्याकरण अपनाने पर

- जिले में 27 जून से 31 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा जनसंख्या स्थिरता माह

दो हजार रुपये, प्रसव उपरांत बंध्याकरण के लिये तीन हजार रुपये, प्रसव उपरांत कॉपर टी लगाने पर तीन सौ रुपये, गर्भपात के उपरांत कॉपर लगाने पर तीन सौ रुपये के साथ–साथ गर्भ निरोधक सुई के इस्तेमाल पर प्रोत्साहन राशि के रूप में लाभार्थियों को सौ रुपये भुगतान किया जाता है। इसके साथ ही गर्भ निरोधक सुई अंतरा, गर्भनिरोधक गोली छाया का इस्तेमाल भी अनचाहे गर्भ से बचने का एक सुरक्षित व प्रभावी उपाय है। परिवार नियोजन से जुड़ी तमाम तरह की सेवाएं जिले के सभी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बारिश नहीं होने से बढ़ी बहरागोड़ा क्षेत्र के किसानों की चिंता, तेज धूप व तपती गर्मी के कारण झुलस रहे धान के बीचड़े



लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता जादूगोड़ा । बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मधुआबेड़ा गांव में बारिश नहीं होने के कारण क्षेत्र के किसान काफी चिंतित हैं. अनेक किसानों ने अपने खेतों की जुताई कर धान के बीज डाले थे जिनसे पौधे भी निकल आए हैं, परंतु पानी के अभाव में बिचड़े भी अब झुलसने लगे हैं. मौसम का मिजाज इस वर्ष इस कदर बदला नजर आ रहा है कि लगता है कि इस वर्ष फिर सुखाड़ पड़ने वाला है. कड़ी धूप और तपिश बढ़ने के कारण खेतों में धान की रोपाई शुरू भी नहीं हो पा रही है. फिलहाल स्थिति यह है कि बारिश के अभाव में खेतों में धान के बीचड़े झुलस रहे हैं. खेतों में दरारें पड़ गई हैं. किसानों का कहना है कि यही स्थिति रही तो धान के बीचड़े नष्ट हो जाएंगे. वहीं क्षेत्र में अनेक किसान ऐसे हैं जो अभी तक अपने खेतों में धान के बीज भी नहीं डाल पाये हैं. ऐसे किसान मॉनसून का इंतजार कर रहे हैं कि कब बारिश हो, उसके बाद ही वे खेती के कार्य शुरू करेंगे.

### यूसिल कर्मी विद्या शर्मा की माता पंचतत्व में विलीन, मुखाग्नि बड़े पुत्र ने दी



लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता जादूगोड़ा । गुरुवार को युसिल कर्मी विद्या शर्मा की माता मूलक रानी देवी का अंतिम संस्कार जादूगोड़ा स्थित मुक्ति धाम में कर दिया गया.मुखाग्नि बड़े पुत्र धर्मनाथ शर्मा ने दी. विद्या शर्मा की माता के अंतिम यात्रा में कालेज स्टूडेंट,समाजसेवी से लेकर आम लोग शामिल रहे. परिवारों की ओर से भरत शर्मा, विद्या शर्मा, आलोक कुमार, आदित्य कुमार, कौशिक कुमार, प्रियेश कुमार, अशोक कर, अर्जुन शर्मा, उपेंद्र शर्मा समेत काफी संख्या परिचित लोग मौजूद थे. विदित हो कि जादूगोड़ा के युसिल कर्मी विद्या शर्मा की 90 वर्षीय मां मूलक रानी देवी बीते बुधवार को संध्या समय ब्रह्मानंद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया. मूलक रानी देवी एक महीने पहले पलंग से गिर गई थी. जिसको लेकर पैर की हड्डी में क्रेक के बाद दर्द की शिकायत पर टाटा मेन अस्पताल से भर्ती कराया गया, जहां से छुट्टी देने के बाद भी सुधार न होने पर दोबारा दर्द की शिकायत होने लगी. इसके बाद शनिवार को ब्रह्मानंद अस्पताल भर्ती करवाया गया. इस दौरान भोजन करने के क्रम में सांस की नली में अनाज का दाना अटक गया. जिसके बाद स्थिति बिगड़ गयी व देर संध्या ब्रह्मानंद अस्पताल में उनका निधन हो गया था.

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के संबंध में उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा (झारखंड)। जिला कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी. बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, चतरा ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत सूक्ष्म ऋण, व्यवसाय एवं वाहन ऋण दिया जाता है. जिससे पात्र आवेदक इस ऋण के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस योजना के तहत चतरा जिले में अब तक 134 लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया है. इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन लोगों को ऋण दिया गया है, उन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी स्तर से जांच कराने के बाद ही दूसरी किस्त का भुगतान करें, साथ ही लाभुकों को सक्सेस स्टोरी बनाने का निर्देश दिया. आगे बताया गया कि वर्ष 2023–24 के लिए 259 आवेदन अनुमोदन के बाद निगम को भेजे गए हैं। इस योजना के तहत सूक्ष्म ऋण 50000/– (किराना दुकान, कपड़ा दुकान, पान दुकान, सैलून दुकान आदि), व्यवसाय ऋण–50001/– से 2500000/– (किराना दुकान, जनरल स्टोर दुकान, छड़ एवं सीमेंट दुकान, हार्डवेयर दुकान, इलेक्ट्रॉनिक दुकान आदि) एवं वाहन ऋण – 50001/– से 2500000/– (6 सीटर से ऊपर के वाहन जैसे बोलेरो, इनोवा, ट्रैक्टर आदि) की जानकारी दी गई। इस पर उपायुक्त ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि योग्य एवं पात्र लोगों को इस योजना का लाभ मिले. कागजात एवं भौतिक सत्यापन के बाद ही ऋण देने की कार्रवाई करें. उन्होंने आगे कहा कि कुछ दिन पहले प्रतापपुर प्रखंड के हिंदिया कला में पंकज बिरहोर की मृत्यु हो गयी, उनके परिवार को कल्याण विभाग के तहत संचालित योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें. उक्त बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला अग्रणी प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे.

### कौन बनेगा करोड़पति सीज़न 16 ने एक विचारोत्तेजक कैम्पेन पेश किया: ज़िंदगी है हर मोड़ पर सवाल पूछेगी। जवाब तो देना होगा

लोक तंत्र की आवाज़
देवघर। देश भर में लाखों दिलों को जीतने वाला और परिवारों को एकजुट करने वाला शो, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) अपने बहुप्रतीक्षित 16वें सीज़न के साथ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर वापस आ गया है, जिसकी मेज़बानी महान अमिताभ बच्चन कर रहे हैं।केबीसी हमेशा से किसी आम क्विज़ शो से कहीं बढ़कर रहा है; यह भारतीय लोगों के ज्ञान, दृढ़संकल्प और अदम्य भावना का उत्सव है। सालों से, यह प्रतिष्ठित मंच लोगों के जीवन को बदलने, लाखों लोगों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने में सहायक रहा है, और इसका 16वां सीज़न जल्द ही सोनी पर लॉन्च होगा।

# डीवीसी, बोकारो ताप विद्युत केन्द्र में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**बोकारो(झारखंड)।** जिले के बोकारो थर्मल बोकारो ताप विद्युत केन्द के तकनीकी भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में आज 27.6.2024 गुरुवार को डीवीसी अधिकारियों/कर्मचारीयों हेतु एक दिवीसीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वरीष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान श्री आनंद मोहन प्रसाद, महाप्रबंधक (ओएवंएम) श्री एस. भट्टाचार्य, उपमहाप्रबंधक (प्रशा.) श्री बी. जी. होलकर,उपमहाप्रबंधक श्री नरेश मुरास्कर,उपमहाप्रबंधक श्री अखिलेन्दु सिंह,उपमहाप्रबंधक डॉ गोस्वामी,उपमहाप्रबंधक श्री शैलेश कुमार,आमंत्रित वक्ता डॉ. संजय जायसवाल,प्रोफेसर विद्यासागर विश्वविद्यालय, मिदनापुर, पं0 बंगाल एवं डॉ. मधुसिंह,प्रोफेसर,खुदीराम बोस सेन्ट्रल कॉलेज, कोलकता, पं0 बंगाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।



इसके बाद परियोजना प्रधान महोदय द्वारा आमंत्रित वक्ताओं को वृक्ष एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आगे उपमहाप्रबंधक (प्रशा.) श्री बी. जी. होलकर ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारी का स्वागत करते हुए राजभाषा के अधिक से अधिक उपयोग पर जोर दिया। इसके उपरांत वरीष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान श्री आनंद मोहन प्रसाद ने राजभाषा कार्यशाला पर अपना व्यक्तवय रखते हुए कहा कि हम सभी को अपने रोजाना के कार्यालयीन कार्यो में हिंदी को बढ़ावा देना होगा तभी राजभाषा का सही विकास एवं प्रसार होगा।

इसके बाद आमंत्रित वक्ता डॉ. संजय जायसवाल, प्रोफेसर विद्यासागर विश्वविद्यालय, मिदनापुर, पं0 बंगाल द्वारा कार्यशाला को आगे बढ़ाते हुए हिंदी भाषा की सहजता एवं सरलता के बारे में बताया गया एवं साथ ही साथ उनके द्वारा रचित कुछ कविताए भी सुनाई। आगे, डॉ. मधुसिंह, प्रोफेसर, खुदीराम बोस सेन्ट्रल कॉलेज, कोलकता, पं0 बंगाल द्वारा हिंदी भाषा के वैश्विकरण के बारे में बताया गया, उन्होनें बताया कि हमारी हिंदी भाषा न सिर्फ भारत में बल्कि विश्व के कई देशों में बोली व समझी जाती हैं।

उन्होनें यह भी कहा कि हमारी हिंदी फिल्मों द्वारा भी विश्वभर में हिंदी का विकास एवं प्रसार होता है, अंत में डॉ. मधुसिंह ने भी अपनी कविता का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में परियोजना प्रधान महोदय द्वारा दोनों अतिथि वक्ता को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मानव संसाधन विभाग की प्रबंधक, श्रीमती अंजु बोपाई, उप प्रबंधक श्रीमती तनिषा शिल्वी, सहा. प्रबंधक (सं/मा.सं.) श्री अनुराग सिन्हा एवं श्री अविनाश कुमार सिन्हा, वरीय प्रबंधक (या.) शैलेन्द्र कुमार, वरीय प्रबंधक (वि.) श्री सुरजीत सिंह, उप प्रबंधक (सर्तकता) श्री तारीक सईद, प्रबंधक (वित्त) श्री एम के चौधरी, एस के ओझा, दीनानाथ शर्मा, संजय राय, मनोज सिंह, केरल टुडू, बेनुधर बेहरा, शाहिद इकराम इत्यादि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन हिंदी अधिकारी रवि सिन्हा द्वारा किया गया।

## खरना के कारीमाटी में ट्रांसफॉर्मर जल जाने से, अंधेरे में रहने को विवश हैं ग्रामीण



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**विष्णुगढ़(हज़ारीबाग)।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरना पंचायत के टोला कारीमाटी में पिछले 20 मई 2024 से ही 16 केवी का ट्रांसफॉर्मर जल चुका है जिसकी वजह से 25 आदिवासी परिवार बिना बिजली के त्रस्त हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रांसफॉर्मर जलने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा सबंधित जेई को इसकी सूचना दी। सूचना दिए जाने के उपरांत अब तक एक महीना से भी अधिक समय बीत चुका है मगर इस मामले को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। नतीजन समस्त गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। बताया गया कि सबंधित जेई को जब भी दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया जाता है तो वह कोई जवाब नहीं देते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अब इस गांव का भगवान ही मालिक है, कहने को तो, अबुआ दिशोम, अबुआ राज्य है लेकिन धरातल की सच्चाई कुछ ही बयान करती है। इस मामले में जेई से बात करने के उपरांत बताया गया कि उनके संज्ञान में एक टोला में ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना थी और एक महीने पूर्व ही वहां ट्रांसफॉर्मर दे दिया गया है, कारीमाटी टोला की सूचना उन्हें अभी मिली है जिस पर जल्द पहल करते हुए दो से तीन दिनों में ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## पावर हाउस का पड़ोसी शीतलपुर 48 घंटे से अंधेरे में, परेशानी



लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** एक लोकोक्ति है कि मछली पानी में रहते हुए भी प्यासी रहती है यह बात इस माइने में यहां उपयुक्त लगती है कि शीतलपुर तथा पावर हाउस की दूरी बीच की एक नदी है बावजूद इसके बिजली की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है पता नहीं क्यों कहे को अफसरशाही का भूत इन लोगों को काम में लेट करने में सुख प्रदान करती है ।यहां इस बात पर ध्यान देना होगा की और कितने दिन या कितने घंटे बाद शीतलपुर का हरिजन मोहल्ला को पुनः बिजली प्राप्त हो पाता है।

## तेलहन की खेती को बढ़ावा देने किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

### कृषि विज्ञान केन्द्र में धालभूमगढ़, घाटशिला, जमशेदपुर, मुसाबनी और बहरागोड़ा के 20 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया

लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता जादूगोड़ा ।** दारीसाई स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में गुरुवार को किसानों को क्लस्टर फ्रंट लाइन प्रत्यक्षण तेलहन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. केंद्र की प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ आरती वीणा एक्का व गोन्द्रा मार्डी ने धालभूमगढ़, घाटशिला, जमशेदपुर, मुसाबनी और बहरागोड़ा के 20 किसानों को प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण में सूर्यमुखी, सरगुजा व सोयबीन के उत्पादन में तकनीक के उपयोग पर जोर दिया गया. डॉ आरती वीणा एक्का ने बताया कि जलवायु परिवर्तन को देखते हुए धान की खेती के आसरे बैठने के बजाय तेलहन की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है.



उन्होंने किसानों को सोयाबीन की फसल में उन्नत किस्में, समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन का महत्व एवं आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी, पौधों पर पोषक तत्व की कमी के लक्षण एवं कमी को पूरा करने के उपाय के साथ ही मिट्टी के स्वास्थ्य की जांच हेतु मिट्टी नमुना लेने के तकनीकी से अवगत कराया तथा लवणीय एवं क्षारीय भूमि की पहचान, भूमि सुधार हेतु जिप्सम प्रयोग व हरी खाद का महत्व, मृदा स्वास्थ्य हेतु जैविक खादों का प्रयोग, वर्मी कम्पोस्ट बनाने की विभिन्न विधियां व जैविक खाद– वर्मीवाश तैयार करने की प्रायोगिक जानकारी दी. प्रशिक्षण के अंत में किसानों को बताया कि आपलोग प्रशिक्षण लेकर दूसरे किसान साथियों के साथ भी साझा करें.

## कोटपा एक्ट के तहत ड्रग इंस्पेक्टर ने की छापेमारी, पाँच दुकानदारों से वसूला जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** बुधवार को बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ड्रग इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में दल बल के साथ विभिन्न दुकानों में छापेमारी अभियान संचालित किया।मिली जानकारी के अनुसार कोटपा एक्ट के विभिन्न धाराओं में से COTPA ACT 2003 के SEC-6B के तहत ( किसी शिक्षण संस्थान के आसपास 100 गज के दायरे में तंबाकू की बिक्री प्रतिबंधित है)।



इस कानून के तहत किसी भी शिक्षण संस्थान के 100 गज की दायरे में तंबाकू खरीद बिक्री पर पूर्णता प्रतिबंध है जिसमें गुटखा खैनी सिगरेट या तंबाकू संबंधित किसी भी प्रकार की नशीली पदार्थ की खरीद बिक्री प्रतिबंधित है इस बाबत साहिबगंज जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले भर में संबंधित पदाधिकारीयों द्वारा औचक छापेमारी अभियान संचालित की जा रही है इसी क्रम में बरहरवा थाना क्षेत्र में भी बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया गया।उक्त कानून का उल्लंघन करने वालो को फाइन किया गया कुल 12 दुकानों में छापा मारा गया जिसमे से 5 दुकानों में उल्लंघन करते हुए पाया गया । इस छापेमारी दल में ड्रग इंस्पेक्टर राजेश कुमार,परामर्शी शैलेश कुमार,सोशल वर्कर राजीव कुमार पाल,बरहरवा थाना एएसआई अमित कच्छप एवं दल बल के साथ शामिल थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पलामू के रामगढ़ प्रखंड में गुरुवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का किया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता,अरविंद अग्रवाल**
**छत्तरपुर पलामू, मेदिनीनगर।** जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने रामगढ़ प्रखंड में गुरुवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उदय भुइंया और संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष राकेश सोरेन ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झामुमो पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, चन्दन प्रकाश सिन्हा एवं जिला सचिव सन्नू सिद्दकी, जिला उपाध्यक्ष बालकिशुन उरांव, राजेश सिन्हा, विवेकानंद सिंह, पिछड़ी मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष फैजेल अहमद उपस्थित रहे।

**सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार एवं नौकरी हेतु लाखों वैकेंसी निकाली गई है: राजेंद्र सिन्हा :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिन्हा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दें । बुथ कमिटी को मजबूत करने की आवश्यकता है। किसी भी हालत में पलामू के हर एक विधानसभा चुनाव को जितना है। कार्यकर्ताओं को सरकार के द्वारा दी जाने वाली योजनाओं को घर घर बताने का कार्य करें। झारखंड सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को बताते हुए राजेन्द्र सिन्हा ने कहा कि

**● रोजगार की खोज में झारखंड वासियों को दूसरे राज्यों में पलायन पर रोक लगेगा: जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा**

समाज के हर तबके के लोगों के लिए झारखंड सरकार योजनाएं चला रही हैं। सर्वजन पेंशन योजना के तहत शत प्रतिशत लाभुकों को फायदा मिल रहा है सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार एवं नौकरी हेतु लाखों वैकेंसी निकाली गई है। बहुत जल्द झारखंड के युवा स्वावलंबी बनेंगे और हम झारखंड वासी दूसरे राज्य पर निर्भर नहीं करेंगे।

रोजगार की खोज में झारखंड वासियों को दूसरे राज्यों में पलायन पर रोक लगेगा। भाजपा की यह सोच थी कि हेमंत सोरेन को जेल जाते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा कमजोर हो जाएगा और गरीब गुरबों के आवाज उठाने वाला कोई नहीं रहेगा और झारखंड के संसाधनों को पूंजीपतियों के हाथ में सौंप दी जाएगी लेकिन इसके विपरीत हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्म सोरेन ने पार्टी के बागडोर को संभाला और झारखंड में पार्टी ने लोकसभा चुनाव में जबरदस्त प्रदर्शन किया और बीजेपी चारों खाने चित हो गई।चंपई सोरेन के नेतृत्व में वर्तमान गठबंधन की सरकार भी बेहतर कार्य कर रही है और लोगों के उम्मीदों पर खरा उतर रहे हैं?।केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी ने कहा कि रामगढ़ जैसे क्षेत्र में हजारों कि संख्या में कार्यकर्ताओं को जुटना ही बतला रहा है कि इस बार गठबंधन की जीत निश्चित है। चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि भाजपा की सरकार झारखंड के विकास नहीं होने देना चाहती है जब हेमंत सोरेन ने गरीबों को योजनाओं का लाभ देना शुरू किया वैसे ही गलत केस में जेल भेजने का काम किया लेकिन झारखंड के जनता ने लोकसभा में इसका जवाब दे दिया और आने वाले विधानसभा चुनाव में भी सिखाएगी। जिला सचिव सन्नू सिद्दकी ने कहा कि झारखंड का विकास झारखंड मुक्ति मोर्चा से ही सम्भव है।

भाजपा ने झारखंड के संसाधनों को अडानी अंबानी जैसे पूंजीपतियों को देना चाहती थी लेकिन हेमंत सोरेन ने इसे रोका और इसी कारण उन्हें एक साजिश के तहत जेल भेज दिया गया। कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से राजेंद्र सिन्हा को डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाने की सहमति देते हुए पार्टी से मांग करने की मांग की। कार्यक्रम में नन्हे खान छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम, देवानंद भारद्वाज, वरिष्ठ नेता बबलू सिंह, रंजीत दुबे, शिव शंकर राम, रविन्द्र प्रजापति,रामजी राम, शिवनाथ भुइंया, मुस्ताक अंसारी, हरिलाल भुइंया, शिवनन्दन राम, जगदीश राम सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साहिबगंज में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर आजसू ने किया हल्ला बोल कार्यक्रम

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहिबगंज।** जिले में व्याप्त अनियमितता,भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर आजसू के जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडेय के नेतृत्व में साहिबगंज सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में हल्ला बोल कार्यक्रम किया।जहाँ कार्यकर्ता अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर नारेबाजी करते नजर आए।




जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडेय ने कहा कि जमीन संबंधी दाखिल–खारिज हेतु अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का अविलंब निष्पादन किया जाए तथा पंजी–2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का समाधान किया जाए।उन्होंने कहा कि.वर्तमान में अबुआ आवास हेतु चयन में पारदर्शिता लायी जाए तथा जरूरतमंद एवं निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ मिलें। श्री पाण्डेय ने सभी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की।मौके पर जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे,जिला उपाध्यक्ष मणिकांत मिश्रा,जिला सचिव विभास साह,प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत दुबे,राम प्रवेश यादव,गोविंद पासवान,नगर अध्यक्ष संतोष पासवान,प्रखंड सचिव वकील मंडल,मोहम्मद तनवीर,विश्वनाथ भगत,महिला मोर्चा से मेरी पहाड़ी,शांति पहाड़ी,बेबी पहाड़ी,तनु पहाड़ी,महिला मोर्चा की जिला सचिव दुर्गावती देवी, कौशल्या देवी,रूबी देवी,गीत देवी,लीला देवी,सुरेश्वरी देवी,नेहा देवी सहित आजसू के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**मुख्य मांगे**

1 जमीन संबंधी दाखिल–खारिज हेतु अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का अविलंब निष्पादन किया जाए तथा पंजी–2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का समाधान किया जाए।
2.वर्तमान में अबुआ आवास हेतु चयन में पारदर्शिता लायी जाए तथा जरूरतमंद एवं निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ मिलें।
3.मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का कियान्वयन एवं भुगतान यथा शीघ्रकिया जाए ताकि वर्षा से पहले कार्य को पूर्ण किया जा सके।
4.छात्र–छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु जाति,आय एवं आवासीय प्रमाण–पत्र बनवाने में शीघ्रता लाई जाए ताकि गरीब एवं निर्धन परिवार के अध्ययनरत छात्र–छात्राएँ छात्रवृति से वंचित न हो।
5.सभी किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर किया जाए ताकि खेती पर निर्भर रहने वाले किसानों को समुचित लाभ हो सके।
6.प्रखण्ड में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है ।अतः भीषण गर्मी को देखते हुए प्रखण्ड में 24 घण्टे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।
7.प्रखण्ड/अंचल कार्यालय में पदस्थापित समस्त कर्मियों की उपस्थिति सरकारी नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए,ताकि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामवासियों का कार्य सरलतापूर्वक हो सके।
8.सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता दी जाए।
9.सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्बाध रूप में किया जाए।

# खुशखबरी : मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन की बड़ी बाधा हुई दूर, अब रफ्तार पकड़ेगा निर्माण कार्य

लोकतंत्र की आवाज

**रंजीत कुमार विद्यार्थी**
**मुंगेर।** भागलपुर, मुंगेर और बांका जिले के नए फोरलेन सड़क को लेकर ताजा जानकारी सामने आयी है. दो अलग-अलग प्रोजेक्ट के पूरा होने का इंतजार जिलेवासियों को है. मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि पर जिला प्रशासन ने जानकीनगर से नौवागढ़ी के बीच साढ़े चार किलोमीटर जमीन का पॉजिशन एनएचएआई को दिलवाय है. जबकि दूसरे प्रोजेक्ट में भागलपुर-भलजोर फोर लेन सड़क निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गयी है.




**मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन निर्माण का कांटा दूर हुआ :** मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि पर जिला प्रशासन ने जानकीनगर से नौवागढ़ी के बीच साढ़े चार किलोमीटर जमीन का पॉजिशन एनएचएआई को दिलवाया. इसे लेकर कई बार रैयत और प्रशासन आमने-सामने हुआ, लेकिन प्रशासन की सख्ती के बीच रैयतों को पीछे हटना पड़ा. गुरुवार को शेष बचे डेढ़ किलोमीटर जमीन पर पॉजिशन दिलाने का काम किया जायेगा.तैयारी के साथ पहुंची जिला व पुलिस प्रशासन ने दिलाया पॉजिशन. बताया जाता है कि जानकी नगर से नौवागढ़ी के बीच फोरलेन निर्माण कार्य जमीन पर पॉजिशन नहीं मिलने के कारण लंबे समय से बाधित था. लेकिन बुधवार को प्रशासनिक पदाधिकारी दलबल के साथ पॉजिशन दिलाने पहुंचे और कार्रवाई की और साढ़े चार किलोमीटर में एनएचएआई को पॉजिशन दिलवा दिया.

**कहां फंसा था पेंच :** मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन प्रोजेक्ट को लेकर बताया जाता है कि जानकीनगर चंदनपुर से नौवागढ़ी के बीच कुल 06 किलोमीटर जमीन पर एनएचएआई को पॉजिशन दिलाया जाना था. भूमि अधिग्रहित होने के बावजूद रैयतों के विरोध के कारण भूमि पर पॉजिशन नहीं मिल रही थी. इस कारण फोरलेन का निर्माण कार्य वर्षों से बाधित पड़ा हुआ था. शेष बचे डेढ़ किलोमीटर जमीन पर एनएचएआई को गुरुवार को पॉजिशन दिलाने का काम करेगी और इसमें बाधक बनने वाले रैयतों पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी.

**भागलपुर-भलजोर फोरलेन सड़क का काम शुरूः** इधर, भागलपुर-भलजोर फोरलेन सड़क मार्ग निर्माण की तैयारी शुरू हो गयी है. बुधवार को कतरिया नदी पुल से रजौन बाजार की ओर सड़क मापी कार्य शुरू हुआ. इस काम में एनएच डिविजन के इंजीनियर व अंचल अमीन लगे थे. सड़क के दोनों किनारों की जमीन मापी गयी. अंचल अमीन सुरेंद्र प्रसाद राउत ने बताया कि रजौन बाजार में सड़क निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि मौजूद नहीं है. फोरलेन सड़क बनाने के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जायेगा. रजौन बाजार में सड़क के लिए मात्र 110 फीट जमीन उपलब्ध है. फोर लेन सड़क निर्माण के लिए सड़क के पूर्वी व पश्चिमी छोर पर कई मकान सड़क की जद में आ रहे हैं, ऐसे मकानों को अधिग्रहण कर तोड़ा जायेगा. वर्तमान सड़क के दोनों ओर फोर लेन सड़क बनायी जायेगी.

## कांवरिया सेवा शिविर में सभी व्यवस्था रहेगी निःशुल्क



लोकतंत्र की आवाज

- शिव पार्वती सेवादल के अधिकारियों ने बैठक कर लिया निर्णय
- प्रत्येक तीन दिन पर कार्यालय प्रभारी होंगे चेंज

**मुंगेर।** 2024 के सावन माह में एक महीने तक निशुल्क सांवरिया सेवा शिविर के सफल संचालन के लिए मंगलवार की देर रात मयूर चौक दुर्गा स्थान परिसर में शिव पार्वती सेवा दल के अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की आपातकालीन बैठक अजय भगत की अध्यक्षता आयोजीत की गयी। बैठक में 2023 के आय व्यय को प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात इस वर्ष श्रावणी माह में शिविर बेहतर तरीके से चले, इस पर विचार विमर्श किया गया।

मौके पर सचिव राम प्रसाद साहब ने कहा कि शिव पार्वती सेवा दल के द्वारा वर्ष 2008 से ही प्रत्येक श्रावण माह में पूरे सावन निशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी शिविर में सभी कांवरियों के लिए निशुल्क भोजन, उनके सोने की व्यवस्था, शौचालय ,,स्नानागार एवं शाम और सुबह मनोरंजन के लिए जागरण कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष शिविर में हम लोग सीमेंटेड एवं आधुनिक मूत्रालय तथा साफ सफाई वाले शौचालय पर विशेष ध्यान देंगे एवं खान-पान वाले क्षेत्र पर हाइजीनिक तथा पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करवाएंगे। साथ ही शिविर के सफल संचालन के लिए प्रत्येक 3 दिन पर कार्यालय प्रभारी बदले जाएंगे।

प्रत्येक कार्यालय प्रभारी के साथ 15 सदस्य टीम मुंगेर से साथ कावरियो के सेवा के लिए जाएगी।उन्होंने कहा कि एक माह तक सभी कांवरियों को निशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने मुंगेर के लोगों से इस शिविर के सफल संचालन के लिए सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सावन में पांच सोमवारी का दुर्लभ सहयोग है 21 जुलाई सोमवार से शिविर आरंभ हो जाएगा जो 18 अगस्त सोमवार तक चलेगा। मौके पर हरिप्रसाद साह,सुशील कुमार, राजू झा, आकाश कुमार, अमित कुमार दीपू, दिलीप कुमार लालू, अरुणेश कुमार, निर्भय कुमार बबलू, संतोष कुमार, देवनारायण डब्लू, धीरज कुमार, सुनील कुमार जख्मी सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### रफीगंज के काड़ी गांव के पीड़ित से मिलकर कांग्रेस नेताओं ने ली जानकारी

लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र,( मगध ब्यूरो)



औरंगाबाद। जिले के रफीगंज प्रखंड के बलार पंचायत के काड़ी गांव में दो दिन पहले हुई गैंगरेप के मामले को लेकर कांग्रेस पूर्व उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह, हस्सान सिद्दीकी ,सुजीत कुमार सिंह ,अजीम खां,रामराज सिंह,गुलाम सरवर ने गांव का दौरा किया। घटना की काफी निंदा किया और बिहार सरकार को जमकर आलोचना किया।पीड़िता रफीगंज से अपनी रोजी-रोटी के लिए प्रतिदिन जो काम करती है उसे निपटाकर घर को लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में कुछ अपराधियों ने बेहोश कर उसके साथ दुष्कर्म किया। कांग्रेसी नेताओ ने प्रशासन से शीघ्र ही मामला को खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग किया।

### ट्रेन के चपेट में आने से दो अज्ञात लोगों की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस



लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र( मगध ब्यूरो)
पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेल खंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन के मई गुमटी एवं गोरडीहा -लहास गांव के समीप अलग-अलग समय में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि रफीगंज रेलवे स्टेशन से सुचना मिली की अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई है। पहली घटना गोरडिहा एवं लहास गांव के समीप पोल संख्या 501/22एवं 24 के बीच हुई। मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष बतायी जा रही है। ट्रेन की चपेट में आने के कारण इनके शरीर पर कोई भी कपड़ा नहीं था। दूसरी घटना मई गुमटी के समीप पोल संख्या 504/6 एवं 8 के बीच हुई। मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष है। मृतक ब्लू रंग का लूंगी एवं काला रंग का टी शर्ट गोल गल्ला का पहने हुए हैं। देखने से प्रतीत होता है कि दोनों मजदूरी करने के लिए घर से निकले होंगे। वृहस्पतिवार की लगभग 2 बजे दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। शव की पहचान नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम के बाद रफीगंज शव गृह में पहचान के लिए रखा जाएगा।72 घंटा तक शव की पहचान नहीं होने पर शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### रेहड़ी में मारपीट में चार लोग घायल

लोकतंत्र की आवाज
धर्मेद्र कुमार शर्मा, पकरीबरावां। धमौल थाना के रेहड़ी गांव में मारपीट में चार लोग घायल हो गए। बताया गया कि जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट में मुकेश कुमार, टुनी देवी, पूजा कुमारी एवं अरूणा देवी घायल हो गए। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में किया गया। मुकेश कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया है।

### बालू लदे ट्रैक्टर को किया गया जब्त

लोक तंत्र की आवाज़
रौशन कुमार सोनू, कौआकोल( नवादा )। कौआकोल पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के नाटी नदी सरौनी बालू घाट से अवैध रूप से खनन कर बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जबकि पुलिस आते देख ट्रैक्टर चालक वहां से फरार हो गया। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी अपूर्व सिंह द्वारा कौआकोल थाना में वाहन मालिक एवं एवं चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। तथा अवैध बालू खनन किए जाने को लेकर वाहन मालिक के उपर दो लाख छप्पन हजार एक सौ पच्चीस रूपया जुर्माना लगाया गया है।

### 25 लाख रुपये की लागत से किशनगंज के मारिया नदी पर बना पुल धंसा



लोकतंत्र की आवाज
किशनगंज/डा. रूद्र किंकर वर्मा। अररिया में करोड़ों की लागत से बनी पुल घ्वस्त की जांच अभी पूरी भी नहीं हुई की 10 दिन के भीतर सूबे में करप्शन का एक और पुल धंस गया।70 मीटर लंबा यह पुल बहादुरगंज और दिघलबैंक प्रखंड को जोड़ता था। किशनगंज में मारिया नदी पर बना पुल धंस जाने से बहादुरगंज और दिघलबैंक से संपर्क टूट गया इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।ये पुल 2011 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 25 लाख रूपये की लागत से बना था। ये 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा है। इसके टूटने से दो प्रखंडों के लाखों लोग परेशानी में पड़ गए हैं। बताते चलें कि किशनगंज में बुधवार की शाम 13 साल पुराने पुल का एक हिस्सा ढह गया, जिससे दर्जनों गांवों के 40,000 लोगों का मुख्य भूमि से संपर्क टूट गया। 2011 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 25 लाख रूपये की लागत से बनाया गया 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा पुल लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ के पानी के तेज बहाव के कारण ढह गया। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रशासन ने पुल के दोनों ओर बैरिकेडिंग लगाकर यातायात रोक दिया है। यह पुल किशनगंज जिले के बहादुरगंज प्रखंड अंतर्गत बांसबाड़ी गांव के पास श्रवण चौक पर स्थित है। ग्रामीण निर्माण विभाग (आरडब्ल्यूडी) के कार्यकारी अभियंता श्रवण साहनी ने कहा कि हमने नियमित निगरानी के बाद विभाग को पत्र लिखा है।

## नीट पेपर लीक से संबंधित सभी को स्पीडी ट्रायल चलाकर अविलम्ब किया जाय गिरफ्तारः डा. शत्रुघ्न मंडल

लोक तंत्र की आवाज़

**अररिया।** वंचित मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह अररिया लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डा. शत्रुघ्न मंडल ने नीट पेपर लीक से संबंधित सभी को स्पीडी ट्रायल चलाकर अविलम्ब गिरफ्तार करने की मांग की है। डा. मंडल ने कहा कि छात्र व छात्राओं के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जरूरत पड़ी तो इस मामले में वंचित मुक्ति मोर्चा राज्यव्यापी आंदोलन भी करेगा।



उन्होंने कहा कि नीट 2024ः सिर्फ पेपर लीक ही नहीं हुआ, नीट एग्जाम में और भी गड़बड़ियां सामने आई है । सूत्रों का कहना है कि मामले की जांच सिर्फ नीट 2024 पेपर लीक तक सीमित नहीं है। इसमें असली कैंडिडेट की जगह दूसरों के एग्जाम देने, एग्जाम सेंटर में चींटिंग कराने जैसे आरोप भी लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि मामला भयंकर है ईडी को मामले में संज्ञान लेकर छानबीन करनी चाहिए।

## नवादा नगर परिषद की बैठक में हुआ जमकर बवाल स्थिति को बिगड़ते देख बैठक से भागी मुख्य पार्षद

लोक तंत्र की आवाज़

**नवादा।** गुरूवार को नगर भवन में आयोजित नगर परिषद नवादा की बैठक में जमकर बवाल हुआ। बैठक में उपस्थित सभी वार्ड पार्षदो ने मुख्य पार्षद पर मनमानी का आरोप लगाते हुए धक्कम-मुक्की करते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। बताया जाता है कि नवादा नगर परिषद की मुख्य पार्षद पिन्की कुमारी के द्वारा गुरूवार को नगर भवन में सामान्य बैठक बुलाई गई थी।



बैठक में 9 एजेंडा पर विचार-विमर्श किया जाना था, लेकिन सभी एजेंडा पर मुख्य पार्षद के द्वारा मनमानी की जा रही थी, तभी उपस्थित वार्ड पार्षदों ने विरोध करना षुरू कर दिया, जिससे बैठक का माहौल बिगड़ गया। स्थिति को बिगड़ते देख बगैर एजेंडा पर चर्चा किए मुख्य पार्षद बैठक का रजिस्टर कार्यपालक पदाधिकारी से लेने का प्रयास करते हुए बैठक छोड़कर जाने लगी। कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा जब रजिस्टर नहीं दिया गया तब मुख्य पार्षद ने उनसे जबरन रजिस्टर लेने लगी, तभी वार्ड पार्षदों ने उनसे रजिस्टर को छिनते हुए धक्कम-मुक्की करने लगे। बीच बचाव करने आए मुख्य पार्षद के पति पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव के साथ भी वार्ड पार्षदों ने नोक-झोक करते हुए रजिस्टर को छिनने का प्रयास किया।

वार्ड पार्षदों ने मुख्य पार्षद पिन्की कुमारी के उपर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्य पार्षद को नगर का विकास से कोई लेना देना नहीं है, सिर्फ उन्हें सभी योजनाओं में मोटी कमीषन चाहिए। वहीं कहा गया कि नगर परिषद का गठन हुए लगभग डेढ़ वर्ष बीत चुका है, लेकिन मुख्य पार्षद एक दिन भी कार्यालय नहीं आई और ना ही किसी बैठक में उपस्थित हुई है। मौके पर सभी वार्ड पार्षद मौजूद थे।

## वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा द्वारा बिरौल थाना पर बिरौल/बेनीपुर अनुमंडल अंतर्गत सभी थानों के लंबित कांडो का समीक्षा एवं त्वरित निस्पादन हेतु किया गया अनुसंधान मीटिंग

लोक तंत्र की आवाज

**मुरारी झा**
**दरभंगा।** वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ जल्ला रेड्डी के द्वारा बिरौल थाना पर उपस्थित होकर बिरौल/बेनीपुर अनुमंडल अंतर्गत सभी थानों के लंबित कांडो का समीक्षा एवं त्वरित निस्पादन हेतु मीटिंग का आयोजन किया गया।



जिसमें ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, दरभंगा/ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिरौल/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेनीपुर/ अंचल पुलिस निरीक्षक बिरौल/ अंचल पुलिस निरीक्षक बहेड़ा /सभी थानाध्यक्ष एवं अन्य सभी पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमे निम्न दिशा निर्देश दिए गए समीक्षा के क्रम में कांड दैनिकी अद्यतन रखने एवं माह जून/जुलाई में निष्पादित होने वाले कांडो को भी चिन्हित कर निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश गए , थाना के प्रतिवेदित कांडो का समीक्षा की गई, सीसीटीएनएस थाना सिरिस्ता संबंधित कार्यो की अद्यतन रखने का निर्देश ,सभी पंजी को अद्यतन रखने हेतु निर्देश ,थाना के कार्यों के बटवारा के बिंदु पर सभी शाखा प्रभारी की कार्यों की समीक्षा कर अद्यतन रखने का दिशा निर्देश ,कांड का अनुसंधान गुणवतापूर्ण अनुसंधान करने हेतु दिशा निर्देश ,शराब माफियाओं के क्रय विक्रय पर लगाम लगाने हेतु दिशा निर्देश और थाना क्षेत्र में सघन गश्ती हेतु दिशा निर्देश दिए है।।

## अग्निपीड़ितों को मिला मुआवजे का चेक

लोकतंत्र की आवाज

**मुरारी झा**
**घनश्यामपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय में बुधवार देर शाम को सीओ पवन कुमार साह ने बूढ़ेव इनायातपुर पंचायत स्थित भरसाहा में 12 अग्नि पीड़ित परिवारों को आपदा राहत के तहत चेक के माध्यम से 12000 की दर से 144000 का वितरण किया।मौके पर अंचल नाजिर संजीत कुमार एवं राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार पुनहद पंचायत के मुखिया संजीव सिंह की उपस्थिति में लाभार्थियों को चेक के माध्यम से राशि उपलब्ध कराया।



बताया जाता है कि 22 अप्रैल को भरसाहा टोल में महादलित परिवार के घरों में अचानक आग लगने से 12 परिवार के घर जलकर खाक हो गया। सीओ ने राजस्व कर्मचारी के जांच प्रतिवेदन के बाद सभी पीड़ित परिवार के सदस्यों को राशि उपलब्ध कराया। राशि वितरण के दौरान सीओ पवन कुमार साह ने गरीब परिवार के सदस्यों को कहा कि जो राशि आपदा राहत के तहत मुहैया कराया जा रहा है उसे सही रूप में खर्च करें। सीओ ने निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए गरीब परिवार के सदस्य अपने घर में सुबह आठ बजे एवं शाम छह बजे से पूर्व खाना बनाना निश्चित रूप से सुनिश्चित करें ताकि अग्निकांड से बचाव हो। महिलाएं खाना बनाने के दौरान सूती वस्त्र पहन कर ही खाना बनाने का प्रयोग करें एवं खाना बनाने के दौरान एक बाल्टी पानी निश्चित रूप से रसोई घर में रखें ।

## अभिनय आपके व्यक्तित्व को निखारता है:सागर इंडिया

लोकतंत्र की आवाज

**आर्यन मोहन**
**नवादा।** शहर में गुरुवार को वर्षा फाउंडेशन द्वारा आयोजित द्वारा दस दिवसीय नाटक कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। नवादा में आयोजित इस कार्यशाला में कई जिले से बच्चे आए हुए हैं, वर्षा फाउंडेशन के सचिव सागर इंडिया ने, कार्यशाला के रूपरेखा बच्चों के सामने रखा इस कार्यशाला में, बच्चों के अभिभावक की भी सलाह ली गई, सभी ने इस कार्यशाला की सराहना की, और जिले में रंगशाला के कमी को भी महसूस किया, इस कार्यशाला की संयोजिका अनुराधा पंडित ने, बच्चों को रंगमंच से जोड़ने की जिले वासियों से अपील की।




मौके पर कार्यशाला के शुभारंभ अतिथि समाजसेवी जितेंद्र प्रताप जीतू, वरिष्ठ रंगकर्मी विनोद कुमार, राहुल राज, अनीश कुमार, कौशल यादव, दिपू पंडित, किशोरी पंडित आदि मौजूद रहे, फिल्म अभिनेता सागर इंडिया ने जिले में रंगशाला को लेकर भी बात रखी, वह पिछले कई सालों से, जिला पदाधिकारी, विभागीय पदाधिकारी, पूर्व सांसद, वर्तमान सांसद, विधायक, पूर्व कला मंत्री के पास जिले में रंगशाला बनाने को लेकर हमेशा मांग उठते रहे, लेकिन मिला तो सिर्फ आश्वासन, जितेंद्र प्रताप जीतू ने जिले में रंगशाला बनाने को लेकर अपना समर्थन दिया और जिले की मांग को लेकर प्रयासरत रहने का वादा किया।

फिल्मअभिनेता सागर इंडिया ने, रंगमंच को लेकर अपनी बात रखी ?, कार्यशाला में प्रशिक्षण लेने आए कौस्तुब कुमार, पीहू कुमारी, रिया कुमारी ने इस कार्यशाला को बेहतर अवसर बताया।

## विकल्प जरूरी, तभी हो सकता है प्रदेश का विकास : जनसुराज विचार मंच

लोकतंत्र की आवाज

**रंजीत कुमार विद्यार्थी**
**मुंगेर ।** जनसुराज अभियान के प्रणेता प्रशांत किशोर की आमजन तक पहुंच बनाने को लेकर गठित जनसुराज विचार मंच की एक बैठक मुंगेर में संपन्न हुई. जिसमे बिहार के संपूर्ण विकास में हमारी भूमिका विषय पर उपस्थित विद्वतजनो ने विचार व्यक्त करते हुए कहा की बिहार के विकास की खातिर विकल्प निहायत हीं जरुरी है. बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत सहायक निदेशक डा. पीएम सहाय ने किया तो मंच पर सेवा निवृत सहायक निदेशक डा. सुधीर कुमार व आप के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह आसीन थे.

गोष्ठी में मंच के जिला संवाद प्रहरी संतोष सहाय ने मंच के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा की परंपरागत राजनीतिक पार्टियां आम लोगों को पंगु बना चुकी है। धर्म और जाति के अंध-दौड़ में उलझा कर मूलभूत विकास से वंचित किया जा रहा है, ऐसे में परिवर्तन होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंच के सूत्रधार प्रशांत किशोर एक चर्चित राजनीतिक रणनितकर है। उनके साथ अच्छे व शिक्षित लोगों की समर्पित सशक्त टीम है। बिहार को लेकर उनका दृष्टिकोण साफ है। उन्हें बिहार की कृषि, शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा और उद्योग आदि मामले में जिला से लेकर राज्य तक की अपेक्षा की जानकारी जमीनी स्तर पर है। वे बेहतर लड़ाई दे सकते हैं यानी सशक्त विकल्प बन सकते हैं।




योगाचार्य राजीव ने कहा की हमे मूलभूत सुविधा भी नही मिल रही है. प्रशांत किशोर के विचारों से सहमति जताते हुए सचिन प्रकाश, नवीन कुमार, दिनेश सिंह ने कहा की वे जनसुराज से जरूर जुड़ कर प्रदेश के विकास में सहभागी बनने को तैयार हैं. समाजसेवी ऋतुराज ने कहा की आम लोगों को ही वोट के नाम पर सालों से ठगने वालों को पहचानना होगा और दल बदलू नेताओं से बचना होगा। समाज के प्रति ईमानदार और समर्पित लोगों को आगे बढ़ाने में सहयोग देना होगा। तभी बिहार की दशा और दिशा बदल सकती है। डा. सुधीर कुमार सहित अध्यक्षता कर रहे डा. पीएम सहाय ने शिक्षा व स्वास्थ्य के स्तर में सुधार पर बल देते हुए प्रशांत किशोर द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की. बैठक में सेवा निवृत प्रबंधक सुरेश कुमार सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार बलदेव सिंह, प्रणव कुमार, राजकुमार सिन्हा, पत्रकार सैफ अली, राजकुमार सिन्हा, अशोक सिन्हा संजय यादव, शुभंकर झा सहित अन्य शामिल थे.

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।